






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 166

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

शनिवार | 30 मार्च, 2024


# मुख्तार अंसारी आज होगा सुपुर्द-ए-खाक

## बांदा डीएम की संस्तुति पर मुख्तार की मौत मामले की न्यायिक जांच के आदेश सीजेएम ने जारी किए

- ओवैसी बोले, यूपी में कानून से नहीं, बंदूक के शासन से चलाया जा रहा

जन एक्सप्रेस । बांदा

उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी की कार्डियक अरेस्ट से गुरुवार रात को मौत हो गई। उसे उल्टी की शिकायत और बेहोशी की हालत में रात 8:25 बजे जेल से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। 9 डॉक्टरों ने इलाज किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। शुक्रवार को 3 डॉक्टरों के पैनल सहित 5 लोगों की टीम ने मुख्तार का पोस्टमॉर्टम किया। सुबह 11 बजे शुरू हुआ पोस्टमॉर्टम दोपहर 1.30 बजे तक चला। पोस्टमॉर्टम की प्राइमरी रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट अटैक बताई गई है। शाम 5 बजे उसकी बॉडी बांदा से गाजीपुर रवाना हो गई है। मुख्तार का शव परिजन को सौंपा। जिसके बाद सड़क के रास्ते मुख्तार को पुश्तैनी घर गाजीपुर लाया गया। यहां शनिवार को काली बाग कब्रिस्तान में उसे सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इसी बीच मुख्तार के बेटे उमर ने बांदा डीएम को पत्र लिखा। मांग की है कि पिता मुख्तार का दिल्ली एम्स में पोस्टमार्टम कराया जाए। हमारे परिवार को बांदा की चिकित्सा व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। उधर, बांदा डीएम की संस्तुति पर मुख्तार की मौत मामले की न्यायिक जांच के आदेश सीजेएम ने जारी किए हैं। इधर, पूरे राज्य में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मऊ और गाजीपुर में धारा 144 लागू कर दी गई है। बांदा में भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। डीजीपी मुख्यालय ने भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।




### अब्बास अंसारी को नहीं मिली हाई कोर्ट से राहत, पिता मुख्तार के जनाजे में जाने के लिए लगाई थी याचिका

पिता मुख्तार अंसारी के जनाजे में शामिल होने के लिए विधायक बेटे अब्बास अंसारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। लेकिन अब्बास अंसारी को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। एमपी-एमएलए से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच में अर्जी मेंशन होनी थी। यह बेंच आज नहीं बैठी और इसके मुकदमे जस्टिस समित गोपाल की बेंच में ट्रांसफर कर दिए गए। फिर जस्टिस समित गोपाल की बेंच ने दूसरी बेंच से आए किसी भी मुकदमे को सुनने से इनकार कर दिया है। इस वजह से अब्बास के वकील की अर्जी हाईकोर्ट में मेंशन नहीं हो सकी। अंसारी परिवार अब सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल करने की तैयारी में जुट गया है। सूत्रों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट में वकील अर्जी दाखिल करेंगे।

### पोस्टमॉर्टम की प्राइमरी रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि

पोस्टमॉर्टम की प्राइमरी रिपोर्ट में मुख्तार की मौत हार्ट अटैक से होने की पुष्टि हुई है। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर्स ने बताया कि 5 सदस्यीय टीम ने पोस्टमॉर्टम किया। इसमें तीन बांदा जिला अस्पताल, एक पीजीआई (लखनऊ) और एक बांदा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर हैं। डिटेल रिपोर्ट बाद में आएगी।

### दोनों केस, जिनके लिए मुख्तार और अफजाल को सजा मिली...

**कृष्णानंद राय हत्याकांड**, जिसके बाद मुख्तार का बुरा वक्त शुरू हुआ- मुख़्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी ने गाजीपुर की मोहम्मदाबाद विधानसभा सीट से 1985 से 1996 तक लगातार 5 बार चुनाव जीता था। 2002 के चुनाव में बीजेपी के कृष्णानंद राय ने अफजाल अंसारी को हरा दिया। तीन साल बाद 29 नवंबर 2005 को कृष्णानंद राय की हत्या कर दी गई। कृष्णानंद एक क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने गए थे। लौटते वक्त शूटर्स ने कृष्णानंद राय की कार को घेरकर एके-47 से 400 से ज्यादा गोलियां चलाई थीं। कृष्णानंद और उनके साथ मौजूद 6 लोग मारे गए। मुख्तार उस वक्त जेल में था, इसके बावजूद उसे इस हत्याकांड में नामजद किया गया।

**नंदकिशोर रूंगटा हत्याकांड:** कोयला कारोबारी को डील के बहाने उठाया और मर्डर बनारस के भेलूपुर में 1997 में कोयला कारोबारी नंद किशोर रूंगटा की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। नंद किशोर के भाई महावीर प्रसाद रूंगटा ने दिसंबर 1997 में भेलूपुर थाने में केस दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि 5 नवंबर 1997 को शाम 5 बजे मुख्तार अंसारी ने टेलीफोन पर धमकी दी थी। उनसे 5 करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी। इसमें से डेढ़ करोड़ रुपए वे दे चुके थे। महावीर प्रसाद ने मुख्तार अंसारी और अताउर रहमान उर्फ बाबू के खिलाफ केस दर्ज करवाया था। आरोप था कि नंद किशोर की हत्या मुख्तार के सबसे भरोसेमंद शूटर अताउर रहमान ने की थी। रहमान ने कोयला कारोबारी बनकर नंद किशोर को डील के बहाने बुलाया और उनकी हत्या कर शव प्रयागराज में ठिकाने लगा दिया।

### सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में जांच हो: अखिलेश यादव

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सरकार न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर जिस तरह दूसरे रास्ते अपनाती है, वो गैर कानूनी है। अखिलेश ने लिखा- हर हाल में और हर जगह पर किसी के जीवन की रक्षा करना सरकार का पहला दायित्व होता है। नीचे लिखे हालातों में मौत होना सरकार की न्यायिक प्रक्रिया से विश्वास उठा देगा-

- थाने में बंद रहने के दौरान
- जेल के अंदर आपसी झगड़े में
- जेल के अंदर बीमार होने पर
- न्यायालय ले जाते समय
- अस्पताल ले जाते समय
- अस्पताल में इलाज के दौरान
- झूठी मुठभेड़ दिखाकर
- झूठी आत्महत्या दिखाकर
- किसी दुर्घटना में हताहत दिखाकर

### हाईलेवल जांच हो, सच सामने आए: मायावती

मायावती ने एक्स पर लिखा, मुख्तार के परिवार द्वारा जो गंभीर आरोप लगाए गए हैं, उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है, ताकि उनकी मौत का सच सामने आ सके। ऐसे में उनके परिवार का दुखी होना स्वाभाविक है। कुदरत उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति दे।

### मौत की सीबीआई जांच हो: चंद्रशेखर

आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया पर लिखा- पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का असामायिक निधन बेहद दुखद है। मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति हैं। प्रकृति उन्हें यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। पहले ही उन्होंने अपनी हत्या की आशंका व्यक्त की थी। मैं हाईकोर्ट से उनकी मौत की सीबीआई जांच की मांग करता हूं।

### सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान ले: पप्पू यादव

मुख्तार की मौत पर कांग्रेस नेता पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश इसका स्वतः संज्ञान लें। उनके दिशा-निर्देश में निष्पक्ष जांच हो। कई दिन से वह आरोप लगा रहे थे कि उन्हें धीमा जहर दिया जा रहा है। उनके सांसद भाई ने भी यह आरोप लगाया था। **देश की संवैधानिक व्यवस्था के लिए अमिट कलंक!**

### ये मौत नहीं हत्या की साजिश है: स्वामी प्रसाद

राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा-यह स्वाभाविक मौत नहीं हत्या की साजिश लगती है। पहले डॉक्टरों के पैनल ने अस्पताल से डिस्चार्ज किया। कुछ घंटों बाद ही उनकी मौत, पारिवारिजनों द्वारा लगाए गए आरोप हत्या की साजिश की पुष्टि करती है। यहां तक कि पोस्टमॉर्टम भी हाईकोर्ट के किसी जज की देखरेख में ही किया जाना चाहिए।

### मुख्तार की मौत संदेह के घेरे में: शिवपाल

शिवपाल सिंह यादव ने एक्स पर लिखा, पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का निधन दुखद है। ईश्वर दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति दें। वहीं, शिवपाल ने मीडिया से बातचीत में कहा- मुख्तार के परिवार से हमारे पुराने रिश्ते रहे हैं। आजादी की लड़ाई में परिवार का योगदान रहा। मुख्तार अंसारी की मौत संदेह के घेरे में है। कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। जेल में मौत होती है तो सरकार की जिम्मेदारी होती है।

### सरकार ने उनके इलाज पर तवज्जो नहीं दिया: ओवैसी

मुख्तार की मौत के बाद असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया पर लिखा, अल्लाह से दुआ है कि वो मुख्तार अंसारी को मगफिरत फरमाए। उनके खानदान और उनके चाहने वालों को सब्र-ए-जमील अदा करें। गाजीपुर की आवाम ने अपने चहेते बेटे और भाई को खो दिया। मुख्तार ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए थे कि उन्हें जहर दिया गया था।

### मुख्तार के वकील ने एफआईआर दर्ज करने की दी तहरीर

माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के 24 घंटे के भीतर ही उनके वकील ने बाराबंकी की एमपीएमएल कोर्ट में अर्जी देकर मुख्तार के कथन को मृत्युकालीन बताते हुए एफआईआर दर्ज करने व बांदा जेल में सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित करने की अर्जी दे दी। शुक्रवार को गैंगस्टर मामले में मुख्तार अंसारी समेत उसके 12 अन्य साथियों की पेशी नियत थी। फिलहाल अदालत ने इस अर्जी पर कोई फैसला नहीं दिया है। बाराबंकी में मुख्तार अंसारी व उसके 12 साथियों पर फर्जी कागजों से एंबुलेंस पंजीकृत कराने के आरोप में जालसाजी व गैंगस्टर के मामलों में अलग-अलग अदालतों में सुनवाई चल रही है। मुख्तार अंसारी को बांदा जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश किया जाता था। शुक्रवार को एमपीएमएलए कोर्ट के विशेष जज अपर सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव की अदालत में पेशी थी।

# लॉर्ड अविमुक्तेश्वर वाद समेत दो मामलों में टली सुनवाई, पांच और आठ अप्रैल को पड़ी अगली तारीख

जन एक्सप्रेस । वाराणसी



सिविल जज सीनियर डिविजन/एफटीसी प्रशांत कुमार की अदालत में शुक्रवार को ज्ञानवापी से संबंधित एक मामले की सुनवाई टल गई। कोर्ट ने पांच अप्रैल की अगली तिथि नियत की है। लॉर्ड अविमुक्तेश्वर वाद में वादी हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्त व अजीत सिंह की तरफ से आवेदन देकर ज्ञानवापी के आराजी नंबर-9130 का अमीन से सर्वे कराने का अनुरोध किया गया है। कहा है कि उस आराजी पर जो भी देवदान और वस्तुएं पाई जाएं, उनकी रिपोर्ट दें। वादी के खर्चे पर फोटोग्राफी कराकर कोर्ट में दाखिल की जाए। इस पर अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से आपत्ति दाखिल की जानी है। बता दें कि विष्णु गुप्ता आदि ने कोर्ट में वाद दाखिल कर कहा कि गैर हिंदुओं के प्रवेश को वर्जित करने और ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे के दौरान मिले शिवलिंग के राग भोग व पूजा दर्शन एवं अन्य धार्मिक आयोजन करने की अनुमति देने की मांग की गई थी।

### ज्ञानवापी से संबंधित निगरानी अर्जी पर सुनवाई टली

एडीजे सप्तम की कोर्ट में शुक्रवार को ज्ञानवापी परिसर में उर्स सहित अन्य धार्मिक आयोजनों की मांग के मामले में हिंदू पक्ष के लोगों को पक्षकार बनाने के खिलाफ लंबित निगरानी अर्जी पर सुनवाई टल गई। पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। अब आठ अप्रैल को सुनवाई होगी। सिविल जज सीनियर डिवीजन/फास्ट ट्रैक कोर्ट की अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में उर्स सहित अन्य धार्मिक आयोजनों की अनुमति देने संबंधी मुख्तार अहमद के वाद में तृतीय पक्षकार हिंदुओं को बनाने का आवेदन स्वीकार किया है। इस आदेश के खिलाफ मुख्तार अहमद ने सत्र न्यायालय में निगरानी अर्जी दाखिल की है। इसी अर्जी पर सुनवाई होनी है।

# योगी आदित्यनाथ का आज हाथरस में आगमन स्थगित

## अब 1 अप्रैल को आएंगे, भाजपा प्रबुद्ध सम्मेलन में लेंगे भाग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 30 मार्च को हाथरस जिले में आगमन का कार्यक्रम स्थगित हो गया है। अब मुख्यमंत्री 1 अप्रैल को यहां आएंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी में भाजपाइयों के अलावा पुलिस-प्रशासन भी जुट गया है। बता दें कि हाथरस के आगरा रोड स्थित अग्रवाल सेवा सदन में 30 मार्च को भाजपा के बैनर तले प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया जाना था। सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित करना था, लेकिन एक दिन पहले किन्हीं कारणों से सीएम का कार्यक्रम दो दिन आगे बढ़ गया। अब मुख्यमंत्री 1 अप्रैल को यहां आएंगे। वह आगरा रोड स्थित अग्रवाल सेवा सदन में आयोजित होने वाले प्रबुद्ध सम्मेलन में शिरकत करेंगे। 29 मार्च को भी कार्यक्रम स्थल पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी पहुंचे और सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया। सेफ हाउस बनाए जाने के लिए आगरा रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम पहुंचे और व्यवस्थाओं का खाका खींचा। इधर, भाजपा पदाधिकारी भी कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हैं। लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले मुख्यमंत्री के इस दौरे को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

> प्रबुद्ध सम्मेलन को किन्हीं कारणों से 30 मार्च को स्थगित कर दो दिन आगे बढ़ा दिया गया है। अब 1 अप्रैल को प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाग लेंगे।
>
> **-शरद माहेश्वरी, जिलाध्यक्ष भाजपा।**

### बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड में सभी सात आरोपी दोषी करार, छह को आजीवन कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने बहुचर्चित राजू पाल हत्याकांड में सभी सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। मामले में विशेष न्यायाधीश ने आरोपी फरहान को अवैध हथियार रखने के आरोप में चार साल की कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जबकि आरोपी इसरार अहमद, रणजीत पाल, जावेद, आबिद, गुलशन और अब्दुल कवि को हत्या करने का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा पचास पचास हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रकरण में अतीक अहमद और अशरफ भी आरोपी थे। बीते दिनों अतीक व अशरफ की कुछ युवाओं ने हत्या कर दी थी। जीवित बचे आरोपियों को शुक्रवार को सीबीआई कोर्ट ने सजा सुना दी। 25 जनवरी, 2005 को इलाहाबाद पश्चिमी से बसपा विधायक राजू पाल की दिनदहाड़े गोलीबारी में हत्या कर दी गई थी। इस गोलीबारी में देवी पाल व संदीप यादव की भी मौत हुई थी। जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हुए थे। इस हत्याकांड से ठीक 16 दिन पहले विधायक राजू पाल की पूजा पाल से शादी हुई थी।

**रिपोर्ट** अब 85 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिक घर पर डाक मतपत्र का अनुरोध कर सकते हैं

# 85 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाता घर बैठे डाल सकेंगे वोट

- इसके लिए भारत चुनाव आयोग की वेबसाइट पर फॉर्म 12डी का उपयोग कर सकते हैं
- फॉर्म जारी होने के पांच दिनों के भीतर, बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) सहायता के लिए आएंगे
- इस पहल का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को घर से मतदान करने में सक्षम बनाना है

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित कराने के लिए चुनाव आयोग नागरिकों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करा रहा है। अब 85 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिक घर पर डाक मतपत्र का अनुरोध करने के लिए भारत चुनाव आयोग की वेबसाइट पर फॉर्म 12डी का उपयोग कर सकते हैं। फॉर्म जारी होने के पांच दिनों के भीतर, बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) सहायता के लिए आएंगे। फॉर्म 12डी ईसीआई वेबसाइट के होमपेज पर %उम्मीदवार नामांकन और अन्य फॉर्म% के तहत उपलब्ध है।जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार के अनुसार इस पहल का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को घर से मतदान करने में सक्षम बनाना है।

### मतदान केंद्र पर होगी पानी, व्हीलचेयर, शौचालय जैसी सुविधा

जिला प्रशासन प्रत्येक मतदाता, विशेषकर बुजुर्गों और महिलाओं को कवर करने के लिए सभी मतदान केंद्रों को पीने के पानी, बच्चों के खेलने के क्षेत्र, व्हीलचेयर और शौचालय जैसी प्रमुख सुविधाओं से लैस करने की दिशा में काम कर रहा है।

### सरोजिनी नगर मैं सबसे ज्यादा, कैंट में सबसे कम बूथ

सरोजिनी नगर निर्वाचन क्षेत्र 582 बूथों के साथ सबसे आगे है, इसके बाद बीकेटी 487, लखनऊ पूर्व 417, लखनऊ पश्चिम 414, मलिहाबाद 405, मोहनलालगंज 399, लखनऊ उत्तर 393 और लखनऊ सेंट्रल 339 बूथ हैं। विशेष रूप से, आगामी लोकसभा चुनावों में भाग लेने वाले मतदाताओं के लिए लखनऊ कैंट में सबसे कम 330 बूथ आवंटित किए गए हैं।

### मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाए हैं बूथ

प्रशासन ने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्र स्थापित करने की सावधानीपूर्वक योजना बनाई है।

### 295 बूथ कम हुए

2022 के विधानसभा चुनावों में, लखनऊ में 4062 बूथ थे, लेकिन उस समय चुनाव कोविड के डर के तहत हुए थे और सामाजिक दूरी एक आदर्श थी। हालाँकि, 2024 में लोकसभा चुनावों के दौरान, जिला प्रशासन ने 3767 बूथों की योजना बनाई है, जिससे 295 बूथों की उल्लेखनीय कमी आई है।

### बूथ मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1500

प्रति बूथ मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1500 निर्धारित की गई है, जिसके परिणामस्वरूप 2022 की तुलना में बूथों की संख्या में कमी आई है।

### ऊंची इमारतों में 14 मतदान केंद्र बनाये गये

इस वर्ष ऊंची इमारतों में 14 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। शहर के तेजी से हो रहे विस्तार और नवनिर्मित अपार्टमेंट में रहने वाली आबादी के कारण यह फैसला लिया गया है। चुनावी प्रक्रिया में समावेशिता और पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इन निवासियों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया था।

### 1.49 लाख मतदाता बढ़े

पिछले चुनाव की तुलना में मतदाताओं की संख्या में 1.49 लाख की बढ़ोतरी हुई है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान, मतदाताओं की कुल संख्या 38,04,114 थी, लेकिन अब (लोकसभा चुनाव) यह आंकड़ा 39,53,287 हो गया है, जो लखनऊ में 1,49,173 मतदाताओं की पर्याप्त वृद्धि का संकेत देता है।




# सांठ-गांठ से कट रहे प्रतिबन्धित पेड़ व संचालित हो रही अवैध कोयला भट्ठियां

**जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर**

जहाँ पर्यावरण के प्रति जागरुकता के चलते आये दिन सामाजिक संगटनो और सरकारी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और हरे पेडो के कटान आदि पर रोक लगाये जाने की जानकारियाँ दिया जा रहा है। वही वन विभाग सहित थाना पुलिस की सॉठ-गॉठ से हरे प्रतिबन्धित एवं फलदार पेडो का कटान किया जा रहा है और जेबे गर्म किया जा रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्रो मे थाना पुलिस के वरदहस्त से कटान ठेकेदारो से जेबें गर्म करके प्रतिबन्धित व फलदार पेडो का कटान कराया जा रहा है।

वहीं आम जनों के शिकायत पर कटान को अनदेखा भी किया जा रहा है। थाना मुख्यालयो, पुलिस चैकी के सामने से हरे पेडो के कटान से लदे वाहन गुजर रहे है और पुलिस अनदेखा कर रही है। वही वन विभाग भी जेबें गर्म करके चैन की नीद ले रहा है। वही खागा, खखरेडू सहित अन्य थाना क्षेत्रो मे अवैध कोयला भट्ठियों का संचालन भी सॉठ-गॉठ भी किया जा रहा है। जबकि गिनती की ही कोयला भट्ठियो के संचालको के पास लाईसेन्स है। बाकी बडी सख्या मे वन विभाग व पुलिस की सॉठ-गॉठ से संचालित हो रही है और प्रतिबन्धित पेडो का कटान करके भट्ठियो मे खपत किया जा रहा है।



सरकारों द्वारा पर्यावरण के सुधारने के नाम पर पेड़ों के लगाने के लिए करोड़ों रुपये प्रति वर्ष खर्च किये जा रहे है लेकिन पौधरोपड़ का कार्य हकीकत के बजाय फाइलों और सरकारी ऑकड़ों में ज्यादा किया जा रहा है। पर्यावरण के रक्षा के लिए सरकार की मनरेगा योजना से तालाबो की खुदाई करायी जा रही है। जिसमे लाखो करोड़ों का खर्च प्रति वर्ष आ रहा है लेकिन योजना का लाभ प्रधानो और सम्बन्धित विभाग के आलाधिकारियों सहित विभागीय लोगो की जेबे गर्म होकर ग्राम क्षेत्र के बजाय विभागीय लोगो का स्वरुप तेजी से बदल रहा है। इसी प्रकार पुरानी सभ्यता की यादगार एवं पर्यावरण के सन्तुलन को बनाये रखने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि नदियों का नामो निशान खत्म होने के कगार पर पहुँच गयी है। राजनैतिक दल पर्यावरण के मूल पर ही राजनैतिक रोटियॉ सेकनी शुरु कर दिया है। सरकारो सहित आम जनो को पर्यावरण के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी और पर्यावरण के रक्षा के लिए अहम् रोल अदा करना होगा। पर्यावरण दिवस मे एक पौध लगा देने मात्र से आपकी जिम्मेदारी समाप्त नही हो रही बल्कि शहरो के बजाय ग्रामीण क्षेत्रो मे सरकारी भूमि मे पौध रोपड आदि की सरकारो को छूट देनी होगी और पर्यावरण के प्रति जागरुकता के ठोस कदम उठाने होंगे।

# नहीं रुक रही मनमानी कोटेदार तौल रहे पुराने कांटे से गल्ला

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**




सरकार के तमाम प्रयास के बाद भी कोटेदारो की मनमानी पर नही रोक लगा पा रही। घटतौली की शिकायत पर शासन द्वारा सभी कोटेदारो को एक आधुनिक काटा उपलब्ध कराया गया कि लाभार्थी के राशन कार्ड के अनुसार ही तौल रखने के बाद ही लाभार्थी का अगूठा स्वीकार करगी। जिससे कोटेदारो की घटतौली को रोका जा सके और पात्र को योजना का भरपूर लाभ मिल सके लेकिन कोटेदारो द्वारा मामानी पर नही रोक लग पा रही है। हसवा ब्लाक के औराई गांव के कोटेदार सीमा देवी घटतौली और गरीबों के हक का निवाला कोटेदार विभागीय सिस्टम मे होने के कारण खुलेआम डाका डाल रहा है। आपको बताते चलें कि राशन की कटौती को कम करने के लिए सरकार ने मशीन के साथ इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी सेट कर दिया है। जिसे इस महीने से लागू कर दिया गया है लेकिन विकास खंड हसवा के औराई गांव के कोटेदार पुराने इलेक्ट्रॉनिक कांटा से कार्ड धारकों को राशन तौल रहा है। इतनी सख्ती होने के बाद भी कोई सुधार नही आ रहा है। अगूठा लगवाकर कार्ड धारकों को ठेगा दिखानें का काम सर्वर के नाम पर गल्ला भी नही दिया जाता है हालात यहा तक है कि कार्ड धारकों को तीन-तीन दिन आने और जानें पर प्रत्येक कार्ड धारक तीन से चार किलोग्राम की कटौती करता है। वही जब इस कटौती के बारें मे जानकारी चाहीं गई तो बताया कि जनपद मे सब अधिकारियों को समझना पड़ता है। सबसे बडी बात यह है आखिर प्रत्येक कार्ड धारकों से कटौती के बाद आखिर उस बढे हुयें गल्लें को कोटेदार ठिकानें लगानें मे अकेलें ही शामिल नहीं है। इस भ्रष्टाचार के सिस्टम में हर महीनें क्षेत्रीय सप्लाई इस्पेक्टर हर माह मलाई काटते है। वहीं मामले की जानकारी विभाग के क्षेत्रीय इंस्पेक्टर से प्राप्त किया गया तो उन्होंने कहा दो-तीन दिन में जांच पूरी कर अवगत कराया जाएगा।

# निर्धारित अवधि के अंदर बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरी तरह समाप्त हो चुका है। उपनियंत्रक रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि इस वर्ष मूल्यांकन केन्द्र हाईस्कूल एवं इण्टर की परीक्षा की 1,13,662 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने उप नियंत्रक सहित सभी परीक्षको को निर्धारित समय के भीतर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा करने के लिए बधाई दी। इस वर्ष हाई स्कूल में 63453 और इण्टर में 50209 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी गई थी। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल में 25 और इण्टर में 40 टोली लगाई गई थी। सभी विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो चुका है। अब सभी विषयों के अवार्ड ब्लैंक (अंक सूची) परिषद कार्यालय को भेज दिए गए हैं। जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं का उप प्रधान परीक्षकों की देखरेख में अंकेक्षण भी कराया जा रहा है। मूल्यांकन कार्य को व्यवस्थित ढंग से सम्पादित कराने में परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, ऋषि कुमार शुक्ला, सतीश रैकवार, डॉ रमेश सिंह चंदेल, फूलचंद चंद्रवंशी, डॉ आलोक शुक्ला, रामगोपाल दुबे, लालमन, प्रवीण त्रिपाठी, शिवाधार पांडेय, जयप्रकाश यादव, पवन कुमार, अमित द्विवेदी, रामबचन सिंह, विनय त्रिपाठी, राकेश, अजीत सोनकर, रमेश कुमार, पुष्पेंद्र, तीरथ प्रसाद कुशवाहा, गौरीश कुमार तिवारी, जयप्रकाश, मनोज पांडेय, ललक यादव, प्रदीप शुक्ला, वीरेंद्र गर्ग आदि मौजूद रहे। उप नियंत्रक डॉ रणवीर सिंह चैहान ने सभी उप प्रधान परीक्षकों व सहायक परीक्षको से मूल्यांकन के पारिश्रमिक भुगतान के लिए पावना पत्र परीक्षा कार्यालय को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराने को कहा है।

# बेटी से मिलने आए मां-बाप पर ससुरालीजनों ने किया जानलेवा हमला

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

विवाहिता बेटी के घर आए माता-पिता ने बेटी के ससुराल पक्ष पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहपुर जिले के निवासी आदित्य श्रीवास्तव ने अपनी बेटी अल्का की शादी दिसम्बर 2022 में कर्वी के अंकित श्रीवास्तव के साथ की थी। अंकित श्रीवास्तव अलीगढ़ में प्राथमिक शिक्षक हैं। शादी के बाद कुछ विवाद होने पर अल्का के पिता आदित्य, माता सरिता व भाई उदित शुक्रवार को फतेहपुर से कर्वी आए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि अल्का के पति अंकित, देवर अर्पित, ससुर संतोष आदि अन्य ससुरालीजनों के साथ मिलकर बेटी का दहेज के लिए उत्पीड़न करते थे। समझाने का प्रयास करने पर ससुरालीजनों ने उनको घर में बंद कर जमकर मारा। आरोप लगाया कि बंदूक की बट से जानलेवा हमला किया गया। बचाव में आने पर बेटी अल्का को भी पीटा गया। जान बचाने के लिए वह लोग घर से बाहर निकलकर भागे तो उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया और जान से मारने का प्रयास किया। हमले से घायल परिवार ने कोतवाली में घटना की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया।



# वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को न्यायालय ने सुनाई तीन-तीन वर्ष की सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर सजा सुनाई गई है। जिसमें प्रत्येक को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास एवं 2-2 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि बीती 7 अक्टूबर 2020 को तत्कालीन मानिकपुर थाना प्रभारी ने कबरा पुरवा के पास मुखबिर की सूचना पर राजापुर थाने के चिल्लीमल गांव के निवासी रामचन्द्र यादव, पप्पू उर्फ ओमप्रकाश प्रजापति व सुधीर सिंह को गिरफ्तार किया था। यह तीनों वाहन चोर अपने साथियों के साथ मोटर साईकिलों को लेकर जा रहे थे। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने और पूछताछ के बाद कुल 8 चोरी की मोटरसाइकिले बरामद की गयी थी। हिरासत में पकड़े गए आरोपियों ने बताया था कि वह लोग गाड़ियां चुराकर नम्बर बदलकर बेंच देते हैं। पुलिस द्वारा बरामद की गयी गाड़ियों को वाहन स्वामियों को सुपुर्द कर दिया गया था। साथ ही आरोपियों के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्वत ने निर्णय सुनाया। जिसमें चोरी की गाड़ियां बरामद होने के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी रामचन्द्र यादव, पप्पू उर्फ ओमप्रकाश प्रजापति व सुधीर सिंह को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 2-2 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# पत्नी से विवाद पर मजदूर ने फांसी लगा जान दी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

**तिदवारी थाना क्षेत्र के परसौड़ा गांव का मामला खेत में लगे बबूल पर फंदे से लटका मिला शव**

नशे में पत्नी से विवाद होने के बाद मजदूर ने खेत में लगे बबूल के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

तिंदवारी थाना क्षेत्र के परसौड़ा गांव निवासी नत्थू प्रसाद (50)पुत्र मैकू वर्मा का शव शुक्रवार की भोर खेत में लगे बबूल के पेड़ पर दुपटटा के सहारे फंदे पर लटकता ग्रामीणो ने देखा तो घरवालो को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भतीजे बदलू ने बताया कि नत्थू प्रसाद मजदूरी करता था। वह नशे का आदी था। गुरूवार की शाम वह नशे में घर आया किसी बात को लेकर पत्नी से नोक झोक हो गई। रात को दरवाजा बंद करके परिजन सो गए। इसी बीच मौका पाकर नत्थू बाउण्ड्री कूद कर घर से चला गया। खेत में उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मृतक अपने पीछे पत्नी विमला के अलावा तीन पुत्र दो पुत्रियां छोड़ गया है।

# एण्टी रोमियों टीमों ने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं को किया सुरक्षा के प्रति जागरुकता

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान-4 के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों शक्ति दीदी द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया। मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया। महिलाओं, बालिकाओं को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी के सार्वजनिक स्थलो चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियां इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया। साथ ही महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएं यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा, सहायता के लिए एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है।

साथ ही समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं, बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं, बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने, शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया।

# मानक विहीन गेस्ट हाउस कर रहे राजस्व का भारी नुकसान

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

जनपद के नगरो सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे मानक विहीन अबैध गेस्ट हाउसो का संचालित करके जहॉ संचालक मालामाल हो रहे है। वही राजस्व का भारी नुकसान कर रहे है। जब कि सम्बन्धित विभाग जेबे गर्म करके अनदेखा कर रहा है। नगर और ग्रामीण क्षेत्रो मे सैकड़ों की तादात मे गेस्ट हाउसो संचालन करके मोटी रकम आम जनो से वसूल रहे है। कभी शहरी क्षेत्रो मे सीमित गेस्ट हाउसो का संचालन किया जाता रहा है। संचालक आम जनो से एक लाख से लेकर से 3 लाख तक प्रति दिन की वसूली कर रहे है। वही राजस्व के नाम पर अगूठा दिखा रहे है। जहॉ केन्द्र और प्रदेश की सरकारे जीएसटी सहित तमाम कानूनो को लागू करके कर चोरी रोकने का प्रयास कर रही हैं।

वहीं सम्बन्धित विभाग सरकार के प्रयासो की हवा निकाल अवैध गेस्ट हाउसों से मोटी रकम वसूलकर जेबें गर्म कर रहे हैं और अवैध संचालन को अनदेखा कर रहे है। जिससे खुलेआम राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। जब संचालक द्वारा एक-एक समारोह मे लाखो की वसूली किया जा रहा है। जिसका किसी प्रकार की रसीद आदि नही दिया जा रहा है। अवैध गेस्ट हाउसों का आलम तो यह है कि सरकारी मानक का नामो निसान नही देखने को मिल रहा है।

स्थानीय प्रशासन सहित सम्बन्धित विभाग देखकर भी अनदेखा कर रहा है और संचालक बेधड़क आम जनो से मोटी रकम वसूल रहे है। यही नहीं बड़ी संख्या में गेस्ट हाउस तो विवादित और प्रतिबन्धित भूमि पर संचालित हो रहे है और मानक की भी धज्जियां उड़ा रहे हैं। जिससे कभी भी कोई बडी दुर्घटना हो सकती है। जिसमे आम जनो की जाने भी जा सकती है लेकिन प्रशासन सहित सम्बन्धित विभाग अबैध संचालन पर लगाम नही कस पा रहा है।

# अवैध गांजा और तमंचा के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को तमंचे व कारतूसों तथा 1 आरोपी को 1 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। साथ ही भरतकूप में भी एक आरोपी को गांजे व तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया।

पहाड़ी थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि उप निरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा व उप निरीक्षक मातादीन, उप निरीक्षक किशन कुमार, मुख्य आरक्षी कृष्णपाल सिंह, आरक्षी राहुल कुमार, संतोष कुमार द्वारा रवि पाण्डेय उर्फ आकाश पाण्डेय निवासी जदूह सेमरिया जनपद रीवा मध्य प्रदेश को 1 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा, अमन पटेल, पंकज सिंह उर्फ पप्पू व अनुज पटेल निवासीगण प्रसिद्धपुर को 1-1 तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अवैध गांजा बरामदगी के सम्बन्ध में आरोपी रवि पाण्डेय उर्फ आकाश पाण्डेय के विरुद्ध थाना पहाडी में एनडीपीएस एक्ट तथा तमंचे व कारतूस बरामदगी के सम्बन्ध में अमन पटेल, पंकज सिंह उर्फ पप्पू व अनुज पटेल के विरुद्ध थाना पहाडी में आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

इसी प्रकार थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण सिंह व उप निरीक्षक बालकिशुन, आरक्षी नरेन्द्र सिंह, अखिलेश सिंह, महिला आरक्षी दीपिका सिंह द्वारा टिटिहरा मोड से वीरेन्द्र सिंह उर्फ रामू ठाकुर निवासी टिटिहरा रोड को 1 किलो 230 ग्राम अवैध गांजा तथा तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना भरतकूप में एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## पुलिस ने 3 के विरुद्ध गुण्डा तथा 15 के विरुद्ध की मिनी गुण्डा की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले 3 आरोपियों के विरुद्ध गुण्डा तथा 15 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी। मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह द्वारा विकास उर्फ चिक्कू निवासी पटा मजरा सरहट, शिवम मिश्रा निवासी सुभाषनगर व बरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्य द्वारा आनंद द्विवेदी उर्फ भाउ निवासी कोठी के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय द्वारा इन्द्रेश, जितेन्द्र निवासीगण मोहिनी तथा थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय द्वारा रामाकान्त, उमेश निवासीगण इटवां, दीनदयाल निवासी लोखरी, बुद्धराज निवासी चेहटा, धर्मपाल, रज्जू, कुलदीप, अकुश, पंकज, लवलेश, उमेश निवासीगण रामपुर, रामबाबू व जानकी शरण निवासीगण अमरपुर के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

# काम के दवाब में इंजीनियर ने फांसी लगा की खुदकुशी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

काम के दबाव से परेशान सिचाई विभाग के इंजीनियर ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महोबा जिला के चरखारी के हाथी खाना निवासी विक्रम वर्मा (32) पुत्र बालमुकुंद वर्मा शहर के बंगाली पुरा मोहल्ले में पत्नी प्रीति के साथ किराए के मकान में रहा था। वह सिचाई विभाग केन बेतवा गठजोड़ परियोजना में इंजीनियर के पद पर तैनात था। गुरूवार की शाम विक्रम ने कमरे के अंदर पंखा के हुक पर रस्सी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब पानी का डिब्बा लेकर युवक घर पहुंचा। उसने कुड़ी खटखटाई लेकिन अंदर से कोई हरकत नही हुई। शोर मचाने पर आसपास के किराएदार मौके पर पहुंच गए। धक्का देकर दरवाजा खोला देखा तो बिक्रम का शव फंदे पर लटक रहा था। घटना की जानकारी परिजनो को दी गई। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने बताया कि विक्रम को नौकरी तीन साल पहले मिली थी। उसकी शादी दो साल पहले हुई थी। पत्नी गर्भवती है। वह होली में पत्नी को छोड़ने मायके झासी गया था। दो दिन पहले ही वह गांव से बांदा था। पिता का कहना है कि काम के दवाब के चलते विक्रम ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया।

# लेखपाल परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों ने विधायक से मिलकर दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

प्रदेश में लेखपाल मुख्य परीक्षा परिणाम के तहत् 7897 सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर हो रहे विलंब को लेकर अभ्यर्थियों ने खागा विधायक कृष्णा पासवान के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात किया। तत्पश्चात एक ज्ञापन सौंपकर उच्चतम न्यायालय में भर्ती पर लगे स्थगनादेश को निरस्त कराये जाने के साथ ही असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग उठाई। लेखपाल मुख्य परीक्षा परिणाम के सफल अभ्यर्थियों ने खागा विधायक को दिये गये ज्ञापन में बताया कि प्रदेश के 7897 सफल अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन ने नियुक्ति प्रक्रिया के तहत् तहसील आवंटन कर दिया था। जिसका नियुक्ति पत्र वितरण समारोह प्रधानमंत्री द्वारा 23 फरवरी 2024 को रोजगार मेला मेगा शो में वितरित किया जाना था लेकिन उक्त कार्यक्रम उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार स्थगित कर दिया गया। बताया कि जिसका लाभ कुछ असामाजिक तत्व उठाकर चयनित अभ्यर्थियों को भर्ती लटकाने की धमकियां सोशल मीडिया पर देते हैं। असफल अभ्यर्थियों को नौकरी का प्रलोभन देकर धन उगाही का काम करते हैं। जिससे चयनित अभ्यर्थी मानसिक अवसाद का शिकार बन रहे हैं।



ये असामाजिक तत्व राज्य सरकार की सभी भर्तियों को लटकाने व सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार की छवि छात्र विरोधी बनाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

लेखपाल भर्ती के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार उच्च न्यायालय में लंबित सभी मामलों के निस्तारण के अनुपालन में समस्त मामले निस्तारित किये जा चुके हैं। मांग किया कि मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर शासन के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में भर्ती को लेकर लगे स्थगनादेश को निरस्त कराते हुए चयनित लेखपालों का पक्ष मजबूती से रखकर हितों की रखा करने के साथ ही असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही किया जाय। इस मौके पर अरविंद कुमार, नीरज कुमार, आर्यन कुमार, रितेश कुमार तिवारी, वेद प्रकाश त्रिपाठी, दीपक कुमार, सौरभ सोनकर, दीपक कुमार, मीनाक्षी पटेल, मीनाक्षी त्रिपाठी, विवेक कुमार भी मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | शनिवार | 30 मार्च 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के से मध्यम बादल छाये रहने के आसार हैं किंतु वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 36.0 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 22.4 (+4.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 41 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर- पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# डिफेंस का ऑफिसर बन साइबर लुटेरों ने एक व्यापारी और लोडर चालक को बनाया शिकार



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर वासियों को लगातार साइबर फ्रॉड अपने जाल में फंसा कर उन्हें लूटने का क्रम जारी रखे हुए हैं। हर प्रकार के अपराधों पर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस लगाम लगा पाने में सफल हो रही है लेकिन साइबर अपराधियों पर लगाम लगा पाने में फिलहाल अभी तक फेल साबित हो रही है। थाना नजीराबाद क्षेत्र के एक व्यापारी और चकेरी क्षेत्र के एक गरीब लोडर चालक को इस बार साइबर लुटेरों ने निशाना बनाते हुए उनकी मेहनत की गाढ़ी कमाई हड़प ली है।

### मामला नम्बर एक

मिली जानकारी के अनुसार रोहित भाटिया की शिव इण्टरप्राइजेज नाम की फर्म है जिसका ऑफिस कोका कोला चौराहे के जीटी रोड पर स्थापित है। उनके द्वारा पुलिस को जानकारी देते हुए बताया गया है कि दो अज्ञात फोन नम्बर से स्वयं को एयरफोर्स का अधिकारी बताकर एक टैंकर टायर आयल की माँग की जो जिसकी डिलिवरी जाजमऊ स्थित एयर फोर्स मेट्रो सब स्टेशन पर 23 मार्च को मांगी गई। टैंकर पहुँचने के बाद नेट बैंकिंग से रोहित के बैंक खाते चैक कराने के नाम पर हजारों रूपए ट्रांसफर करवा लिये जब उन्होंने पैसा अपना वापस मंगाने के लिए कथित एयरफोर्स अधिकारी के फोन पर फोन मिलाया तो वह स्विच ऑफ बताने लगा। इसके बाद रोहित को स्पष्ट हो गया कि उनके साथ साइबर लुटेरे ने ठगी की है। इस मामले में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना नजीराबाद में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मामला नम्बर दो

गरीब लोडर चालक को भी बनाया निशाना शिवपुरम कोयला नगर निवासी हरी राम ने बताया कि वह लोडर चालक हैं उन्हें शिव ट्रांसपोर्ट के नाम से फ़ोन आया कि तुमको चकेरी एयरपोर्ट से अमोसी एयरपोर्ट जाना है। और फिर शिव ट्रांसपोर्ट के नाम से बात करने वाले शख्स ने एक कर्नल का नंबर बताते हुए कहा कि इससे बात कर लो ड्राइवर ने उसकी बातों पर विश्वास कर लिया और कथित कर्नल से बात की तो कथित कर्नल ने कहा तुमको माल लेकर चकेरी एयरपोर्ट से अमोसी एयरपोर्ट जाना है जिसका भाड़ा 7000 रु0 है। और उसने एक न0 दिया जिस पर 10000 हजार रु भेजने के लिए कहा और यह बोला कि 10000 भेजने के बाद तुम्हारा भाड़ा उसी के साथ जुड़कर वापस आ जाएगा। हरिराम की माने तो उसने 10000 जब डाल दिया तो उससे कहा गया कि दो 2000 और डालो क्योंकि तुम्हारी पहली पेमेंट फेल हो गई है। कई मर्तबा पीड़ित से ?2000 की रकम डलवा ली गई। जब उसे एहसास हुआ कि वह साइबर लुटेरों का निशान बन चुका है तो उसने चकेरी थाने में प्रार्थना पत्र दिया जिसके बाद उसकी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# कविताई भवन में काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** कानपुर की अग्रणी साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था कविताई द्वारा शुक्रवार को संस्था के केशव नगर स्थित केंद्रीय कार्यालय कविताई भवन में काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कानपुर महानगर के साहित्यकार एवं प्रबुद्ध वर्ग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। काव्य गोष्ठी का प्रारंभ प्रमुख अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, महापौर प्रमिला पांडे, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी कविताई के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.ओम प्रकाश शुक्ला



अमिय, गोष्ठी के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्र एवं संस्था के संयोजक एवं भाजपा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ.दिवाकर मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सामाजिक कार्यों की श्रृंखला में कविताई द्वारा पांच विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया। जिसमें आई.ए.एस परीक्षा में हिंदी माध्यम से पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कृतिका मिश्रा, चिकित्सीय क्षेत्र में ख्याति प्राप्त करने वाले डॉ.विशाल सिंह, पीपीएन कॉलेज में हिंदी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अनूप सिंह, दयानंद एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में एमबीए के विभागाध्यक्ष अमरेंद्र तिवारी, और वरिष्ठ गीतकार सुरेंद्र गुप्त को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभिक संचालन प्रथम युवा सांसद महोत्सव की राष्ट्रीय विजेता मुदिता मिश्रा ने किया। इस अवसर पर कविताई के महामंत्री किंजल्क कुमार त्रिवेदी ने कविताई संस्था के उद्देश्य उसके परिचय एवं संस्था द्वारा संचालित गतिविधियों के विषय में बताया। इस अवसर पर मनोज रंजन, राजेश प्रजापति, लक्ष्मी नारायण मिश्र, मनन शुक्ला, दिनेश त्रिवेदी, डॉ.बृज मिश्रा, विनायक शरण मिश्रा, सुरेश मिश्रा, हरि स्वरूप तिवारी, शिव प्रकाश शुक्ला, अरुण तिवारी आदि मौजूद रहे।

# ड्रग्स माफिया मुठभेड़ में पुलिस की गोली से हुआ घायल

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शुक्रवार को शहर के टॉप क्लास के मादक पदार्थ विक्रेता को जाजमऊ और चकेरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान धर दबोचा है। गिरफ्तार किए गए मादक पदार्थ विक्रेता के विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक मुकदमे शहर के विभिन्न स्थानों में दर्ज हैं।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि शहर के सबसे बड़े मादक पदार्थों विक्रेता में शामिल नाम राजा रब्बानी को गिरफ्तार किया गया है। चकेरी और जाजमऊ पुलिस ने संयुक्त पुलिस मुठभेड़ के दौरान इस शातिर अपराधी को दबोच लिया है। इसके ऊपर पुलिस ने 25000 का इनाम घोषित कर रखा था जिस पर लगभग आठ मुकदमे पूर्व में दर्ज है और जाजमऊ इलाके के में नशे के कारोबार का सबसे बड़ा माफिया है पुलिस को पूर्व में भी इसकी तलाश थी पुलिस पर पहले हमला भी कर चुका है जिसको लेकर पुलिस उसको गिरफ्तार करने के लिए ढूंढ रहे थे तभी मुखबिर की सूचना मिली देर मादक पदार्थ विक्रेता क्षेत्र में आ रहा है।

जाजमऊ और चकेरी ने मिलकर रोकने की कोशिश की तो पुलिस पर हमला कर दिया जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में जब गोली चलाई तो आरोपी राजा रब्बानी के पैर में गोली लगी। जिसको उपचार के लिए काशीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसका एक साथी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है घायल आरोपी के पास से एक पिस्तौल बरामद हुई है।

# बुजुर्ग बलात्कारी चढ़ा पुलिस के हत्थे



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन थाना गोविंद नगर पुलिस ने एक बलात्कार और पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए बुजुर्ग का नाम 58 वर्षीय प्रवीण तिवारी है। जो कि ककवन जिला के गढ़ेवा गांव का रहने वाला है। इस आरोपी को पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान नहर कोठी से लोहे के पुल के पास से गिरफ्तार किया है। जिसके उपरांत कल गोविंद नगर पुलिस ने इस बुजुर्ग को न्यायालय मे पेश कर जिला कारागार भेज दिया है।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र की मदद से फरार गैंगस्टर हुआ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन गुरुवार को कोर्ट मे पेशी पर आया गैंगस्टर सोनू सिंह फरार हो गया था। इस प्रकरण को डीसीपी पूर्वी एस.के. सिंह द्वारा तत्काल संज्ञान मे लिया था।24 घण्टे के अन्दर ही कोतवाली पुलिस टीम ने अभियुक्त सोनू सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं डीसीपी पूर्वी द्वारा गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रूपये का इनाम दिया गया है। साथ ही डीसीपी पूर्वी एस.के सिंह ने प्रेसवार्ता कर बताया कि कल कोर्ट मे पेशी के दौरान एक सोनू सिंह नाम का अभियुक्त फरार हो गया था। सोनू सिंह नौबस्ता थाना से गैंगस्टर का मुलजिम था और जूही थाने का रहने वाला था। मेरे द्वारा तत्काल इस मामले का संज्ञान लेते हुए सोनू सिंह पर 25 हजार का ईनाम भी घोषित किया



गया। जिसको लेकर इंस्पेक्टर कोतवाली व उनकी पूरी टीम इस मामले मे लगी रही और पूरी रात फरार आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास करती रही। अचानक पुलिस को सूचना मिली और पूरी टीम ने इस बदमाश कर गिरफ्तार लिया। जब सोनू सिंह की गिरफ्तारी हुई तो इसके पास से एक पिस्टल व कारतूस मिले हैं। तत्पश्चात मेरे द्वारा पूरी टीम को 25 हजार का इनाम दिया गया है। साथ ही बोला कि पुलिस के लिए सबसे बड़ी बात यह है कि 24 घंटे के अंदर इस कार्य को पूरा किया गया है और कोतवाली पुलिस का यह कार्य प्रशंसा के काबिल है और जो हमारे पुलिस कमिश्नर सर की मंशा है कि अपराधियों पर सख्त कार्यवाही हो तो पुलिस कमिश्नर सर की मंशा के अनुरूप और ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जब इसकी पूरी डीटेल हम लोगों ने चेक कराई तो कैमरे से इसकी पूरी मूमेंट का पता चला और फिर यह बदमाश पकड़ा गया।

# सूक्ष्म पोषक तत्वों का योगदान विषय पर दिया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत सन्नी में कृषकों को द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों का मृदा स्वास्थ्य में योगदान विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे किसानों को मृदा नमूना के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ.अनिल कुमार ने बताया कि फसलों की उत्पादकता और उत्पाद की गुणवत्ता मे पोषक तत्वों का बहुत महत्व है। उन्होंने पोषक तत्वों की आर्थिक लाभ और मृदा स्वास्थ्य पर किसानों को जानकारी दी। एक्रिप परियोजना के अंतर्गत कार्यरत राहुल प्रजापति, क्षितिज तिवारी, दीक्षा शुक्ला सहित गांव के किसानों ने प्रतिभाग किया।

# पुलिस ने जिला बदर अपराधी को भेजा जेल

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



कानपुर कमिश्नर के द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को लेकर उच्चाधिकारियों के आदेश पर कल शुक्रवार को थाना गुजैनी पुलिस ने शुभम उर्फ शिवम डॉन को गिरफ्तार किया है। शिवम डॉन हाई टेंशन लाइन के नीचे कच्ची बस्ती बर्रा 8 का रहने वाला है। 28 वर्षीय शिवम को बीते साल अक्टूबर मे धारा 3(1) गुंडा एक्ट के तहत न्यायालय के आदेश पर जिला बदर किया गया था।

उसके बावजूद शुभम उर्फ शिवम डॉन छिपकर अपने घर मे रह रहा था और रिश्तेदारों के घर पर थाना क्षेत्र गुजैनी मे रहने की लगातार सूचना पुलिस को मिल रही थी। कल शुक्रवार को थाना गुजैनी पुलिस ने सटीक सूचना पाकर जिला बदर शुभम उर्फ शिवम डॉन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि शिवम पांडु नदी पुल के पास से अपने घर के लिए जा रहा था। वहीं पांडु नदी पुल के आगे जिला बदर शुभम उर्फ शिवम डॉन को गिरफ्तार किया गया है। जिसके उपरांत जिला बदर शुभम उर्फ शिवम डॉन को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जिला कारागार भेज दिया है। जिला बदर को गिरफ्तार करने वाली टीम मे थाना प्रभारी विनय तिवारी, उप निरीक्षक विनीत कुमार और उप निरीक्षक दीपेश कुमार शामिल रहे।

# मुख्तार के निधन और जुमें की नमाज पर पुलिस अलर्ट मोड में



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

मुख्तार अंसारी के निधन और शहर में जुमें की नमाज को लेकर कानपुर पुलिस अलर्ट मोड में दिखी। विभिन्न संवेदनशील एवं अति संवेदनशील इलाकों में रूट मार्च किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जेसीपी हरिश्चंद्र ने बताया कि गुरूवार रात से भी शहर के विभिन्न मार्गों का पैरामिलिट्री फोर्स पीएसी और क्यू आर टी पुलिस फोर्स के साथ आफिसर रूट मार्च कर रहे हैं साथ ही सभी से बात कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है।संदिग्ध लोगो पर चौराहे पर लगे कैमरों से नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया में कोई किसी तरह की अफवाह ना फैलाएं।

# वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। लोक सभा चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कानपुर पुलिस उपद्रवियों को शांति भंग की धाराओं में पाबंद कर रही है और उनसे इस बात का बंध पत्र ले रही है कि वह चुनाव के समय में कोई भी ऐसी वैसी हरकत नहीं करेंगे जिससे जन सामान्य को कोई तकलीफ पहुंचे और चुनाव संपन्न कराने में कोई बाधा उत्पन्न हो। लेकिन कुछ नागरिकों का आरोप है कि पुलिस कुछ ऐसे लोगों को भी पाबंद कर रही है जो अधिवक्ता है और समाजसेवी है। इन्हीं सब बातों को लेकर शुक्रवार को कानपुर बार एसोसिएशन बार एसोसिएशन और लॉयर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी गणों ने कमिश्नर कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा है। लायर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र शर्मा का कहना था की जब से अचार संहिता लगी है तब से इन धाराओं के मामले भी बढ़े जा रहे है। केस के निपटारे के लिए जिला कारागार के सामने बने न्यू कमिश्नर कार्यलय में कोर्ट लगाई जाय साथ ही अधिवक्ताओं पर हो रहे 107/116 वा 151 के मुकदमों के जांच हो पुलिस आयुक्त अपराध विपिन कुमार ने ज्ञापन लेते हुए उनकी समस्याओं के निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।



# रोडवेज बस की टक्कर से मां की मौत, बेटी गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



बिठूर थाना क्षेत्र के नारामऊ हाईवे दयालबाग के पास शुक्रवार की दोपहर सामने जीटी रोड हाइवे पर तेज रफ्तार हमीरपुर डिपो की रोडवेज बस ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दबौली रतनलाल नगर निवासी कोमल कनौजिया उम्र 43 वर्ष व उनकी बेटी एंजल उम्र 14 वर्ष और पड़ोस में रहने वाली सोनम पांडेय उम्र 32 वर्ष घायल हो गयीं। सभी घायलों को इलाज के लिए मंधना के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां से घायल कोमल को सर्वोदय नगर के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए रिफर किया गया है। जहां इलाज के दौरान कोमल की दर्दनाक मौत हो गयी। कोमल कनौजिया की बेटी एंजल मंधना स्थित सेठ एमआर जयपुरिया में पढ़ती है। कोमल अपनी बेटी एंजल के स्कूल अभिवावक मीटिंग में शामिल होने पड़ोस में रहने वाली सोनम पांडेय के साथ जा रही थी। वही स्कूटी में टक्कर लगने के बाद भी रोडवेज बस चालक सुरेंद्र कुमार ने बस नहीं रोकी लेकिन राहगीरों ने पीछा करके बस को घटनास्थल से करीब 2 किलोमीटर आगे मॉडल डेयरी के पास दौड़कर पकड़ लिया पकड़ा। लेकिन ड्राइवर सुरेंद्र कुमार बस से कूदकर भागने में कामयाब हो गया। बस में दिल्ली जा रही करीब 20 से 25 सवारियां थी जिन्हें बाद में परिचालक ने दूसरी बस में बिठाकर दिल्ली के लिए रवाना कर दिया। वहीं घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे बिठूर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने रोडवेज बस को अपने कब्जे में ले लिया है।

# दो पक्षों में समझौता कराने गए भाजपा पार्षद पर हुआ जानलेवा हमला







जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में शुक्रवार की देर रात थाना नजीराबाद क्षेत्र के नेहरू नगर में दो पक्ष किसी बात को लेकर आमने-सामने आ गए और इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई और गुम्मे पत्थर कांच की बोतलें भी चली। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के एक पार्षद को भी एक पक्ष ने जमकर मारा पीटा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची नजीराबाद पुलिस के सामने भी काफी देर तक दोनों पक्षों में गाली गलौज का सिलसिला जारी रहा। कुछ लोगों को गंभीर चोटे भी आई हैं। हंगामा बढ़ता देख नजीराबाद के अलावा कई अन्य थानों का फोर्स भी मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया है।

भाजपा पार्षद पवन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिनों पूर्व नेहरू नगर में ही रहने वाले अजय यादव उर्फ अज्जू तथा अनिल अवस्थी का आपस में झगड़ा हो गया था। इस संबंध में अज्जू यादव और उनके साथियों के खिलाफ थाना नजीराबाद में मुकदमा दर्ज हुआ था। लेकिन कुछ संभ्रांत नागरिकों के बीच में पड़ने पर दोनों पक्ष आपस में समझौता करने पर तैयार हो गए। शुक्रवार को अज्जू यादव के कार्यालय में दोनों पक्ष समझौते के लिए बैठे ही थे

कि इतने में आदित्य ठाकुर, टेनी, आकाश, प्रिंस ठाकुर, आयुष, सुमित, अंकित रिक्की विकाश चौधरी, आदि अज्जू कर यादव के कार्यालय में आ धमके और इस दौरान भाजपा पार्षद पवन गुप्ता समेत सभी पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप यह भी है कि दूसरे पक्ष ने अज्जू यादव के घर में जमकर तोड़फोड़ भी की है। तोड़फोड़ और मारपीट की सारी घटना अज्जू यादव के कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दोनों पक्षों के लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

### थानाध्यक्ष नजीराबाद में मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल

घटना की सूचना मिलने के बाद थाना अध्यक्ष नजीराबाद कौशलेंद्र प्रताप सिंह और उनकी पुलिस टीम पहुंची थी इसी के साथ थाना स्वरूप नगर समेत अन्य थानों का फोर्स भी स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए बुलाया गया था। पुलिस टीम ने सर्वप्रथम हालात को काबू में लेते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं।

### सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं अजय यादव

मिली जानकारी के अनुसार अजय यादव उर्फ अज्जू के कार्यालय में समझौता हो रहा था और वहां पर एक दूसरे पक्ष ने आकर जमकर मारपीट की है वह अजय यादव पहले समाजवादी पार्टी के नेता थे और उन्होंने समाजवादी पार्टी को त्याग कर भाजपा का दामन थामा है।





# बड़े ही धूमधाम से मनाया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

मेमोरियल पब्लिक स्कूल गणेश नगर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं पुरुस्कार समारोह का आयोजन हरिहरनाथ शास्त्री भवन खलासी लाइन में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में राशी पाठक, निलाभ द्विवेदी एवं विशिष्ठ मुख्य अतिथि के रूप में सुरेंद्र मैथानी ने दीप प्रज्वलित कर के किया। विद्यालय के प्रबंधक अनुराग श्रीवास्तव जी ने बताया कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ साथ अपनी संस्कृति से जोड़े रखना भी है। विद्यालय निरंतर उच्च गुणवत्ता की शिक्षा की ओर प्रयासरत रहता है, एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनके कौशल विकास की ओर प्रेरित करता है। प्रधानाध्यापिका दीपिका श्रीवास्तव ने बताया की इस वर्ष शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास दिल्ली की प्रांतीय संयोजक डॉ बिंदु सिंह द्वारा विद्यालय को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से प्रतिमान केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है। जिससे बच्चों को उनके चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों संग शिक्षा, व्यक्तित्व का समग्र विकास हो सके। वैदिक गणित के अनोखे लाल पाठक ने बच्चों को गणित को सरल रूप से सीखने का मंत्र बताया। उक्त अवसर पर डॉ सुधांशू रॉय द्वारा बच्चों में आत्मविश्वास के साथ साथ विषय पर उचित पकड़ एवं भविष्य की योजना बनाने के गुण सिखाए। रंजना यादव जी जो को भाषा मंच की प्रांतीय संयोजक है ने बच्चों को अपनी मातृभाषा पर उचित पकड़ एवं हमारी हिंदी भाषा साहित्य की ओर ध्यान केंद्रित करने के बारे में बल दिया। जिसमें मुख्य रूप से प्रांतीय सह संयोजक डॉ अंशुमान सिंह मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक अनुराग श्रीवास्तव जी ने नन्हें इतिहासकार मास्टर यशवर्धन और बाल लिखिका कुमारी सुहानी यादव को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# चोरी की गई चार मोटरसाइकिल सहित तीन गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



जिले में अपराधियों की धरपकड़ अभियान व लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शुक्रवार को तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान थाना मुंशीगंज मय हमराह व स्वाट टीम द्वारा तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। एक स्प्लेन्डर प्लस मोटरसाइकिल पर सवार अंकुश सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी नेवादा किशुनगढ़ थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष,अंकुर सिंह पुत्र विन्ध्या बक्श सिंह निवासी ग्राम उलरा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष और सौरभ सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह निवासी ग्राम लंगड़ी अलीगंज थाना बन्धुआ कला जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 21 वर्ष को मुसाफिरखाना रोड ग्राम हरिहरपुर मोड़ के पास से शुक्रवार करीब ग्यारह बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। जोकि गाड़ी के कागज मांगने पर दिखा न सके।तलाशी में अभियुक्त अंकुर सिंह के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर व रुपये पांच हजार बरामद हुए। अभियुक्त सौरभ के कब्जे से एक तमंचा व चार जिंदा कारतूस बारह बोर बरामद हुआ। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि यह गाड़ी चोरी की है। जिसे हम लोगों ने अपने एक अन्य साथी सत्यम सिंह पुत्र विन्ध्याबक्श सिंह निवासी ग्राम उलरा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर दिल्ली से चोरी किया था। हम लोगों का एक गैंग है।जिसका लीडर सत्यम सिंह है। हम सभी चारों लोग मिलकर इसी स्प्लेन्डर प्लस मोटरसाइकिल से मोटरसाइकिल चोरी, घरों में चोरी व राहगीरों से लूट करते हैं।और विरोध करने पर तमंचा दिखाकर डरा देते हैं।पकड़े जाने के डर से चोरी लूट की घटना करते समय मोटरसाइकिल का नम्बर प्लेट बदल देते हैं। हम लोगों ने तीन अन्य मोटरसाइकिल दीवानी गेट सुल्तानपुर से हीरो होण्डा स्प्लेन्डर कस्बा अमेठी से हीरो होण्डा सीडी डीलक्स चोरी किया था। एक मोटर साइकिल हीरो होण्डा स्प्लेन्ड़र प्लस सत्यम सिंह कहीं से चोरी करके लाया था।तीनों मोटर साइकिलें हम लोगों ने चन्दौकी के पास झाड़ियों में छिपा कर रखा है।गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की तीनों मोटरसाइकिलें चन्दौकी के पास झाड़ियों से बरामद हुई। अभियुक्त अंकुर सिंह के पास से बरामद रुपये के संबंध में पूछने पर अंकुर सिंह ने बताया कि मैं अपने भाई सत्यम सिंह उर्फ अखिलेश सिंह के साथ मिलकर ग्राम चंदौकी के एक घर से गहने चोरी करके रुपये 52000 में बेच दिया था।और रुपये को हम दोनों नें आपस में बांट लिया था। बरामद रुपये उसी चोरी के गहने की बिक्री के हैं।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बाबूगंज मस्जिद पर इफ्तार पार्टी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**




बाबूगंज मस्जिद पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के महामंत्री सूरज विश्वास ने किया। इस मौके पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है। हमें मिल जुलकर त्योहार मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। इफ्तार से आपसी मोहब्बत और भाईचारा का माहौल बनता है। इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहते हैं संस्था के द्वारा रमजान का महीना पाक महीना है। सब लोग आने वाले त्योहार ईद को मिल जुल के मनाएं।

इस मौके पर शिक्षक साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ने कहा कि रमजान-उल-मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है। जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है। अल्लाह तबारक व ताला उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता है। इस प्रकार का इफ्तार पार्टी का आयोजन से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ कटका क्लब अध्यक्ष नफीसा खातून, त्रिभुवन नारायण सिंह,वीर विक्रम सिंह, मोनू यादव, सुधीर यादव, सुमित दूबे, अभिषेक दुबे, आदि लोग उपस्थित रहें।

# सरस्वती विद्या मंदिर प्रवेश परीक्षा में उमड़ी भैया-बहनों की भीड़



**जन एक्सप्रेस | कादीपुर/सुल्तानपुर**

विद्यालय के मीडिया प्रमुख एवं संगीताचार्य दीनबंधु सिंह के सूचना अनुसार विद्या भारती से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर सुल्तानपुर में नवीन सत्र में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रवेश परीक्षार्थीयों एवं अभिभावकों को विद्यालय के मुख्य द्वार पर तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह भैया/बहन ही इस विद्या मंदिर के देवता हैं, और आचार्य इसके पुजारी है। प्रवेश परीक्षा कक्षा पष्ठ नवम् एवं एकादश के लिए संपन्न हुई। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में अंग्रेजी माध्यम के लिए 565 एवं हिंदी माध्यम के लिए 531 भैया बहनों ने सहभाग किया। प्रवेश परीक्षा प्रभारी आचार्य अजय कुमार मिश्र, प्रभाकर पान्डेय, विजय नारायण सिंह, वेद प्रकाश सिंह, रामयश सिंह की टीम ने सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न कराया।

सर्व व्यवस्था प्रमुख सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा परिणाम आज दिन शनिवार को प्रातः 8:00 बजे विद्यालय की सूचना पट पर चस्पा कर दिया जाएगा।

# अनुष्का के प्रयासों से दौड़ने लगा मासूम देवांश

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

दिव्यास सिंह के घर दो साल पूर्व पहले बच्चे के रूप में जब देवांश सिंह का जन्म हुआ तो समूचे घर में खुशियाँ बिखर गईं लेकिन जब नर्स ने बताया कि नवजात के दोनों पैर मुड़े हुए हैं, दिव्यास सिंह की खुशियों को ग्रहण लग गया लेकिन सूचना पाते ही सीएचसी बेलाभेला पर तैनात राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम के चिकित्सकों ने परिवार से संपर्क कर नवजात की जांच की और परिवार को ढांढस बंधाते हुए बताया कि आपका बच्चा पूर्णतया ठीक हो सकता है लेकिन उसका इलाज लंबा चलेगा। आरबीसके के चिकित्सकों ने सहमति के बाद माता पिता का संपर्क अनुष्का फाउंडेशन की टीम से करवाया। यहीं से शुरु हुई देवांश के इलाज की यात्रा, आज दो साल बाद देवांश सिंह ना सिर्फ चलता है बल्कि दौड़ता भी है। दिव्यास और नेहा भी बहुत खुश हैं, कहते हैं कि उसके इलाज में एक भी पैसा नहीं लगा। यह सरकारी अस्पताल एवं अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से मुमकिन हुआ है।

डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी)मैनेजर नितेश जयसवाल बताते हैं कि क्लब फुट जन्मजात विकृति है जिससे कि हर 800 नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33,000 बच्चे इस विकृती के साथ पैदा होते हैं।

रायबरेली सहित पूरे प्रदेश में आरबीसके के साथ स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट पिछले पाँच साल से काम कर रही है। जनपद में अभी तक क्लब फुट से पीड़ित 212 से भी अधिक बच्चों का इलाज चल रहा है। पोन्सेटी पद्धति का इस्तेमाल करके क्लब फुट से पीड़ित सभी बच्चों का आसानी से उपचार किया जा सकता है। पोन्सेटी विधि एक न्यूनतम लागत की सर्वोत्तम प्रक्रिया है और पूर्णतः रूप से प्रभावी समाधान प्रदान करती है।



अनुष्का फाउंडेशन के जिला समन्वयक दिलीप धर दुबे बताते हैं कि अनुष्का फाउंडेशन एसबीआई के सीएसआर इनिशियेटिव के तहत रायबरेली में तथा सूबे के सभी 75 जिलों में क्लबफुट का निःशुल्क इलाज प्रदान करवा रहा है। अनुष्का फाउंडेशन का उद्देश्य जिला अस्पतालों में आर्थोपेडिक चिकित्सकों की क्षमता बढ़ाकर स्थानीय स्तर पर उपचार प्रदान करवाना है। उच्चतम गुणवत्ता वाले उपचार को सुनिश्चित करने के लिए अनुष्का फाउंडेशन द्वारा, चिकित्सकों को पोंसेटी पद्धति में प्रशिक्षित भी किया जाता है। अनुष्का फाउंडेशन क्लबफुट और इसके उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आरबीएसके, आशा कार्यकर्ताओं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि के साथ मिलकर काम कर रहा है। जिला अस्पतालों में साप्ताहिक क्लबफुट क्लीनिक का संचालन कर पीड़ित बच्चों का इलाज किया जाता है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी एस अस्थाना ने बताया कि

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत क्लब फुट जैसे 42 जन्मजात बीमारियों एवं दोषों की स्क्रीनिंग की जाती है जिससे कि जल्द से जल्द उचित एवं निःशुल्क उपचार प्राप्त कराया जा सके।

### क्यों होता है क्लबफुट?

क्लब फुट क्यों होता है इसका कोई विशिष्ट कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि गर्भावस्था के दौरान ड्रग्स का सेवन और धूम्रपान करने की वजह से नवजात में जन्मजात दोष होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसको लेकर यह भ्रांति है कि यह विकृति ग्रहण की वजह से होती है जबकि ऐसा नहीं है। यह विकृति माँ से बच्चे मे नहीं होती है।

# प्रत्याशी बदलने की भनक पर नाराज समर्थक, जिलाध्यक्ष को सुनाई खरी-खोटी

**जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर**

समाजवादी पार्टी ने गठबंधन की ओर भीम निषाद को चेहरा बनाया था। प्रत्याशी को लेकर पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी सियासी ताना-बाना बुनने लगे। इसको लेकर अखिलेश यादव ने गोरखपुर के पूर्व मंत्री व कई बार के विधायक राम भुआर निषाद को उम्मीदवार बनाने पर विमर्श शुरू कर दिया है। इससे नाराज एक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने सपा जिलाध्यक्ष को फोनकर अपनी नाराजगी का इजहार किया, उन्होंने जिलाध्यक्ष को घूसखोर और चाटूकार बताया है। जिसका एक ऑडियो वायरल हुआ है।

आइए आपको पहले बताते हैं वायरल ऑडियो में कहा क्या गया...

### ✻ फोन पर कहा घूसखोर व चाटूकार, ऑडियो वायरल

वायरल ऑडियो लंभुआ विधानसभा के सपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नन्हे राम निषाद जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव से बातचीत कर रहे हैं। वे जिलाध्यक्ष से पूछते हैं कि भीम निषाद के टिकट को लेकर ग्रुप में चल रहा कोई दूसरा पा रहा?

इस पर दूसरी ओर से जवाब मिला आप भीम के फेवर में हैं या और किसी के फेवर में। नन्हे राम ने साफ कहा हम किसी के फेवर में नहीं पार्टी के फेवर में हैं। तो जिलाध्यक्ष का जवाब आया पार्टी के फेवर में हैं तो जिसको टिकट मिले उसकी मदद करें। नन्हे ने आगे कहा टिकट मिला तो था भीम निषाद को? इस पर जिलाध्यक्ष बोले कि तो मदद कीजिए उनकी। लड़ेगा निषाद ही मैं निषाद जानता हूं भीम निषाद लड़ेगा या और कोई निषाद लड़ेगा ये नहीं जानता। अध्यक्ष का ये जवाब सुनकर नन्हे राम थोड़ा एग्रेसिव हुए उन्होंने कहा ये आपको नहीं पता। आप लोग कुर्सी पर केवल चाटुकारिता करने बैठे हैं। तब जिलाध्यक्ष बोले कि ये पता होता तो हम बताते नहीं आपको।

जो राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है वही बता रहा हूं। बात यही नहीं रुकी नन्हे राम ने कहा आप लोग पहले कंफर्म कर लीजिए, वोटर बेवकूफ नहीं। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है लेकिन जिलाध्यक्ष ने नन्हे से कहा तुम परेशान ना रहो। इस पर उन्हें जवाब मिला आपके पास एक वोट हमारे पास एक वोट हम नहीं परेशान रहेंगे। तब रघुवीर ने यादव ने कुर्सी की हनक दिखाते हुए कहा परेशान हो तो आओ चले आओ लखनऊ देखो।

इसके बाद नन्हे ने आपा खोया और कहा आप लोग घूसखोरी कर रहे, फिर बता कानून बता रहे। चमचा गिरी करेंगे तो सपा खत्म हो जाएगी। हालांकि इस मामले में जब जिलाध्यक्ष से बात की गई तो उन्होंने कहा हम लखनऊ में हैं हमें ऐसे किसी ऑडियो की जानकारी नहीं है।

वहीं प्रत्याशी भीम निषाद ने कहा कि हमें इस पूरे प्रकरण की कोई जानकारी नहीं है।

# 400 मरीजों व तीमारदारों को नि:शुल्क भोजन थाली वितरित

**जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर**



राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में बृहस्पतिवार देर शाम को साप्ताहिक निःशुल्क रसोई अंतर्गत भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन अनवरत जारी है। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवम सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन परिसर में मरीजों तीमारदारो और यात्रियों को निःशुल्क भोजन वितरण कार्य सम्पन्न। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि संघ के कार्यकर्ताओं ने अरहर की दाल सब्जी रोटी चावल 400 थाली तैयार की गई थी। जिला चिकित्सालय में समाज सेवी संजय कुमार गुप्ता ने जरूरतमंदों निःशुल्क भोजन की थाली देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने पुनीत कार्य मे समाज के सम्पन्न लोगों से सहयोग करने की अपील किया। इस मौके पर प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ शादाब खान, सिंकन्दर वर्मा, राजमणि यादव, जितेंद्र मौर्य, सरदार गुरुप्रीत सिंह, दानिश खान, चुन्ने, सत्यप्रकाश वर्मा, सुल्तान महमूद कैफी, अबरार अहमद माता प्रसाद जायसवाल, वैधनाथ प्रजापति इत्यादि का निःशुल्क भोजन वितरण कार्य मे प्रमुख सहयोग रहा।

# आज से ग्रासरूट फुटबॉल के महाकुंभ की शुरुआत

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**




रामरती इंटर कॉलेज में सुल्तानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग 30 मार्च से आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता डेढ़ महीने तक चलेगी। जिसमे अंडर 12 और अंडर 14 आयु वर्ग के बच्चे खेलेंगे।

प्रतियोगिता हर रविवार को खेली जाएगी। यह फुटबॉल प्रतियोगिता ऑल इण्डिया फुटबाल फेडरेशन और जिला फुटबॉल संघ के सहयोग से आयोजित की जा रही है। प्रदेश का दूसरा शहर सुलतानपुर है जो इस प्रतियोगिता को आयोजित कर रहा है। ब्लू कब्स लीग ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन का एक प्रोजेक्ट है जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता को सुल्तानपुर फुटबॉल अकादमी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। फुटबॉल कोच आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इस लीग में कुल ग्यारह टीम प्रतिभाग कर रही हैं। जिसमे प्रयाग फुटबॉल अकादमी (प्रयागराज), संगम सिटी फुटबॉल क्लब (प्रयागराज), अवध फुटबॉल क्लब (अयोध्या), थंडर फुटबॉल क्लब(सुल्तानपुर), भुलियापुर फुटबॉल अकादमी (प्रतापगढ़), तक्षशिला अकादमी (अंबेडकरनगर) और सुल्तानपुर फुटबॉल अकादमी की टीम प्रतिभाग कर रही है। लीग मैच में अंको के आधार पर चार टीमें अंडर 14 में सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। और अंडर 12 में टॉप दो टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रवीण सिंह (प्रोफेसर के एन आई) तथा विशिष्ट अतिथि राजेश कनौजिया (प्रवक्ता एमजीएस इंटर कॉलेज), एम एस वेग (जनरल सेक्रेटरी जिला फुटबॉल संघ), वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी मो इलियास द्वारा किया जाएगा।

### शहर में घटिया चटनी, हींग व हल्दी खा रहे लोग

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** गर्मी में घटिया खाद्य पदार्थों के सेवन से लोगों को जागरूक करने के लिए बृहस्पतिवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की मोबाइल लैब शहर में घूमी। जांच में 17 नमूने फेल हो गए। बचत भवन के सामने, डिग्री कॉलेज, राना नगर सहित अन्य स्थानों पर फास्ट फूड की दुकानों पर ग्राहकों में परोसी जा रही लाल रंग की चटनी, चाय पत्ती, हींग, हल्दी व धनिया पाउडर सहित 30 खाद्य पदार्थों की जांच की। जांच में चटनी, हींग, बुकनू, हल्दी पाउडर समेत 17 खाद्य पदार्थों के नमूने फेल आ गए। लोगों को ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से बचने के लिए जागरूक किया गया। बृहस्पतिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी शेफाली रस्तोगी व अपराजिता तिवारी की टीम मोबाइल लैब गाड़ी के साथ शहर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करने के लिए पहुंची। बचत भवन के सामने लगी पटरी दुकानों से हींग, लाल चटनी, हल्दी व धनिया पाउडर की जांच लैब में की तो सभी में मिलावट मिली। चटनी में तो फलों के प्रयोग की जगह स्टार्च और कलर मिला। डिग्री कॉलेज चौराहा स्थित एक कैंटीन में चाय की पत्ती की जांच की तो वह भी मानकों पर खरी नहीं मिली।

# अपने ही गढ़ में खिसका कांग्रेस का वोटबैंक, कभी सोनिया को मिले थे रिकॉर्ड 80.49 प्रतिशत मत

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली-अमेठी**





अमेठी और रायबरेली कभी कांग्रेस का गढ़ मानी जाती थीं लेकिन यहां पर पार्टी का जनाधार लगातार घटता गया। अमेठी में 2004 में 76.20 प्रतिशत वोट पाने वाली कांग्रेस को 2019 के चुनाव में मात्र 43.84 प्रतिशत से संतोष करना पड़ा।

यह सब चुनावी चक्र है। जनता जनार्दन के मूड का पहिया बड़ी तेजी से घूमता है। इनका मत ही सत्ता के शिखर पर पहुंचाता है तो कुर्सी से बेदखल भी करता है। गांधी परिवार की भी कहानी कुछ ऐसी ही है। चुनाव-दर-चुनाव रायबरेली व अमेठी जैसे मजबूत गढ़ में ही कांग्रेस का वोटबैंक खिसकता गया। रायबरेली से सांसद बन इंदिरा गांधी तो अमेठी जीतकर दिल्ली पहुंचे राजीव गांधी ने देश की सरकार चलाई। समय का तकाजा है कि आज गांधी परिवार संघर्ष के दौर से गुजर रहा है। मात्र 20 वर्ष में ही 40 से 45 प्रतिशत वोटर कांग्रेस से विदा ले चुके हैं। रायबरेली संसदीय सीट पर वर्ष 2006 में हुए उप चुनाव में सोनिया गांधी को रिकॉर्ड जनादेश मिला। उन्हें 80.49 प्रतिशत मत मिले, लेकिन 2019 में यह घटकर 55.80 प्रतिशत पर आ गया। अगर बात 2022 के विधानसभा चुनाव की करें तो कांग्रेस का वोटों का प्रतिशत गढ़ में ही सिमटकर 12.88 फीसदी रह गया। प्रदेश में इकलौती बची रायबरेली संसदीय सीट इस बार डगमगाई नजर आ रही है। गांधी परिवार के लिए प्रदेश में सुरक्षित मानी जाने वाली अमेठी सीट के भाजपा के पाले में जाने के बाद रायबरेली लोकसभा सीट के सियासी समीकरण बदले नजर आ रहे हैं।

### सपा के साथ के बाद भी मौन

गांधी परिवार को समय-समय पर संजीवनी देने वाली अमेठी और रायबरेली सीट विपक्षी गठबंधन इंडिया के तहत कांग्रेस के पाले में है। यहां पर सपा का मजबूत साथ है। समीकरण भी काफी हद तक बदले हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य अहम फैक्टर हैं, तो कद्दावर मनोज पांडेय का हाथ भाजपा के साथ है। ऐसे में रायबरेली की कहानी बदली हुई है। कांग्रेस के मौन में अहम कारण इसे भी माना जा रहा है।

### अमेठी में यूं गिरा जनाधार

| चुनाव वर्ष | कांग्रेस | भाजपा |
|---|---|---|
| 2004 | 76.20 | 04.40 |
| 2009 | 71.78 | 05.81 |
| 2014 | 46.71 | 34.38 |
| 2019 | 43.84 | 49.71 |

### रायबरेली का भी बुरा हाल

| चुनाव वर्ष | कांग्रेस | भाजपा |
|---|---|---|
| 2006 | 80.49 | 3.33 |
| 2009 | 72.23 | 3.82 |
| 2014 | 63.80 | 21.05 |
| 2019 | 55.80 | 38.36 |

### रायबरेली: बढ़े रोमांच के बीच परिणाम पर टिकी नजर

सोनिया के राज्यसभा में जाने के बाद अपने ही गढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी तय नहीं कर पा रही है। अमेठी का भी यही हाल है। पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि अपने ही गढ़ की सीटों पर कांग्रेस मैदान में आने से बच रही है। कांग्रेस और सपा में गठबंधन होने के नाते किसी भी दल से जो भी प्रत्याशी आएगा, उसका मुकाबला भाजपा से होगा। यह भी सच है कि इस बार रायबरेली सीट को लेकर बदली बयार के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलेगा। किसी के लिए भी इस बार जीत का सेहरा पहनना आसान नहीं होगा, लेकिन लगातार घट रहा कांग्रेस का वोटबैंक रणनीतिकारों को सचेत जरूर कर रहा है। यहां का सबसे बड़ा कारण यह भी है कि विधायक मनोज पांडेय इस बार साथ नहीं होंगे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 35°C | 22°C |
| कानपुर | 37°C | 24°C |
| देहरादून | 32°C | 20°C |
| नई दिल्ली | 35°C | 23°C |

# भारतीय लोकदल के रिकॉर्ड तक नहीं पहुंची कोई भी पार्टी, यूपी में जीत ली थीं 85 की 85 सीटें

✻ 1977 के लोकसभा चुनाव में भारतीय लोकदल ने यूपी में शत-प्रतिशत सीटें जीतने का कारनामा किया था। जबकि भाजपा ने 2014 में प्रदेश में 80 में से 71 सीटें जीत ली थीं।



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

चुनाव में ज्यादातर दल सभी सीटें जीतने का दावा करते हैं। इस सब के बीच भारतीय लोकदल ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने वर्ष 1977 में प्रदेश की सभी 85 लोकसभा सीटें जीतने का कारनामा कर दिखाया। कांग्रेस इस आंकड़े के पास दो बार पहुंची तो वर्तमान सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी अधिकतम 88.75 फीसदी सीट हासिल कर सकी। इस बार भी सत्तापक्ष और विपक्ष के अपने-अपने दावे हैं। हकीकत लोकसभा चुनाव के बाद ही सामने आएगी। पहले आम चुनाव में प्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बादशाहत कायम की थी। उस समय कांग्रेस के हिस्से 86 में से 81 सीटें आई थीं। दूसरे नंबर पर दो सीट हासिल करने वाले निर्दलीय प्रत्याशी थे। 1957 में भी कांग्रेस को कोई दल टक्कर नहीं दे सका और 86 में से 70 सीटें उसके खाते में गईं। इस बार भी दूसरे नंबर पर नौ निर्दलीय प्रत्याशी ही रहे। वर्ष 1962 में कांग्रेस के प्रभुत्व में कुछ कमी आई और उसके खाते में 86 में से 62 सीटें गईं। हालांकि न तो निर्दलीय और न ही किसी अन्य दल ने दहाई का आंकड़ा पार किया। 1967 के चुनाव में कांग्रेस का सीट प्रतिशत कम होकर 55.29 फीसदी रह गया और दूसरे नंबर पर रहे भारतीय जनसंघ ने 12 सीटें हासिल कीं। 1971 में एक बार फिर से कांग्रेस ने 85 में से 73 सीटें जीतीं। इसके बाद देश में लगे आपातकाल की वजह से पूरे विपक्ष ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा। जनता पार्टी का विधिवत गठन न होने की वजह से भारतीय लोकदल के चिह्न पर 1977 का चुनाव लड़ा गया। इसमें भारतीय लोकदल को 85 में से 85 सीटें हासिल हुईं। इसके बाद वर्ष 1984 के चुनाव में इंदिरा गांधी की हत्या की वजह से पूरे देश में कांग्रेस की लहर चली। इसका नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस ने प्रदेश में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए 85 में से 83 सीटें हासिल कीं। इस चुनाव में लोकदल के खाते में महज दो सीटें ही रहीं। इसके बाद किसी भी चुनाव में कोई भी दल 90 फीसदी से ज्यादा सीट हासिल नहीं कर सका। भारतीय जनता पार्टी ने जरूर 2014 में 80 में से 71 के साथ 88.75 फीसदी सीटें हासिल की थीं। वर्ष 2009 के चुनाव में सपा ने 28.75 फीसदी के साथ 80 में से 23 सीटें हासिल की थीं। इस लिहाज से अब तक के किसी भी चुनाव में सबसे बड़े दल द्वारा हासिल की गई यह न्यूनतम संख्या और न्यूनतम सीट प्रतिशत है।

# महिगवां पुलिस ने चोरी के सामान समेत दो व्यक्ति किये गिरफ्तार




✻ पुलिस ने व्यक्ति के पास से एक 315 अवैध देशी तमंचा व एक 315 कारतूस, एक मशीन की बरामद

**जन एक्सप्रेस । महिगवां, लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस आयुक्त एस0बी0 शिरडकर द्वारा अपराध एवं अपराधियो पर नियंत्रण व अपराध रोकथाम हेतु वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत लखनऊ उत्तरी जोन डीसीपी अभिजीत आर शंकर के आदेशानुसार एडीसीपी जितेन्द्र दुबे के निर्देशानुसार एसीपी बीकेटी सुजीत दुबे के नेतृत्व में महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 बजरंगी गौतम, हे0 का0 देवेन्द्र सिंह,का0 दिनेश कुमार ने महिगवां क्षेत्र में संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान दो व्यक्ति कुम्हरावां बाजार से 500 मीटर आगे कुर्सी रोड पर मौजूद थे तभी चेकिंग में दो संदिग्ध व्यक्ति जो मोटर साईकिल से कुम्हरावां की तरफ से आ रहे थे।

पुलिस बल को देखकर पीछे मुड़कर भागने की कोशिश की तभी पुलिस बल द्वारा दबिश देकर पकडकर नाम पता पूछा गया तो अपना नाम तुफैल पुत्र मुस्ताक निवासी वार्ड नं0 03 तकिया कस्बा इटौंजा उम्र करीब 25 वर्ष व जैद पुत्र मो0 सगीर निवासी वार्ड नं0 03 तकिया कस्बा इटौंजा उम्र करीब 20 वर्ष है। पुलिस को इनके पास से 01 चोरी की ग्राइण्डर मशीन कटर, 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। वहीं महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने बताया कि चोरी का सामान व एक अवैध देशी तमंचा व एक कारतूस बरामद करके धारा 411 भादवि की बढ़ोतरी करते हुये मु0अ0स0 38/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त गण को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय भेजा गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ताबूत हजरत ए अली की जियारत करायी गयी

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** अन्जुमन पैनुल अजा के तत्वाधान में मजलिस के बाद ताबूत हजरत ए अली के (दर्शन) जियारत करायी गयी। स्थानीय पुराना हैदर गंज लखनऊ कर्बला मुन्शी फज़्ले हुसैन, लखनऊ में मजलिस से पहले, पेशखानी करते हुये शायर ए अहलेबैत, अबुल हसन हुसैनी ने शेर पेश करते हुये कहा कि इस्लाम के दावन में बस इसके सिवा और क्या है एक हजरत अली की शहादत, एक हजरत इमाम हुसैन की शहादत। फिक्रे मिल्लत मौलाना यासूब अब्बास ने मजलिस को खिताब करते हुये कहा कि पैगम्बर मुहम्मद साहब के प्रथम असली उत्तराधिकारी हजरत अली एकता और भाईचारे के प्रबल पक्षधर, हिमायती थे और आतंकवाद, उत्पीड़न और मानवाधिकार हनन के सख्त विरोधी थे। मौलाना ने हजरत अली पर ढाये गये जुल्म का बयान करते हुये कहा कि 19 रमजान की सुबह नमाज का जब नेतृत्व कर रहे थे तो अब्दुल रहमान इब्ने मुल्जिम ने दौरान नमाज हजरत अली पर जहर से बुझी तलवार से कातिलाना हमला कर दिया इसी कारण 21 रमजान को शहीद हो गये। मसायब सुनकर (श्रद्धालुगण) अकीदतमन्द अपने आसुओं के सैलाब को रोक न सके।

### ज्ञान-दान समाज के लिए कल्याणकारी कार्य है: उमानंद शर्मा

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''बांसा कम्युनिटी लाइब्रेरी एण्ड रिसोर्स सेन्टर ग्रामसभा बांसा, ब्लाक मल्लावां, जिला हरदोई, उ.प्र.'' में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 405वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्रीमती अर्चना गुप्ता एवं डॉ. नीलम गुप्ता ने अपने पूज्य पिता स्व. प्रेम शंकर गुप्ता की स्मृति में भेंट किया। उपस्थित क्षेत्र के सभी साहित्य प्रेमियों को एक-एक अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ज्ञान-दान समाज के लिए कल्याणकारी कार्य है।'' डॉ. नीलम गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किये। सार्वजनिक पुस्तकालय के व्यवस्थापक एवं ग्राम प्रधान सम्पूर्णांनंद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, अनिल भटनागर, देवेन्द्र सिंह, नीलम गुप्ता, ग्राम प्रधान सम्पूर्णांनंद सिंह, विपिन कुमार सोनी, रामसहायक वर्मा, परमेश्वरदीन कनौजिया, रामकुमार, राकेश कुमार वर्मा सहित क्षेत्र के सभी साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

### यूपी मदरसा बोर्ड के मामले में हाईकोर्ट का फैसला अफसोसजनक: अफाक

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राष्ट्रीय सामाजिक कार्य कर्ता संघ के संयोजक मुहम्मद अफाक ने यूपी मदरसा बोर्ड को असंवैधानिक घोषित करने वाले फैसले पर अफसोस जताया और कहा कि हाईकोर्ट ने यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया है। हालांकि इस फैसले का असर सभी पर पड़ेगा। सार्वजनिक और निजी मदरसों सहित सभी का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि अब संपर्दयेक ताकतें यूपी के सिर्फअनुदानित मदरसों को ही नहीं बल्कि सभी मदरसों को बंद करने की साजिश में लग जायेंगे। इसलिए मैं सभी मदरसों के पदाधिकारियों से अपील करता हूं कि बिना समय बर्बाद किये एक मजबूत कार्ययोजना तय करें और मिलजुल कर ईमानदार युवा मुस्लिम मदरसों के विद्वान वकीलों का चयन करें और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटायें। मदरसों के माध्यम से कमाई करने वाले दलालों से छुटकारा पाएं, क्योंकि अगर दलाल सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गए, तो आखिरी उम्मीद भी खत्म हो जाएगी! सांप्रदायिक ताकतें भविष्य में भारत में वही तरीका अपनाने की योजना बना रही हैं जो इस से पहले इस्पैन ने किया है। अंत में उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात है कि धार्मिक मदरसों को खत्म करने की इतनी बड़ी योजना के खिलाफबड़े-बड़े मदरसों के बड़े-बूढ़े भी कुछ नहीं बोल रहे हैं, सो रहे हैं, चूं तक नहीं कर रहे हैं। मैं पूरे देश के मदरसों की जिम्मेदारों से अपील करता हूं कि वे संविधान के मुताबिक इस मामले में एकजुट हों और पूरी ताकत से संवैधानिक लड़ाई लड़ें।

### शहरों में किराये के मकान की समस्या को उजागर कर गया नाटक ऊपर की मंजिल खाली है

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय संस्कृति विभाग नई दिल्ली के सहयोग से नाट्य संस्था आकांक्षा थियेटर आर्टस के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय नाट्य समारोह की द्वितीय संध्या में आज शाम वाल्मीकि रंगशाला उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी गोमती नगर लखनऊ में आत्मा राम सावंत की मूल रचना का श्रीधर जोशी के नाट्य रूपान्तरण एवं अशोक लाल के निर्देशन में नाटक ऊपर की मंजिल खाली है। का मंचन किया गया। नाटक ऊपर की मंजिल खाली है के मंचन से पूर्व मुख्य अतिथि अशोक कुमार अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता विभाग प्रतितोष आयोग उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप कुमार निबंधक राज्य उपभोक्ता प्रतितोष आयोग उत्तर प्रदेश व बी.एन. ओझा ने दीप प्रज्जवलित कर किया नाटक ऊपर की मंजिल खाली है ने शहरों में किराये के मकान की समस्या को उजागर कर अपने परिस्थितिजन्य हास्य- परिहास और चुटीले संवादों के साथ दर्शकों को हंसा कर मंत्रमुग्ध किया।

# डीपीएस स्कूल में 2023-24 के समापन में परीक्षा परिणाम हुए घोषित




✻ छात्र लव कुमार ने टॉप कर माता पिता का नाम किया रोशन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के इटौंजा रामलीला मैदान स्थित डीपीएस एकेडमी विद्यालय में सत्र 2023-24 के समापन के साथ ही विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बता दें कि विद्यालय में डीपीएस स्टार के रूप में रिद्धिका, अजीत मिश्रा, जिज्ञासा व समीक्षा रावत को चुना गया। साथ ही छात्र लव कुमार ने विद्यालय में टॉप कर अपने माता-पिता व शिक्षक एवं विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय की प्रबंधक शैल सिंह ने बच्चों को उनके परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी और यह भी कहा कि सफलता व असफलता दोनों ही एक सिक्के के दो पहलू हैं हमें इसे स्वीकार करना चाहिए और आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह, प्रधानाचार्य मीता चक्रवर्ती के साथ समस्त अध्यापक-अभिभावक मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

✻ उल्लंघन पर दो साल की जेल और जुर्माने का प्रावधानः रिणवा

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों के साथ-साथ चार विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-126(1)(ख) के तहत मीडिया में किसी भी तरह के एग्जिट पोल पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अंतर्गत यह निर्देश जारी किये हैं। कोई भी व्यक्ति प्रदेश में इस दौरान न ही मत सर्वेक्षण करेगा और न ही किसी मत सर्वेक्षण के परिणाम का प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रसारण किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि एग्जिट पोल पर यह प्रतिबंध साधारण निर्वाचन की स्थिति में मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से लेकर सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के आधे घंटे तक जारी रहेगा। वहीं उप निर्वाचन की स्थिति में भी यही प्रतिबन्ध लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा किसी उप निर्वाचन या एक साथ कराए जाने वाले उप निर्वाचन की स्थिति में भी यह अवधि मतदान शुरू होने से लेकर मतदान खत्म होने के आधे घंटे तक जारी रहेगी। अलग-अलग दिनों पर एक साथ कराए जाने वाले उप निर्वाचनों की दशा में मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से शुरू होगी और अंतिम मतदान समाप्त होने के आधे घंटे तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता पाया जायेगा, उसे दो वर्ष तक कारावास की सजा और जुर्माना या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को पूर्वाह्न 7 बजे तथा 01 जून को अपराह्न 6:30 बजे के बीच की अवधि को ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित किया है, जिसके दौरान वर्तमान लोक सभा के साधारण निर्वाचन और प्रदेश के 4 विधानसभा क्षेत्रों के उप निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार और किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

# गरीबों की दिल खोल कर सहायता करें: मौलाना खालिद रशीद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

रमजानुल मुबारक के तीसरे जुमे को जामा मस्जिद ईदगाह लखनऊ में अपने खुतबे में इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया ने कहा कि अल्लाह के इंआमों में से एक इंआम रमजानुल मुबारक का महीना है जिसमें एक एक नेकी का सत्तर से सात सौ गुना तक अल्लाह तआला अपने बंदों को सवाब देता है, इससे नेकी की ऐसी फिज़ा और माहौल बन जाता है कि बंदे के दिल का झुकाव बुराई की तरफ कम और अच्छाई की तरफ ज्यादा से ज्यादा हो। इसी मुबारक महीने में रोज़े जैसे अहम्तरीन रुक्न-ए-इस्लाम को फर्ज किया कि इसका दिन रोज़े की हालत में गुज़ारा जायेगा, इस में रोज़ा रखने का बदला अपने लिए खास़ किया। इसका पहला अशरा रहमत, दूसरा अशरा मग़फिरत और तीसरा अशरा जहन्नम से छुटकारा है। रमजानुल मुबारक के इस महीने में नेक अमल को आसान बनाने के लिए शैतानों को कैद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कुरान मजीद में तीन तरह के विषय हैं। एक अकीदा कि खुदा पाक पूरी दुनिया का मालिक है। उसने दुनिया को पैदा करके उसको दूसरों के हवाले नही कर दिया है बल्कि वह हर समय पूरी कायनात को अपनी मर्जी के मुताबिक़ चला रहा है। इस लिए हम सब को अपनी जरूरतें इसी एक मालिक के सामने रखनी चाहिएं।

# राष्ट्रधर्म पत्रिका के पूर्व संपादक आनन्द मिश्र अभय का निधन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राष्ट्रधर्म पत्रिका के एक प्रयोगधर्मी पूर्व सम्पादक आनन्द मिश्र अभय का गुरुवार रात उनके बाराबंकी स्थित आवास पर देहांत हो गया। वे लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। जीवन पर्यन्त उन्होंने अपनी लेखनी से गम्भीर विषयों पर प्रहार किया। वे पाठकों की बौद्धिक सम्पदा को बढ़ाने वाले विषयों को पठनीय तरीके से पत्रिकाओं में प्रकाशित करते थे। अभय जी का राष्ट्रधर्म के सम्पादन की दृष्टि से सर्वाधिक लम्बा कार्यकाल (सितम्बर, 1997 से अगस्त, 2016 तक) रहा है। उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही शोक की लहर छा गई। सूचना मिलने के बाद राष्ट्रधर्म प्रकाशन समूह के निदेशक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकान्त, राष्ट्रधर्म के प्रभारी निदेशक सर्वेश चंद्र द्विवेदी, सम्पादक प्रो. ओमप्रकाश पाण्डेय एवं प्रबंधक पवन पुत्र बादल सहित समस्त कर्मियों व पदाधकारियों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। लखनऊ के राजेंद्रनगर स्थित राष्ट्रधर्म प्रकाशन संस्थान में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जीवन के 93 बसंत देखने वाले अभय का जन्म ग्राम सहजनपुर (हरदोई, उ.प्र.) में 4 दिसम्बर, 1931 (मार्गशीर्ष शुक्ल 10, विक्रमी संवत् 1988) को साहित्य प्रेमी रामनारायण मिश्र 'विशारद' तथा श्रीमती रामदेवी के घर में हुआ था।

# कंडटर ने दांत से काटा यात्री का कान, बेहोश

✻ यात्रियों से मधुर व्यवहार करने के दावे कैसरबाग बस स्टेशन पर तार-तार हो गए

✻ यात्री को बस में बैठने से रोका गया उससे प्लेटफार्म नंबर 11 से गेट तक कई चक्कर लगवाए।

✻ अनुबंधित डिपो के कंडक्टर ने गालियां भी दी।

✻ ड्राइवरों व कंडक्टरों ने उसकी जमकर पिटाई की।



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यात्रियों से मधुर व्यवहार करने के दावे कैसरबाग बस स्टेशन पर तार-तार हो गए। यात्री को बस में बैठने से रोका गया, उससे प्लेटफार्म नंबर 11 से गेट तक कई चक्कर लगवाए। अनुबंधित डिपो के कंडक्टर ने गालियां भी दी। ड्राइवरों व कंडक्टरों ने उसकी जमकर पिटाई की। बाएं हाथ की कनिष्ठिका अंगुली और कान को दांत से काटा। बेहोश यात्री का राहगीरों ने बलरामपुर अस्पताल में इलाज कराया। पुलिस ने 24 घंटे बाद कंडक्टर व ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। सीतापुर अटरिया के गांव मऊ निवासी कुलदीप कुमार गाजियाबाद में नमस्ते इंडिया दूध कंपनी में सुपरवाइजर हैं। होली पर दूध की मांग अत्यधिक होने से उसे अवकाश नहीं मिला। 26 मार्च को कुलदीप हापुड़ से नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन पकड़कर 27 मार्च की सुबह पांच बजे लखनऊ पहुंचा। कैसरबाग बस स्टेशन पर उसने बिसवां सीतापुर जा रही बस संख्या यूपी 34 टी 9813 के कंडक्टर से पूछा कि उसे अटरिया जाना है तो कंडक्टर ने कहा कि प्लेटफार्म नंबर 11 पर जाओ। कुलदीप प्लेटफार्म पर पहुंचा तो वहां बस कंडक्टर ने बताया कि उसे बस स्टेशन के गेट से ही बस मिलेगी। कुलदीप बस स्टेशन के गेट व प्लेटफार्म नंबर 11 के बीच कई बार आया-गया। परेशान होकर उसने बिसवां जा रही बस के कंडक्टर से कहा कि क्यों बिना वजह दौड़ा रहे आप ही लिये चलिए। कुलदीप के बस पर चढ़ते ही कंडक्टर ने उसे गालियां दी। युवक ने पलटकर कहा कि आपने गालियां देने का संस्कार सीखा है। कुलदीप का आरोप है कि इतना कहते ही कंडक्टर ने उस पर हमला किया। बसों के ड्राइवरों व कंडक्टरों ने घेरकर उसे पीटा। कंडक्टर ने बाएं हाथ की कनिष्ठिका अंगुली व अन्य जगह काटा। कान को दांत से काटा। वह बेहोश हो गया। कुछ घंटे बाद बलरामपुर अस्पताल में होश आया। उसने बताया कि वह बहन के विवाह की रिश्ते की बात करने के लिए गांव जा रहा था। कुलदीप की तहरीर पर वजीरगंज पुलिस ने बस के संविदा कंडक्टर बीकेटी के शरण मिश्र, ड्राइवर रेजीडेंसी तिराहा निवासी मोहम्मद रियाज को गिरफ्तार कर लिया है। कैसरबाग के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद कुमार ने बताया कि कंडक्टर को रूट आफ कर दिया है, जांच में पुष्टि होने पर बर्खास्त किया जाएगा। यात्री व कंडक्टर दोनों घायल हुए हैं। विवाद टिकट बनाने का रहा। यात्री अटरिया तक टिकट ले रहा था, जबकि उसे उससे आगे मऊ गांव के पास उतरना था। कंडक्टर अगले स्टाफ का टिकट बनाने की जिद कर रहा था। कैसरबाग स्टेशन पर ही महिला यात्री को थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल हो चुका है। पूछताछ केंद्र पर बदसलूकी हुई थी, निगम ने महिला कार्मिक को निलंबित किया था। स्टेशन ड्राइवरों व कंडक्टरों ने प्रदर्शन करके पिछले दिनों बसों का संचालन पूरी तरह से ठप करा दिया था।

## सपा युवा सपा नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं मोहनलालगंज लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के दुबग्गा लखनऊ आवास पर युवा सपा नेता अजय यादव और राजू रावत के प्रयास से सैकड़ों युवाओं ने मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की हर वर्ग हर समाज को बिना भेदभाव के सशक्त करने की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर कई सपा नेताओं और उनके साथियों ने समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की। कौशल किशोर ने भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत किया जिसमें पिपरसंड निवासी अजय यादव ,अजीतन खेड़ा निवासी मुन्नी लाल यादव अजीत यादव आदित्य निषाद विवेक यादव निखिल यादव डिगिया निवासी सचिन यादव, जीशान खान, मौंदा निवासी आदर्श दुबे आकाश राजपूत आकाश यादव आदित्य दुबे कालिया खेड़ा निवासी अंकित यादव, ऋषभ यादव शेखर शुक्ला परसादी खेड़ा निवासी प्रणव मिश्रा सरोसा निवासी आशीष यादव राज पांडे, सकरा निवासी अभय प्रताप सिंह, विशाल यादव, टेढ़ेमऊ निवासी मनोज कुमार पंडित खेड़ा निवासी रवि दुबे आदि।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# राजस्थान में वसुंधरा राजे समर्थक सांसदों का सफाया

**मंजू शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सिफारिश पर भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया है। दौसा से भाजपा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट दी गयी है। जसकौर मीणा पूर्व में सवाई माधोपुर से सांसद व बाजपेयी सरकार में राज्य मंत्री रह चुकी है। वह वसुंधरा राजे के नजदीकी मानी जाती है। दौसा सीट पर वर्तमान सांसद जसकोर मीणा अपनी पुत्री अर्चना मीणा को टिकट दिलवाना चाहती थी। वहीं राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा को टिकट दिलवाना चाहते थे। ऐसे में भाजपा ने वहां से चार बार विधायक व मंत्री रह चुके।**

*राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के सभी समर्थक सांसदों के टिकट काट दिए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के बड़ी संख्या में टिकट काटे गए थे। अब लोकसभा चुनाव में भी उनके समर्थकों का सफाया हो गया है। सिर्फ वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को झालावाड़ से पांचवीं बार सांसद का टिकट मिला है। श्रीगंगानगर सीट पर पांच बार के मौजूदा सांसद निहालचंद मेघवाल का टिकट काटकर अनूपगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका बैलान को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रियंका बैलान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव रह चुकी है। निहालचंद मेघवाल 1996, 1999, 2004, 2014 व 2019 में सांसद व 1998 में रायसिंह नगर से विधायक रह चुके हैं। उनके पिता बेगाराम चौहान 1977 में जनता पार्टी से व 1989 में जनता दल से सांसद व 1972 में रायसिंह नगर से स्वतंत्र पार्टी की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। निहालचंद के भाई लालचंद चौहान भी 2003 में रायसिंह नगर से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। ऐसे में निहालचंद मेघवाल का टिकट काटने का सिर्फ एक ही कारण रहा है। उनका वसुंधरा राजे गुट में होना। कांग्रेस ने वहां से कुलदीप इंदौरा को प्रत्याशी बनाया है। चूरू से भाजपा के दो बार सांसद रहे राहुल कस्वां का टिकट काटने का भी मुख्य कारण वसुंधरा राजे के नजदीकी होना था। राहुल कस्वां चूरू में मजबूत जनाधार वाले नेता माने जाते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ के तारानगर से चुनाव हारने के चलते राहुल कस्वां का टिकट काटा गया है। राहुल कस्वां स्वयं 2014 व 2019 में चूरू से भाजपा टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। उनके पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद व सादुलपुर से विधायक रह चुके हैं। राहुल कस्वां के दादा दीपचंद कस्वां 1980 में सादुलपूर सीट से निर्दलिय व राहुल कस्वां की माता कमला कस्वां 2008 में सादुलपुर से भाजपा की विधायक रह चुकी है। उनकी माता कमला कस्वां चूरू की जिला प्रमुख व पंचायत समिति प्रधान भी रही हैं। राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनकड़ के दामाद है। फिर भी उनका टिकट महज राजेंद्र राठौड़ के विरोध के चलते काटा गया है। अब राहुल कस्वां कांग्रेस टिकट पर चूरू लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। झुंझुनू से नरेंद्र कुमार खीचड़ का टिकट काटकर उदयपुरवाटी से पूर्व में विधायक रहे शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र खीचड़ भी वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते रहे हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले स्वयं वसुंधरा राजे ने उनको भाजपा में शामिल करवा कर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा टिकट पर प्रत्याशी बनवाया था। 2019 में उन्हें वसुंधरा राजे की सिफारिश पर ही लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। झुंझुनू में कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के सुपुत्र विजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है। जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा से दो बार लगातार सांसद व पूर्व जिला प्रमुख रहे रामचरण बोहरा का टिकट काटकर मंजू शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया हैं। रामचरण बोहरा वसुंधरा राजे के नजदीकी लोगों में शुमार होते थे तथा उनके हर कार्यक्रम में पूरी सक्रियता से भाग लेते थे। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। हालांकि मंजू शर्मा भी भाजपा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा की सभी सरकारों में मंत्री रहे दिग्गज नेता भंवरलाल शर्मा की पुत्री है तथा 2008 में हवामहल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बृजकिशोर शर्मा से मात्र 580 वोटो से चुनाव हार गई थी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर।**

# चुनाव में भाषा का संयम एवं वचनों की मर्यादा जरूरी



ललित गर्ग

**द्रविड़ राजनीति में गाहे-बगाहे ऐसे अवसर आते रहते हैं जब मंच से नेता वाहवाही बटोरने के लिए ऐसा कुछ कह जाते हैं, जिससे न केवल उनकी बल्कि पार्टी की भी फजीहत होती है। एक वर्ग को खुश करने की चाह में और अपने आला नेता की चाटुकारिता में बिना सोचे समझे बोलने के गंभीर परिणाम होते हैं। हकीकत यह है कि यह प्रवृत्ति पूरे देश में बढ़ रही है। कौन सा नेता कब वाणी का संयम खो दे, कहा नहीं जा सकता।**

लोकसभा चुनावों जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, कई नेताओं की ज़ुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी ज़िंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क है। चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है। एक तरफ गर्मी चुभन का अहसास करा रही है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है। नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिये रामबाण औषधि बना है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान बना है। ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का 'दुष्प्रचार और गलत सूचना' राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है। ईवीएम और निर्वाचन आयोग के बारे में भ्रामक टिप्पणी 'लोक अव्यवस्था पैदा करने के इरादे' से की गई हैं। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, विवादास्पद बयानों की झड़ी भी लगने लगी। हमारे देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल-बयान एक महत्वपूर्ण अंग होती है। लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। आजादी के बाद देश में जिस प्रकार राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज कुछ राजनीतिक दलों के नेता अपने



**भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता।**

विपक्षी राजनेता को 'पप्पू' जैसे शब्दों से ताना मारते हैं, तो कोई विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये चौकीदार चोर है या चायवाला जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्या हमारे देश की राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा है? ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत ही सस्ते शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने तो नीच, कातिल जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया था जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो सूची काफी लंबी है। चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम और प्रियंका गांधी। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तो सारी हदें पार कर दी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने ईवीएम की निंदा 'चोर' के रूप में की थी। सभी ने मौका देखकर बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने करोड़ों समर्थकों के सामने इन शब्दों और उन्हें बोलने वालों के खिलाफ माहौल बना दिया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है। मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार-तार करने वाले इन नेताओं को आत्म-चिंतन की सख्त जरूरत है। मर्यादित भाषा में विभिन्न दलों और नेताओं की आलोचना इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। भाषा की मर्यादा और वाणी में संयम भारत के लोकतंत्र का आधार है। बेलगाम भाषा से क्षणिक प्रचार और सुर्खियां बटोरना सम्भव है लेकिन अतीत में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जो ये दर्शाते हैं कि ऐसे नेताओं को जनता भी कुछ समय बाद ही भूल जाती है। नेताओं को हर हालत में भाषा की मर्यादा एवं शालीनता को बनाए रखना चाहिए। भले ही चुनाव का वक्त आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है और खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन यह सब करते हुए भाषा की शालीनता एवं कड़वे बोल से बचने की जरूरत है। यह वक्त मतदाता के जागने एवं विवेक से मतदान करने का भी है। वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। विडंबना ही है कि अमृतकाल से गुजरते देश में मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग विष और अमृत के भेद को पूरी तरह महसूस नहीं कर पाया है। नेताओं के गलत, बेबुनियाद एवं तथ्यहीन बयानों कर सत्यता को जाने बिना उन पर विश्वास कर मतदाता लोकतंत्र को कमजोर करता है। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता। जो बड़ा तबका निकलता भी है वह भी धर्म, जाति, क्षेत्र और धनबल से रचे सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पाता। विशेषतः दक्षिण भारत की राजनीति में भाषा को राजनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। तमिलनाडु के नेता इसी भाषाई आग्रह के साथ कब और क्या बोल दें, यह कोई नहीं जानता। इससे समस्याएं पैदा हो जाती हैं। ऐसे ही कुछ मामलों की चर्चा आज भी होती है। इसी कड़ी में चुनाव प्रचार के दौरान एक नेता की टिप्पणी चर्चा का विषय बनी हुई है। इस तरह के बयानों से बना बनाया खेल बिगड़ जाता है और निजी छवि भी धूमिल हो जाती है।




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | पंचमी 21:14 तक |
| नक्षत्र: | अनुराधा 22:03 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योग: | सिद्ध, 22:46 |
| सूर्योदय: | 06:14 |
| सूर्यास्त: | 18:37 |
| चंद्रमा: | वृश्चिक राशि में |
| राहुकाल: | 09:20-10:52 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | 12:01-12:49 |

## जन एक्सप्रेस

### धड़ाधड़ आदेश !

*जेल में ही बैठ कर ।*
*धड़ाधड़ आदेश ।।*
*छूट रही ना कुर्सी ।*
*व्यक्तिव जो विशेष ।।*
*हुआ बहुत प्रयास ।*
*पर असफल है आम ।।*
*भ्रष्टाचार शब्द पर ।*
*ना लगी लगाम ।।*
*बंद न पड़े दुकान ।*
*पूरा ज़ोर लगाया ।।*
*आस पास जो कट्टर थे ।*
*पहले ही भगाया ।।*
*देखते हैं किस करवट ।*
*बैठता है ऊंट ।।*
*था जिसका विरोध उससे ।*
*रिश्ता अब अटूट ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हाई कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए करें शहद और लहसुन का सेवन, मिलेंगे अनोखे फायदे

**असंतुलित** खानपान और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा रहता है। शरीर में बढ़े बैड कोलेस्ट्रॉल को सही समय पर कंट्रोल न करने से हार्ट की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। हमारे शरीर में दो तरह के कोलेस्ट्रॉल बनते हैं- एक हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन जिसे गुड कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है और दूसरा लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन जिसे बैड कोलेस्ट्रॉल कहते हैं। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति हो ही हाई कोलेस्ट्रॉल कहते हैं। इसकी वजह से हार्ट अटैक, कार्डियक अरेस्ट समेत कई गंभीर स्थितियों का खतरा भी बढ़ जाता है। शरीर में बढ़े बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए शहद और लहसुन का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

**हाई कोलेस्ट्रॉल में शहद और लहसुन खाने के फायदे:** शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल यानी स्घ्रु का लेवल 100 द्वद्द/स्रु से कम होना सामान्य माना जाता है। अगर इससे ज्यादा है, तो आपको तुरंत डॉक्टर की सलाह लेने की जरूरत होती है। कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अगर 130 द्वद्द/स्रु से ज्यादा है, तो आपको हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। लहसुन और शहद में मौजूद गुण शरीर में बढ़े बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, ÷लहसुन और शहद में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट गुण समेत कुछ केमिकल शरीर में बढ़े बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। नियमित रूप से शहद और लहसुन का सेवन करने से हार्ट डिजीज के खतरे को कम करने में भी मदद मिलती है। इसका सेवन वजन कंट्रोल करने से लेकर ब्लड शुगर को मेंटेन रखने में भी फायदेमंद होता है। आप डॉक्टर की सलाह लेकर हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या में इसका सेवन कर सकते हैं।



### हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण

- सीने में दर्द और बेचैनी
- सांस लेने में परेशानी
- ब्लड प्रेशर बढ़ना
- स्किन के रंग में बदलाव
- अचानक से घबराहट होना
- अचानक दिल की धड़कन बढ़ना
- शरीर में लगातार थकान और सुस्ती बनी रहना
- अचानक से शरीर के बाएं हिस्से में दर्द होना
- मतली और उल्टी की समस्या

**हाई कोलेस्ट्रॉल में कैसे करें शहद-लहसुन का सेवन?:** हाई कोलेस्ट्रॉल से छुटकारा पाने के लिए रोजाना सुबह के समय शहद और लहसुन का एक साथ सेवन करना चाहिए। रोजाना लहसुन की दो कलियों को हल्की आंच में रोस्ट करके शहद में डुबाकर खाएं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर को कई अनोखे फायदे मिलेंगे। जीवनशैली में कुछ बदलाव करके आप कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रख सकते हैं। इसके लिए आप रेग्युलर एक्सरसाइज करें। इससे एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है। हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण दिखने पर सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# नकली दवा के असली सौदागरों पर कसे सख्त नकेल



ऋतुपर्ण दवे

**संगठन की चेतावनी के बाद यह जरूर माना गया था कि देश में कैंसर में इस्तेमाल होने वाला इंजेक्शन एडसेट्रिस के आठ अलग-अलग नाम व प्रकार के नकली उत्पाद सहित लिवर की नकली दवा डिफिटेलियो भारतीय बाजार में मौजूद हैं।**

**बड़ा सवाल यह कि हराम की कमाई के चक्कर में खुलेआम आंखों में धूल झोंकने वाले ये मौत के सौदागर कभी फांसी के फन्दे तक पहुंच पाएंगे? इन्हें नजरअंदाज करने वाले जिम्मेदारों पर भी क्या कभी फंदा कसेगा? यकीनन कैंसर जैसी घातक और दर्दनाक बीमारी झेल रहे किस्मत के मारे अधमरे लोगों की जिंदगी से खेलने वाला हर वो शख्स इस पाप का बराबर भागीदार है जिसे इस घिनौने खेल का पता था।**

**इसे** व्यवस्था की नाकामी कहें या भ्रष्टाचार का खेल, लेकिन सच्चाई यही है कि इंसान की जान से बेपरवाह लोग, पैसे की हवस के आगे दरिन्दे बन मौत के सौदागर तक बन जाते हैं। कैंसर की नकली दवा बनाने वाले गिरोह के राष्ट्रीय राजधानी में पकड़े जाने के बाद लोग हैरान-परेशान हैं। यूं तो भारत में नकली दवाओं के खेल का सिलसिला लंबे वक्त से जारी है, जो रुकने का नाम नहीं ले रहा। इसका दूसरा पहलू यह भी कि इसे रोकने की खातिर लंबे-चौड़े अमले पर भारी भरकम खर्च और सख्त कानून के बावजूद जारी रहना खुद में बड़ा सवाल है। शासन-प्रशासन के नुमाइंदे नक्कालों से सावधान का राग अलापते रहें तो अटपटा जरूर लगता है। दिल्ली पुलिस ने हाल ही में तमाम सुबूतों के साथ कैंसर की नकली दवा बनाने वाले जिस गिरोह का पर्दाफाश किया उसमें 12लोग शामिल हैं। दुखद यह कि आरोपितों में दो जाने-माने कैंसर अस्पताल के कर्मचारी हैं। निश्चित रूप से पूरा गैंग सारी तैयारियों से इस काम में जुटा था। पिछले साल विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत मे बिक रही कैंसर और लिवर की नकली दवाओं को लेकर चेताया था। नकली दवाओं के असली निर्माताओं ने भी दावा किया था कि उनके नाम व ब्रान्ड पर भारत में नकली दवाओं का असली खेल चल रहा है। तब कुछ ठोस कार्रवाई होती दिखी नहीं। शर्मनाक यह भी कि भारत के औषधि महानियंत्रक यानी ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया तक बेसुध रहे कि कैंसर तथा लिवर के नकली इंजेक्शन धड़ल्ले से और खुले आम कैसे बिक रहे हैं। संगठन ने चेताया लेकिन यहां किसे होश आया? यह तो ठीक वैसा ही हुआ जैसे कोरोना के नकली रेमेडिसविर इंजेक्शन ने न जाने कितनों की जान ले ली और जिम्मेदार बेसुध रहे? संगठन की चेतावनी के बाद यह जरूर माना गया था कि देश में कैंसर में इस्तेमाल होने वाला इंजेक्शन एडसेट्रिस के आठ अलग-अलग नाम व प्रकार के नकली उत्पाद सहित लिवर की नकली दवा डिफिटेलियो भारतीय बाजार में मौजूद हैं। सवाल यही कि जानकर भी महकमे ने क्या किया? यकीनन दिल्ली पुलिस ने काबिल-ए-तारीफ काम किया। दिल्ली में पकड़े गए इस अकेले गिरोह ने दो साल में ही करोड़ों रुपये की दौलत बनाई। पैसों के भूखे इन नरपिशाचों की करतूत रोंगटे खड़े करने वाली हैं। बेहद सुनियोजित तरीकों से अपने काम को अंजाम देता यह गिरोह कैंसर की दवा की खाली शीशी पांच हजार रुपये में खरीदता जिसकी कीमत 2.96 लाख रुपये तक होती। इनमें फ्लूकोनॉजोल जो कि एक एंटी फंगल दवा है जो करीब 100 रुपये में आती है भरता और इंजेक्शन में नकली दवाइयों को मिलाकर बाजारों में सप्लाई करता। यह दवा कीमोथेरेपी में उपयोग होती जो बेअसर होने के साथ जानलेवा भी रही। असली दवा की कीमत हजारों से लेकर लाखों रुपये तक होती। इस अकेले गैंग के पास से 89 लाख रुपये नकद, 18 हजार रुपये के डॉलर और चार करोड़ रुपये की 7 अंतरराष्ट्रीय और 2 भारतीय ब्रांडों की कैंसर की नकली दवाएं बरामद होना ही इनके बड़े नेटवर्क का संकेत है। इसके तार भारत ही नहीं बल्कि चीन और अमेरिका तक फैले हैं। यकीनन नकली दवा का असली खेल बेहद चिंताजनक है। ऐसे तमाम गिरोहों को बेनकाब कर लोगों की जान से खिलवाड़ रोकने के लिए सख्ती और सतर्कता जरूरी है। नकली दवा की पहचान का भी तरीका है। दवा पर दर्ज क्यूआर कोड स्कैन करते ही दवा का डिटेल मिल जाएगा। कोड नहीं होने पर नकली हो सकती है। कोड से दवा की जानकारी ड्रग विभाग की वेबसाइट पर मिलेगी जो मिलाई जा सकती है जो यहां सबके बस की बात नहीं। अमेरिकन कैंसर सोसायटी के जाने-माने जर्नल ग्लोबल आंकोलॉजी के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 से 2019 के बीच भारत में कैंसर से 1 करोड़ 28 लाख से भी ज्यादा मौतें हुईं। वहीं भारतीय नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के केवल दो वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से 2022 के दौरान देश में 23 लाख 67 हजार 990 लोगों की मौत कैंसर के किसी न किसी प्रकार से हुई। भला कैसे पता चलेगा कि इनमें नकली दवा से कितनों की जान गई? शायद कभी नहीं। बड़ा सवाल यह कि हराम की कमाई के चक्कर में खुलेआम आंखों में धूल झोंकने वाले ये मौत के सौदागर कभी फांसी के फन्दे तक पहुंच पाएंगे? इन्हें नजरअंदाज करने वाले जिम्मेदारों पर भी क्या कभी फंदा कसेगा? यकीनन कैंसर जैसी घातक और दर्दनाक बीमारी झेल रहे किस्मत के मारे अधमरे लोगों की जिंदगी से खेलने वाला हर वो शख्स इस पाप का बराबर भागीदार है जिसे इस घिनौने खेल का पता था।

# साहब मेरे पति को शराब में ज़हर देकर मार डाला गया



**पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार**

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

पति की मौत से आहत पीड़िता लगा रही है न्याय की गुहार पुलिस दर्ज नहीं कर रही एफआईआर पुलिस अधीक्षक खीरी से मिल कर पीड़िता प्रीती सिंह पत्नी स्वर्गीय पुष्पेंद्र सिंह निवासी ग्राम सेमरी थाना पढ़ुआ खीरी की ने बताया की मेरी शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व पुष्पेंद्र सिंह पुत्र हरिचंद के साथ हुई थी।

मेरी पुत्री 8 वर्ष की बीन बाप की बेटी का दर्द मै देख नहीं पा रही मेरे पति दो सगे भाई थे। मेरा देवर रविन्द्र सिंह उर्फ छोटू नसेड़ी प्रवत्ति का व्यक्ति हैं। जो गाँव के रवि यादव पुत्र शिवदत्त यादव के बहकाए में आकर आए दिन घर पर आकर मेरे पति व मुझसे मेरा देवर मारपीट करता था।मेरे पति को रवी यादव आए दिन चुपके से बुलाकर जमीन हड़पने की नियत से मेरे पति को शराब पिलाते थे। जिस कारण 18 मार्च 2024 को मेरे पति को रवि यादव उपरोक्त सुबह 7 बजे स्कूटी से बिठाकर अपने साथ कही लेकर चले गए मेरे पति रात्रि के लगभग 10 बजे वापस घर आए जो काफी नशे में थे कुछ देर बाद मेरे पति की हालत काफी खराब होने लगी तो मैंने एम्बुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र रमियाबहेड़ पहुँचाया जहाँ पर डाक्टरों ने पति को मृतक घोषित कर दिया मुझको संदेह हैं कि विपक्षी रवि यादव व रविन्द्र सिंह उर्फ छोटू उपरोक्त के द्वारा शराब में जहर मिलाकर मेरे पति को पिलाया गया हैं जिस कारण मेरे पति की मृत्यु हो गई हैं। उक्त व्यक्ति ने इससे पहले भी कई बार उक्त घटना को अन्जाम देने की कोशिश की थी। पीड़ित महिला को अपने पति की मौत से काफी गहरा सदमा लगा है,मासूम बच्ची के सिर से पिता का साया हट जाने से बच्ची का हाल काफी बुरा है। मैं चाहती हूं उक्त घटना की निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की जाए और मेरे पति के हत्यारे सलाखों के पीछे पहुंचे अन्यथा विपक्षी किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं।

# जब हुई शिकायत तो भन्ना गए सिटी इंचार्ज

**सीएम पोर्टल पर लगा दी अधिकारियों को गुमराह करने वाली रिपोर्ट**

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी



ढाई माह पूर्व बाइक की टक्कर से ई रिक्शा का शीशा टूटने पर कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जब पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई तो पुलिस उल्टे ई रिक्शा चालक को धमका रही है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर फिर शिकायत भेज दी है। शहर के मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी पवन कुमार गुप्ता सुबह अखबार वितरित करने के बाद परिवार की जीविका चलाने के लिए दिन में ई रिक्शा चलाता है। पवन का कहना है कि 18 जनवरी को दोपहर बाद साढ़े तीन बजे वह सिनेमा चौराहे से सवारी लेकर सदर चौराहे की ओर जा रहा था। तभी अलीगंज रोड पर साहनी बुक स्टोर के पास सामने से गलत दिशा में तेज रफ्तार आ रहे बाइक संख्या यूपी 31सीए/3626 ने उसके ई रिक्शा में टक्कर मार दी थी। जिससे ई रिक्शा का शीशा टूट गया था। पड़ोस के दुकानदारों द्वारा बाइक चालक को पकड़ने का प्रयास करने पर वह बाइक छोड़कर भाग गया था। पवन गुप्ता ने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि बाइक को कोतवाली में खड़ी करा लिया जाए। लेकिन पुलिस ने फोर्स कम होने का हवाला देकर बाइक को कोतवाली नहीं मंगवाया और न ही उस पर कोई कार्रवाई की गई। तब पीड़ित ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत भेजी थी।

मामले की जांच कर रहे एसआई सुनील कुमार सिंह ने गलत रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को गुमराह किया कि घटना ही नहीं हुई है। जबकि उसके ई रिक्शा का शीशा अब भी टूटा हुआ है। पीड़ित ने जब पुनः मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत की तो एसआई ने मौके पर मौजूद लोगों के बयान तक नहीं लिए बल्कि फोन पर पीड़ित को धमकाया कि गलती तुम्हारी ही थी। कार्रवाई तुम्हारे खिलाफ की जाएगी। इससे भयभीत ई रिक्शा चालक अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। और न ही उसे क्षतिपूर्ति मिल रही है।जिससे परेशान होकर उसने फिर सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बच्ची की मौत

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने 6 साल की बच्ची को रौंद दिया। घर वाले बच्ची को लेकर जिला अस्पताल गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। ट्रैक्टर चालक टक्कर मारकर फरार हो गया।

खमरिया - परसिया रोड पर अल्लीपुर गांव के पास स्थित संतोषी माता मंदिर के समीप अपने मौसा के यहां से होली का त्योहार मनाकर अपने माता-पिता के साथ घर जा रही 6 साल की आम्रपाली पुत्री राममूर्ति निवासी लालपुर मुन्नुपुरवा को पीछे से तेजगति आ रहे हैरो जुड़े ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। रौंदते हुए चालक ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। खेतों की तरफ भाग गया चालक इसको देख आम्रपाली के साथ में मौजूद उसके माता-पिता व राहगीर उसे लेकर जिला अस्पताल गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही खमरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हादसे की जांच पड़ताल कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान मृतका के परिजनों ने बताया कि ट्रैक्टर पप्पू उर्फ सुमित पुत्र गजोधर निवासी तमोलीपुर अल्लीपुर थाना खमरिया चला रहा था। जो घटना को अंजाम देकर खेतों में भाग निकला। उपनिरीक्षक सुनील बाबू अवस्थी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला का शव फंदे पर लटका मिला मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



शहर के मोहल्ला राजगढ़ निवासी एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई।उसका शव कमरे के अंदर लटका हुआ मिला।मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ईसानगर निवासी राम मनोहर ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री 28 वर्षीय निशा की शादी शहर के मोहल्ला राजगढ़ निवासी दिलीप गौतम के साथ की थी। दहेज की मांग को लेकर पति व ससुराल के अन्य लोग मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। गुरुवार की देर शाम उन्हें आसपास के लोगों ने सूचना दी कि उनकी पुत्री ने कमरे के अंदर कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मायके के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल अंबर सिंह ने बताया की मामले में कार्रवाई की जा रही है।

होली पर अपने पति दिलीप के साथ घर आई थी निशा मृतका की बड़ी बहन नेहा ने बताया कि निशा अपने पति के साथ होली के बाद घर पर आई थी। वह कुछ बताना चाह रही थी लेकिन पति दिलीप के आ जाने पर वह उसके डर से कुछ बोल नहीं पाई। नेहा ने बताया कि निशा अपने हो रही ज्यादती के बारे में बताते हुए रो पड़ती थी और अपने शरीर पर मार से पड़े चोट के निशान दिखाने लगती थी। उन्होंने बताया कि मृतका के एक डेढ़ साल की बेटी भी है।

## सहबाजपुर में किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन



जन एक्सप्रेस | सीतापुर

नवभारत फर्टिलाइजर द्वारा महमूदाबाद के सहबाजपुर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसके अध्यक्षता गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान रवींद्र कुमार ने की। नवभारत फर्टिलाइजर द्वारा सोमवार को आयोजित गोष्ठी में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए कृषि अधिकारी प्रिंस कुमार ने कहा कि अधिक पैदावार लेने के लिए आजकल दिन प्रतिदिन किसान रासायनिक खाद और दवा का प्रयोग अत्यधिक मात्रा में कर रहे हैं, जिसके चलते खेत की उर्वरक शक्ति दिन प्रतिदिन घटती जा रही है। रासायनिक खादों के प्रयोग के चलते हवा और जल प्रदूषित होता जा रहा है। कंपोस्ट और गोबर खाद का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने से खेत में सूक्ष्म जीवाणु की बढ़ोत्तरी होती है। जिससे मिट्टी भुरभुरी बन जाती है और मिट्टी का उर्वरक शक्ति बढ़ जाती है। कंपनी के अनूप जायसवाल व सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि जैविक खेती करने से खेत की उर्वरक शक्ति बहुत लंबे समय तक बरकरार रहती है। गन्ने की फसल में जैविक खाद का प्रयोग कर जहां बेहतर पैदावार मिलेगी वहीं फसल में लगने वाले रोगों से भी बचा जा सकता है। इस मौके पर देवेंद्र, सुनील समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# ओमर वैश्य महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह

जन एक्सप्रेस | हरदोई



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ओमर वैश्य समाज ने कस्बे के सनातन धर्म बालिका विद्यालय चौक में वैश्य बंधुओ के साथ होली उत्सव मनाया। जिसमें स्वजातीय बंधुओं को उनके अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ समिति के अध्यक्ष विनोद प्रकाश गुप्ता एवं संरक्षिका उर्मिला ओमर ने दीप प्रज्वलन कर किया गया।ईशवंदना एवं स्वागत गीत समिति की पदाधिकारी अनीता गुप्ता, नीता गुप्ता, सुनीता गुप्ता, रुचि गुप्ता, नेहा गुप्ता एवं रश्मि गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया। नव्या गुप्ता, अंजनेय गुप्ता, बिहान गुप्ता, रुद्रांश गुप्ता शिवांश गुप्ता, अथर्व गुप्ता, यति अक्षिता, भूवि भाव्य पावनी द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए। फैंसी ड्रेस में शिवान गुप्ता, प्रभावी गुप्ता, कृषभ गुप्ता का उत्साह वर्धन किया गया। डीएसपी विशाल गुप्ता एवं उनके माता-पिता बृजेश कुमार गुप्ता एवं किरण गुप्ता को उनकी विशिष्ट सफलता के लिए सम्मानित किया गया। चौक की सभासद पूनम गुप्ता एवं राकेश गुप्ता को सम्मानित किया गया। संयुक्त परिवार की थीम कार्यक्रम में हृदय मोहन गुप्ता, सतीश गुप्ता,सुमन गुप्ता एवं सरिता गुप्ता के परिवारों को और उनके मुखिया को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।पंक्चुअलिटी गेम में कंचन गुप्ता ने बाजी मारी। समाज के वयोवृद्ध मदन मोहन गुप्ता को सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को शानदार परफॉर्मेंस के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पल्लवी ओमर ने किया। मंजू गुप्ता, शिखा गुप्ता, नेहा गुप्ता, मीनू गुप्ता के विशेष योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष श्रीमती शशि गुप्ता, उपाध्यक्ष मृदुला मोदी, योगेश गुप्ता, उपकर्ष गुप्ता कमलेश गुप्ता, संजय ओमर, राकेश गुप्ता, अनमोल गुप्ता एवं संपूर्ण ओमर वैश्य परिवार उपस्थित रहा।

# लोक सभा सामान्य चुनाव के दौरान सम्भावित भीषण गर्मी, लू के दृष्टिगत क्या करें, क्या न करें

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दौरान सम्भावित भीषण गर्मी,लू के दृष्टिगत क्यो करें,क्या न करें की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी, लू, हीट वेव के कारण मतदाताओं को स्वास्थ्य जनित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आवश्यक है कि इनसे बचते हुए अधिकाधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुँचकर मतदान करने के लिए मतदान दलों एवं मतदाताओं के मध्य निम्नलिखित सावधानियों के बारे में जागरुकता सुनिश्चित किया जाए।

क्या करें, क्या न करें मतदान दिवसों पर भीषण गर्मी की सम्भावना है। पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें एव अपने साथ तेज धूप से बचाव हेतु छाता एवं सर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहनें। अपने साथ पीने योग्य शीतल जल का बोतल रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग कर अपने आपको तरो ताजा रखें। तेज धूप से बचने हेतु अन्य प्रोटेक्टिव गेयर जैसे टोपी, हैट, काला चश्मा, छाता आदि का प्रयोग करें। अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें, इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है। बासी भोजन से बचें, हल्के एवं ताजे बने भोजन लें। प्रत्येक मतदान दल को फस्ट-एड किट प्रदान की जाएगी, आवश्यकतानुसार उसमें उपलब्ध ओआरएस मतदान दल के कर्मियों अथवा जरूरतमंद मतदाताओं को मानक के अनुसार जल में घोलकर पिला दें। प्रत्येक मतदेय स्थल पर न्यूनतम 5डम5ड क्षेत्रफल के छाया की व्यवस्था करा दें तथा वहां पर्याप्त सं0 में कुर्सी, दरी आदि रखवा दें ताकि तेज धूप से बचने के लिए मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें। छाया की व्यवस्था इस प्रकार करें कि मतदेय स्थलों के ठीक सामने लगने वाली कतार छाया में ही स्थित हो। बुजुर्गों, महिलाओं जिनके साथ छोटे बच्चे हों तथा निःशक्त व्यक्तियों के लिए मतदान में प्राथमिकता दी जाए ताकि उन्हें भीषण गर्मी में अधिक देर तक अपने घर के बाहर न रहना पड़े। ऐसे मतदाताओं के लिए प्रत्येक 4-5 मतदाताओं के उपरान्त कुर्सी की व्यवस्था भी कतार के बगल में रखी जाए ताकि उन्हें अधिक असुविधा का सामना न करना पड़े। मतदान केन्द्र पर हर हाल में पेयजल की उपलब्धता रहे, यथासंभव कतारबद्ध वरिष्ठ नागरिकों, निःशक्तजनों आदि के लिए स्वयंसेवियों के माध्यम से लगातार पानी पिलाने की व्यवस्था भी की जाए। स्वयंसेवी के रूप में किसी राजनैतिक व्यक्ति, कार्यकर्ता, उम्मीदवार से संबद्ध व्यक्ति को कदापि अनुमन्य न किया जाए। मतदाताओं से अपेक्षा है कि मतदान दिवस को सुबह तेज धूप निकलने से पहले अधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर कतारबद्ध होकर मतदान करें। यदि किसी कारण से धूप के समय मतदान करना पड़ता है तो अपनी सुरक्षा के लिए सर को ढकने हेतु सूती गमछा वस्त्र तथा छाते का प्रयोग करें। पीने का पानी आवश्यकतानुसार साथ रख सकते हैं। जरूरत होने पर मतदान दल के पास उपलब्ध ओ0आर0एस0 का घोल बनाकर पीने से तुरन्त राहत प्राप्त कर सकते हैं। हीट स्ट्रोक के सम्बन्ध में डूज एण्ड डोन्ट का हैण्ड बिल तैयार कराकर सभी मतदान कार्मिकों को उपलब्ध करा दिया जाए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक पैरा मेडिकल स्टाफ भी रखने का प्रयास किया जाए जो आवश्यक दवायें साथ रखे। मतदान के लिए मतदेय स्थल पर आते समय अपनी मतदाता पर्ची, फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र अथवा अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र अवश्य साथ में लाएं। इससे मतदान की प्रक्रिया शीघ्रता से सम्पन्न हो जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दुर्घटना में तीन गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी| गोला अलीगंज मार्ग पर निकली नहर की पटरी पर ऑटो रिक्शा में कार ने टक्कर मार दी। बताते हैं टक्कर से ऑटो रिक्शा पलट गया जिसमें बैठे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के राजेंद्र नगर निवासी हामिद अली 45 पुत्र जाकिर अली, मोबीन 22 पुत्र हामिद, जमाल 25 पुत्र हामिद ई रिक्शा पर सवार होकर नहर पटरी से होकर ग्राम अम्रतापुर जा रहे थे। बताते हैं नहर पुल के पास अलीगंज की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा पलट गया। इस भीषण दुर्घटना में तीनों सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लाया गया। बताते हैं तीनों के पैर टूट गए हैं।घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। कार सवार कार लेकर भागने में सफल रहा।

### दुर्घटना में 5 वर्षीय बच्ची की मौत

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी| तहसील क्षेत्र के ग्राम संसारपुर में एक ई रिक्शा पलटने से 5 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।जानकारी के अनुसार अफसीन 5 वर्ष पुत्री सरफराज निवासी ग्राम संसारपुर ऑटो रिक्शा से संसारपुर बाजार जा रही थी। ऑटो रिक्शा पलटने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।ऑटो रिक्शा में सवार अन्य लोग भी जख्मी हो गए। गंभीर अवस्था में बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आर एन स्कूल में धूम धाम से मनाई गई अभिभावक, शिक्षक गोष्ठी

जन एक्सप्रेस | निघासन खीरी| तहसील निघासन के तिकुनियाँ क्षेत्र में स्थित आर एन इंटरनेशनल स्कूल में बड़ी ही धूम धाम से अभिभावक व शिक्षक के मध्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें काफ़ी संख्या में छात्रों के माता पिता उपस्थित हुए तिकोनिया क्षेत्र में अपनी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं अच्छी व्यवस्था के लिए क्षेत्र में प्रसिद्ध है। बताते चले की प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के प्रबंधक शिव कुमार गर्ग ने वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कार देकर उज्जवल भविष्य की कामना की जिससे लोगों में ख़ुशी का माहौल रहा। लोगों ने जमकर तारीफ की विद्यालय के प्रधानाचार्य ने शिक्षा का महत्व बताते हुए प्रकाश डालते हुए कहा शिक्षा जीवन का दर्पण है जो प्रत्येक विद्यार्थी को नई दिशा देता है। कार्यक्रम का समापन अजय अवस्थी ने किया विद्यालय को आगे ले जाने वाले अध्यापकों/अध्यापिकाओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्यास मुनि दास, विक्रांत दीक्षित, शशांक दीक्षित, संजीव कुमार कुशवाहा विज्ञान प्रवक्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।



### शांति व्यवस्था को लेकर बीएसएफ और पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

जन एक्सप्रेस | सिंगाही खीरी| लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीएसएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च किया बेलरायां चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह की अगवाई में बीएसएफ के जवानों ने बेलरायां कस्बे से लेकर प्रत्येक गलियों का निरीक्षण किया जिससे सारी व्यवस्थाएं चौकस दिखी फ्लैग मार्च का मकसद चौथे चरण में 13 मई को जिले में होने वाले लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न करना तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बताया गया।चौकी प्रभारी ने बताया इसका उद्देश्य लोगों में भय मुक्त होकर अपना मताधिकार का प्रयोग करने के लिए विश्वास पैदा करना है।



### युवक को10 ग्राम ब्राउन शुगर के सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी| भारत-नेपाल सीमा पर स्थित थाना संपूर्णानगर पुलिस ने पीलीभीत जिले के एक युवक को गांव खजुरिया के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से दस ग्राम ब्राउन शुगर बरामद होने का दावा किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने चालान भेजा है।थानाध्यक्ष संपूर्णानगर निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस शुक्रवार को नेपाल सीमा पर स्थित कवच सेल के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान टीम ने थाना क्षेत्र के मार्डन स्कूल के सामने खजुरिया रोड पर नानक सिंह पुत्र कक्का सिंह निवासी टीला नंबर 4 मजरा बमनपुर भगीरथ थाना हजारा जिला पीलीभीत को गिरफ्तार किया।उसके पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया,जहां से अदालत ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।




### एसडीएम शाहाबाद ने वेबकॉस्टिंग को लेकर दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस | हरदोई| लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भाष्कर व क्षेत्राधिकारी शाहाबाद अनुज मिश्रा की अध्यक्षता में समस्त थाना अध्यक्षों, सेकटर ऑफिसर, सुपरवाइज़र, खंड विकास अधिकारी शाहाबाद, टोडरपुर, पिहानी समस्त विभागाध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव सकुशल समपत्र कराए जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। तहसील सभागार शाहाबाद मे आयोजित बैठक में की क्रिटिकल बूथ, वलनरेबल बूथ पर वेबकास्टिंग किये जाने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर तहसीलदर शाहाबाद, समस्त सुपरवाइज़र एवं समस्त राजस्व निरीक्षक भी मौजूद रहे।

# तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस | हरदोई

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के खत्ता जमाल खां मोहल्ले में चोरों द्वारा 26 मार्च की रात्रि में मकान का ताला तोड़कर 55,000 की नकदी सहित ढाई लाख के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया गया। 24 घंटा बीत जाने के बाद भी शाहाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है।शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी रामासरे 26 मार्च की रात्रि में 8:00 अपने साल की तबियत ठीक न होने की वजह से ससुराल शाहजहांपुर चला गया और घर पर ताला डाल कर गया। सुबह पड़ोसियों ने रामासरे को फोन से मकान का ताला टूटे होने की खबर दी। रामासरे अपने घर पहुंचा तो बक्सों के ताले टूटे हुए थे और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा। रामासरे के अनुसार चोर इनवर्टर बैटरी के लिए रखी 55 हजार की नकदी सहित ढाई लाख के जेवर चोरी कर लिये। रामासरे ने तुरंत कोतवाली पहुंचकर पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र दिया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा द्वारा यह कहकर रामासरे को वापस भेज दिया गया कि घर पर रहे पुलिस अभी पहुंच रही है। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद न तो रामासरे के घर तक पुलिस पहुंची और न ही उसकी रिपोर्ट दर्ज की गई। चोरियों का सिलसिला फिर तेज हो गया है।

# पुलिस व आबकारी टीम ने बरामद की भारी मात्रा में देशी शराब व अन्य सामग्री

**अभियोग दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

जन एक्सप्रेस | हरदोई




आगामी लोकसभा चुनाव व आचार संहिता के मद्देनजर स्थानीय पुलिस व आबकारी टीम ने संयुक्त रूप से थाना क्षेत्र के रसूलपुर स्थित देशी शराब की दुकान से भारी मात्रा में देशी शराब व अन्य सामग्री सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव व आचार संहिता के मद्देनजर अबैध शराब व अपमिश्रित शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत सांडी पुलिस व आबकारी पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में देशी शराब की दुकान पर छापा मारकर मनोज कुमार पुत्र सूबेदार निवासी कस्बा व थाना हरपालपुर जनपद हरदोई को 54 पेटी में 2430 पौआ देशी शराब जोशीला ब्रांड देशी शराब टेट्रा पैक में, 32 पौआ खुला हुआ एक पेटी में देशी शराब जोशीला ब्रांड टेट्रा पैक में तथा तीन प्लास्टिक की बोतल में क्रमशः 01 लीटर अपमिश्रित देशी शराब एवं 300 एमएल अपमिश्रित देशी शराब, 03 अदद इंजेक्शन (डिस्पोवेन), चार अदद सीरेंज, 05 अदद फेवीक्विक, एक अदद सूजा बरामद करते हुए धारा 60/64/7 आबकारी अधिनियम व धारा 419 /420 पंजीकृत करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया।

# जिलाधिकारी ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस | हरदोई

डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु स्थापित एमसीएमसी कक्ष व कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। एमसीएमसी कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि विभिन्न चैनलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सी विजिल ऐप व 1950 पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। प्राप्त शिकायतों का विस्तृत लेखा जोखा रखा जाये। शिकायत प्राप्त होते ही एफएसटी को सूचित किया जाये। कंट्रोल रूम के निरीक्षण के बाद उन्होंने एकल खिड़की प्रणाली और अनुमति कक्ष का निरीक्षण किया। बैठने की बेतरतीब व्यवस्था देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई तथा तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनुराग द्विवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के मामले में पति व सास को दस-दस वर्ष कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस | हरदोई

ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत जनपदीय पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना व मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 01 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता को न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा एवं 20-20 हजार रुपये के


OPERATION CONVICTION
HARDOI POLICE
पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा चलाये जा रहे "ऑपरेशन कनविक्शन" अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक हरदोई के कुशल निर्देशन में हरदोई पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 01 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता को मा0 न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए दी गयी 10-10 वर्ष सश्रम कारावास व ₹ 20-20 हजार रू0 अर्थदंड की सजा।
थाना हरपालपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 08/17 धारा 498ए/304बी भादवि0 व 3/4 डीपी एक्ट की प्रभावी पैरवी कर सभी गवाहों की अति शीघ्र गवाही पूर्ण कराकर 01 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता के विरुद्ध मा0 न्यायालय कोर्ट ASJ/FTC-
श्री अमलेंद्र सिंह
एडीजीसी

अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

जनपद हरदोई के थाना हरपालपुर में बीते लगभग चार वर्ष पूर्व दिनांक 11 जनवरी 2017 को थाना दहेज हत्या के संबन्ध में आरोपी राहुल दीक्षित पुत्र सुरेंद्र व मधु दीक्षित पत्नी सुरेंद्र निवासी खसौरा थाना हरपालपुर के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 08/17 धारा 498ए/304बी भादवि0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था।अभियोग में अभियुक्त व अभियुक्ता को दिनांक 14.जनवरी 2017 को गिरफ्तार कर दिनांक 31 मार्च 2017 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था।इस मामले में अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप दिनांक 29मार्च 2024 को न्यायालय द्वारा आरोपी राहुल व मधु दीक्षित को 10 - 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा एवं 20 -20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पुत्र ने पिता के खिलाफ दी मारपीट की तहरीर, मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र ग्राम न्यामतपुर निवासी मोहन पुत्र श्यामाचरण ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। जिसमे बताया कि उसका पिता श्यामाचरण समेत दो लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और गाली–गलौज देते हुए चले गये। इसपर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### सड़क हादसे में हुई मौत का मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम नगवा निवासी पप्पू पुत्र शिवप्रसाद ने थाने में तहरीर दी। जिसमे बताया कि बीती 28 मार्च को एक अज्ञात ट्रक चालक ने वाहन को तेजी व लारवाही से चलाकर उसके पुत्र को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले को पुलिस ने संज्ञान में लेते हुए आरोपी अज्ञात ट्रक चालक के खिलाऊ रिर्पोट दर्ज कर ली है। वहीं ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया है।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोटरा थाना के उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पुर के पास से अरविंद पुत्र मुन्नीलाल खंगरार निवासी ग्राम पुर थाना कोटरा को पकड़ लिया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से तीस लिटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने पकड़े गये युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के उपनिरीक्षक दिनेश कुमार ने मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम मुसमरिया में दबिश डाल दी। जहां पर सार्वजनिक स्थान पर लगे जुए के फड की घेराबंदी कर विजेंद्र सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी ग्राम अभेदेपुर समेत चार लोगों का जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया। जब पुलिस ने जुआरियों की तलाशी ली तो उनके पास से पांच हजार रुपये बरामद हुये। पुलिस ने पकड़े गये सभी जुआरियों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की।

### रुद्रपुर पुलिस ने 12 बोर देशी तमंचा के साथ किया एक अभियुक्त को गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** थाना रुद्रपुर पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर माहीगंज टोला खरोह के पास एक अदद 12 बोर देशी तमंचा व दो अदद 12 बोर जिंदा के कारतूस के साथ के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से पूँछताछ के क्रम में अपना नाम पता अनुज यादव पुत्र राम अशीष यादव साकिन माहीगंज टोला खरोह थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया बताया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अदद 12 बोर देशी तमंचा व दो अदद 12 बोर जिंदा के कारतूस बरामद करते हुए धारा 3/25 आर्म्स ऐक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### जगद्गुरु शंकराचार्य व्याख्यानमाला आज

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी।** भारतीय भाषा समिति शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान एवं कस्बे के मदन मोहन मालवीय पी. जी. द्वारा आयोजित जगद्गुरु श्री शंकराचार्य व्याख्यानमाला 30 मार्च को है। यह जानकारी प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंद्र गौड़ ने दी है, उन्होंने बताया है कि समारोह की अध्यक्षता संस्थान के प्रबन्धक राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह करेगें। व्याख्याता के रूप में प्रो0 शरद चन्द्र मिश्र प्राचार्य, बी0 आर0 डी0 पी0जी0 कॉलेज देवरिय,प्रो0 बृजेश कुमार पाण्डेय प्राचार्य, रामजी सहाय पी0जी0 कॉलेज, रूद्रपुर, देवरिया, प्रो0 विजय प्रकाश पाण्डेय, दर्शन शास्त्र विभाग, बी0 आर0 डी0 बी0 डी0 पी0 जी0 कॉलेज, आश्रम, बरहज, देवरिया उपस्थित रहेंगे।

### अभियुक्तगण को कोर्ट ने आज किया तलब

**जन एक्सप्रेस/बरहज।** न्यायालय अपर सिविल जज, देवरिया ने अभियुक्त गण को समन भेजा है। न्यायाधीश इशरत परवीन फारूखी ने सुधीर मद्धेशिया बनाम अमृता श्रीवास्तव आदि मुकदमें की सुनवाई करते हुए आदेश निर्गत किया है कि अभियुक्त अमृता श्रीवास्तव व कंचनलता को अपराध अंतर्गत धारा 420 भा. द. सं. तथा अभियुक्त शाहिल को 504,506 के विचारण हेतु जरिए समन तलब किया है। पेशी की तिथि आज 30 मार्च नियत की गई है।

# संसदीय क्षेत्र 66 में लोकल को उतारने की हो रही है मांग

* बीते एक दशक से बाहरी सांसद चुनते-चुनते ऊब गई है देवरिया की जनता
* कार्यकर्ता व मतदाता को भी है लोकल नेता की दरकार

जन एक्सप्रेस। गिरीश चन्द्र पांडेय

**कुशीनगर।** जनपद की दो विधान सभा देवरिया संसदीय क्षेत्र 66 में आती है। बीते दस वर्षों से इस सीट पर लोकल स्तर पर किसी भी पार्टी कार्यकर्ता को भाजपा ने टिकट न देकर बाहरी प्रत्याशी को उतार कर जीत तो सुनिश्चित कर लिया। परंतु स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं को तरजीह न देकर बड़ी भूल किया है। अगर भाजपा इस बार देवरिया से बाहरी प्रत्याशी को टिकट देती है तो सीट फंसने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

बताते चलें कि देवरिया संसदीय क्षेत्र में कुल पांच विधान सभा सीट आती है जिसमें देवरिया सदर, कारखाना रामपुर, पथरदेवा, फाजिलनगर व तमकुहीराज शामिल हैं। दो जनपद के बीच तीन सांसद चुने जाते हैं। जिसमें देवरिया, सलेमपुर, कुशीनगर दो लोकसभा की सीटों पर स्थानीय उम्मीदवार होने से भाजपा को चुनाव में कम मेहनत में अच्छी सफलता हासिल होती रही है जबकि एक दशक से देवरिया संसदीय क्षेत्र से बाहरी उम्मीदवारी होने की वजह से पार्टी को काफी मेहनत करना पड़ता है। भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराज़गी को दूर करने व अगले बार स्थानीय को तरजीह देने के लिए मान मनौव्वल भी करनी पड़ती है। हम बात करते हैं लोकसभा चुनाव 2014 की। लोक सभा सीट से जब पार्टी हाई कमान ने वर्तमान में राजस्थान के महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र को टिकट देकर देवरिया भेजा था तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से विरोध का विगुल फूंक कलराज मिश्र का जोरदार विरोध किया था। जिसके चलते भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने देवरिया में पार्टी कार्यकर्ताओं व सीनियर नेताओं को मैनेज करने के लिए पूरी ताक़त लगाकर किसी तरह विरोध को शांत करा कर चुनाव जीतने में कामयाब रहे। कलराज मिश्र चुनाव भी जीते और केन्द्र में कद्दावर मंत्री भी बने लेकिन देवरिया के बंद कल कारखाने को चलवाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं किया। कुछ चुनिंदा लोगों के बीच ही सिमट कर रह गये जिससे जमीनी कार्यकर्ताओं में काफी नाराज़गी देखी गई। सांसद कलराज मिश्र के संसदीय कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी वह कभी अपने ज़मीनी कार्यकर्ताओं से जुड़ना उचित नहीं समझे। इसी प्रकार 2019 के लोक सभा चुनाव में फिर देवरिया के स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ 2014 की पुनरावृत्ति की गई। देवरिया से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर रमापतिराम त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाकर चुनाव मैदान में उतारा तो भी देवरिया के भाजपा नेताओं व मतदाताओं में बाहरी प्रत्याशी दिये जाने का गुस्सा स्पष्ट दिखाई दे रहा था लेकिन सब गुस्से पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन सभा व लहर ने रमापति राम त्रिपाठी को दिल्ली भेजने का रास्ता आसान कर दिया।

पांच साल के इनके कार्यकाल में इनकी पकड़ गंवई भाजपा कार्यकर्ताओं तक नहीं रही यहां तक कि पार्टी कार्यकर्ताओं को इनके सहयोगी परिचय कराते हैं तब अपने दल के कार्यकर्ताओं को श्री त्रिपाठी जान पाते हैं। बाहरी उम्मीदवारी होने से पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं का जान पहचान अपने सांसद से ठीक से नहीं बन पाता है जिसके चलते वह अपने आपको ठगा महसूस करता है।

बीते एक दशक से भाजपा कार्यकर्ता व मतदाता को भी लोकल नेता की दरकार है। **जन एक्सप्रेस की टीम** ने देवरिया संसदीय क्षेत्र के फाजिलनगर, तमकुहीराज के अलावा देवरिया की तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का मिजाज जानने का प्रयास किया तो चट्टी चौराहे व गांव की चौपाल में भी लोकल किसी नेता को चुनाव मैदान में उतारने के लिए मांग की जा रही है। आम जनमानस का कहना है कि हमारे लोकल का सांसद होगा तो हमें ढूढ़ने में परेशानी नहीं होगी और ना ही परिचय के लिए किसी का मोहताज होना पड़ेगा। मतदाताओं का कहना है कि अपना कभी भी अपना होता, पराया कभी अपना नहीं होता। चाहे उसके लिए कुछ कर दो उसको तब तक आपकी जरूरत है जब तक वह अपने पद पर है। कुल मिलाकर देवरिया सीट भाजपा के लिए लोकल उम्मीदवार ही बीते एक दशक का चुनावी जीत का अंकाड़ा चौंकाने वाला दे सकता है। कभी-कभी पार्टी के अति उत्साह का परिणाम मतगणना के बाद पता चल जाता है।

# जिले की मस्जिदों में भारी पुलिस बल रहा तैनात

जन एक्सप्रेस। महोबा



जुमे की नमाज तथा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सभी मस्जिदों एवं जनपद के विभिन्न इन्ट्री प्वाइंट्स, सीमावर्ती बैरियर चेक प्वाइंट्स में पर चाक-चैबंद सुरक्षा व्यवस्था का प्रबन्ध पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में किया गया। जिसके तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों में जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई, साथ ही जनपद के इन्ट्री प्वाइंट, सीमावर्ती बैरियर चेक प्वाइंट्स पर जनपदीय पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिससे जनपद में किसी भी असामाजिक व्यक्ति के प्रवेश को रोका जा सके।

समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चैकी प्रभारी द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखते हुये किसी भी सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की गयी, पुलिस अधीक्षक श्रीमति अपर्णा गुप्ता द्वारा किये गये समुचित पुलिस प्रबन्ध, जनपदीय पुलिस की चुस्ती व मुस्तैदी से जनपद में अमन चैन के साथ जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया।

जनपदीय मीडिया सेल टीम द्वारा भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है, महोबा पुलिस जनपद में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# शिक्षक ने छात्र की बेरहमी से की पिटाई

* पिता ने पुलिस से लगाई कार्रवाई की गुहार, बेलघाट ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मुरारपुर का मामला

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



शुक्रवार को उरुवा थाना क्षेत्र के फत्तेपुर निवासी अकलजीत ने थानाध्यक्ष उरुवा को तहरीर देखर प्राथमिक विद्यालय मुरारपुर के हेडमास्टर पर अपने बेटे को बेरहमी से पीटने का आरोप लगाया है। पिडित छात्र के पिता आरोप लगाया कि मास्टर की पिटाई से कक्षा छः में पढ़ाई करने वाले उनके बेटे मनीष के आंख पर गंभीर चोट आई है। वहीं, पीठ पर भी चोट लगा है। पीड़ित छात्र के पिता ने नामजद तहरीर देकर बेरहमी से बच्चे की पिटाई करने वाले मास्टर पर कार्यवाही की मांग की है। *छात्र के आंख पर आई गम्भीर चोट, थाने पर दी तहरीर*

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्र मनीष उरुवा बाजार थाना क्षेत्र के फत्तेपुर का रहने वाला है। घटना को पीड़ित छात्र के परिजन काफी नाराज हैं। वहीं, हेडमास्टर पर कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। बता दें कि बीते बुधवार को मास्टर ने कक्षा छः में पढ़ाई करने वाले छात्र राहुल की इस कदर पिटाई कर दी कि उसके आंख पर गंभीर चोट आ गयी है। परिजन डॉक्टर को दिखाएं तो गंभीर चोट लगने की जानकारी उन्हें हुई। उरुवा थानाध्यक्ष को दिए गए तहरीर में पीड़ित छात्र मनीष के पिता ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे ने मास्टर का चरण स्पर्श नही किया जिसको लेकर नाराज मास्टर ने उनके बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी। बरहाल, तहरीर मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। एसओ उरुवा जटाशंकर ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच कर कार्यवाही की जा रही।

# दबंगों ने भाजपा नेता व प्रधान के घर में घुस परिजनों को किया लहुलुहान

* मरा समझकर गले से पांच तोले की सोने की चेन लिए लूट
* भाजपा सांथा मंडल उपाध्यक्ष व ग्राम पंचायत परसिया प्रधान राजेश सिंह के घर हुई वारदात

जन एक्सप्रेस। संतकबीर नगर



जनपद के बेलहर कला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसिया के ग्राम प्रधान सह भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजेश सिंह के घर में घुस कर करीब एक दर्जन मनबढों ने परिजनों पर जानलेवा हमला बोल दिया , हमले में मनीष प्रताप सिंह, नवीन प्रताप सिंह और मुनीष प्रताप सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाबत पुलिस ने तीन नामजद सहित एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।

वादी मुकदमा रविन्द्र सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि दिनांक 27 मार्च की सांय करीब साढ़े आठ बजे गांव के विकास चौधरी पुत्र शेष राम,शान्तनु चौधरी एवं शेषनाथ चौधरी पुत्रगण रामबेलास करीब एक दर्जन मनबढों को लेकर घर पर आये तथा दरवाजे पर खड़े स्कूटी, बोर्ड और कुर्सी आदि तोड़ते हुए घर में घुस गये जब तक परिवार के लोग कुछ समझ पाते तब तक विकास, शान्तनु और शेषनाथ तथा अन्य लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया विकास, शान्तनु और शेषनाथ के हाथों में तलवार, फरसा सहित लाठी डंडा एवं धारदार हथियार थे।वादी मुकदमा ने तहरीर में कहा है कि दबंगों द्वारा किए गए जानलेवा हमले से नवीन प्रताप,मुनीष प्रताप और मनीष प्रताप बेहोश होकर गिर गये।मुनीष प्रताप को मरा हुआ समझ कर उनके गले से साढ़े तीन लाख रुपए की सोने की माला लेकर वे लोग भाग गए तथा जाते समय भद्दी भद्दी गालियां और जान से मार डालने की धमकी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा हमले में घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

# नवविवाहित महिला ने फांसी लगाकर दी जान

* ससुरालियों ने पुलिस को बिना सूचना दिए किया अन्तिम संस्कार
* मायके पक्ष ने ससुरालियों पर लगाया हत्या कर साक्ष्यों को छिपाने का आरोप

जन एक्सप्रेस। उरई

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम वघावली निवासी केशव सिंह राजपूत का कानपुर देहात के मंगलपुर थाना क्षेत्र पड़ियाना ग्राम की रहने वाली दीक्षा से 6 अक्टूबर 2023 को शादी हुई थी। शादी के 6 माह बाद ही दीक्षा ने गुरुवार को संदिग्ध हालत में घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद उसके पति केशव ने अन्य परिजनों के साथ गुरुवार को मायके वालों और पुलिस को बिना सूचना दिए ही शव को यमुना में प्रवाहित कर दिया। जैसे ही घटना की जानकारी मृतका की मां को हुई तो वह तत्काल पुत्री की ससुराल पहुंची और ससुराल के लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। घटना की जानकारी मिलते ही कुठौंद थाने के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सिंह सरोज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने गांव वालों की मदद से यमुना नदी में जाल बिछाकर, शव को खोज निकाला और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतका की मां ने ससुरालीजनों पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि ससुराल के लोगों ने उसकी बेटी की हत्या कर दी और शव को यमुना में प्रवाहित कर दिया। मामले में क्षेत्राधिकारी राम सिंह का कहना है कि मायके पक्ष द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# ग्राम विकास विभाग शासन के निर्देशों को नहीं देता अहमियत

* ग्राम विकास विभाग आयुक्त के आदेश पर भी जिले में नहीं हटाए गए ब्लाकों पर कई सालों से जमें पंचायत सेक्रेटरी, चुनाव आयोग के निर्देशों का किया जा रहा खुला उल्लंघन

जन एक्सप्रेस। संतकबीर नगर

उत्तर प्रदेश के विभिन्न विकास खण्डों में तीन साल से अधिक समय से तैनात खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश उत्तर प्रदेश के ग्राम विकास विभाग निदेशक ने दिया है। इस संबंध में सभी मुख्य विकास अधिकारियों को पत्र लिखा गया है जो कि मई 2023 में लोक लेखा समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया था।




### चुनावी आचार संहिता का किया जा रहा खुला उल्लंघन

बताते चलें कि यूपी के लगभग हर जिलों में यही हाल है इसी कड़ी में संत कबीर नगर भी इससे अछूता नहीं है। जहां जिले में कई विकास खंडो में छः,सात सालों से पंचायत सेक्रेटरी एक ही हल्के में काम कर रहे हैं । आपको बता दें कि यदि जुगाडू सेक्रेटरी है तो उसे कई ग्राम पंचायतों का प्रभार सौंपा गया है। जनपद में एक ही उदाहरण इस मामले में पर्दा हटाने में काफी है, विभागीय जिम्मेदारों द्वारा जहां शासन के उच्चाधिकारियों के निर्देशों का मखौल उड़ाया जा रहा है वहीं लोकसभा चुनावी आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया है।

### विभाग में उच्चाधिकारियों के निर्देशों का उड़ाया जा रहा मखौल

जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में ऊंची पहुंच रखने वाले विकास खण्ड सांथा में तैनात पंचायत सचिव प्रमोद यादव को करीब एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों का प्रभार सौंपा गया है, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद यादव के पास दर्जनों गांवों का प्रभार होना जहां ग्राम विकास विभाग के दूध से धूले होने का प्रमाण तो देता ही है साथ शासन के उच्चाधिकारियों के निर्देशों का मखौल उड़ानें का भी प्रयाप्त प्रमाण दे रहा है।

# न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने उपकारागार का किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। महोबा

जिला जज महोबा जय प्रकाश यादव, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से उपकारागार महोबा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, निरीक्षण के दौरान बैरक, भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में कैदियों-बंदियों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गयी, मेस में बन रहे भोजन के संबंध में संबंधित जानकारी लेते हुए भोजन की गुणवत्ता की जांच की गयी। जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए इसके संचालन के संबंध में जेल अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सीसीटीवी के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके अलावा पुरुष एवं महिला बैरक, अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया, जिसके क्रम में उन्होने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जेल परिसर और बैरकों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये और नियमानुसार बंदियों को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायी जायें।

# 19 हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध पुलिस ने की 151 की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। महोबा



लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सदर कोतवाली पुलिस ने 19 हिस्ट्रीशीटरो के विरूद्ध 151 के तहत कार्यवाही करते हुए पाबंद कराया गया है।

पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र के अर्न्तगत निवासरत हारून पुत्र अज्जू, मुस्तकीम पुत्र अज्जू निवासी मोहल्ला कसौराटौरी महोबा, ताहिर पुत्र करन निवासी ग्राम पसवारा, हरीदास पुत्र कूरा निवासी हमीरपुर चुंगी महोबा, उमेश पुत्र रामेश्वर यादव निवासी आफीसर्स कालौनी महोबा, सईद पुत्र सरदार खॉ निवासी मोहल्ला भटीपुरा, राजेश पुत्र धूराम साहू निवासी कस्बाथाई महोबा, प्रेम पुत्र श्यामबिहारी गुप्ता निवासी हाथी की पूँछ वाली गली गांधीनगर महोबा, चरन पुत्र हरीदास राजपूत निवासी ग्राम पलका महोबा, संतोष पुत्र लक्ष्मण यादव, सुभाषचन्द्र पुत्र रूपसिंह राजपूत निवासीगण ग्राम छिकहरा महोबा, मनोज पुत्र रामप्रकाश विश्वकर्मा नि0मु0 रामनगर महोबा, नीरज पुत्र पप्पू निवासी मो0 नैकानापुरा महोबा, अतीक पुत्र बाबू मंसूरी निवासी हमीरपुर चुंगी महोबा, साकिब पुत्र सईद खॉ निवासी भटीपुरा महोबा, कालीचरन पुत्र रामप्रकाश निवासी भटीपुरा, विकास पुत्र रामेश्वर राजपूत निवासी बरातपहाड़ी, शिवम पुत्र हरीशंकर विश्वकर्मा निवासी मो0 महतवानापुरा महोबा आदि 19 व्यक्तियो को निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एसडीएम कोर्ट से पाबंद करवाया है।

### दैवीय आपदा से रवी की फसल खराब हुई तो वृद्ध फांसी पर झूला

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** बीति रात 62 वर्षीय वृद्ध ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिवार के मुखिया द्वारा आत्महत्या किये जाने से परिजनो मे कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना पर पहुँची इलाकाई पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम हेतु विच्छेदन गृह भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार थाना श्रीनगर क्षेत्र के ग्राम पिपरा निवासी कमलकिशोर विश्वकर्मा उम्र 62 वर्ष दैवीय आपदा के चलते रवी की फसल खराब हो जाने से कमलकिशोर परेशान और आहत था। फसल खराब होने से एक वर्ष का खर्चा पानी कैसे चलेगा इसी बात को लेकर परेशान होना बताया गया है। मामला जो भी हो कमलकिशोर विश्वकर्मा ने बीति रात घर के अंदर उस समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब परिजन गहरी नींद मे सोये हुए थे सुबह जब परिजनो की नींद टूटी और फांसी के फंदे पर लटका पाया तो कोहराम मचा। घटना की सूचना पर पहुँची थाना श्रीनगर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाही उपरांत शव को पोस्ट मार्टम हेतु विच्छेदन गृह भेजा है।

### पुराने रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह आज

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी मुकुंद फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी द्वारा बुंदेली फाग गायिकी तथा होली मिलन समारोह का आयोजन पुरानी रामलीला मैदान मे रंग पंचमी के रोज आयोजित किया जा रहा है। मुकुंद फाउंडेशन द्वारा शहर तथा ग्रामीण अचंलो मे निवासरत फाग मंडली के गायिकों को आमंत्रित किया गया है। ज्ञातव्य हो कि फाग गायिको द्वारा बुंदेलखण्ड के प्रसिद्ध कवि ईसुरी महाराज, खेतसिंह यादव, पं0 मुकुल तिवारी, कवि गंगाधर, पन्ना के धीर वीर मोती आदि कवियो द्वारा रचित भगवान कृष्ण के चरित्र और भगवान श्रीराम के चरित्र और क्रियाकलापो पर आधारित रचित काव्य को फाग गायिको द्वारा स्वरवद्ध किया जाता है। जिससे सुनने और देखने के लिए हजारो की भीड़ एकत्र होती है। मुकुंद फाउंडेशन द्वारा गत वर्ष की भॉति इस वर्ष भी फाग गायिकी तथा होली मिलन समारोह का आयोजन परम्परागत अनुसार रंग पंचमी के रोज किया जायेगा।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की हालत बिगड़ी

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** 23 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या किये जाने का असफल प्रयास किया है। जिले के थाना क्षेत्र के ग्राम शिवहार निवासी श्यामलाल पुत्र भीकम उम्र 23 वर्ष ने किसी बात से आहत हो जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहरीले पदार्थ के सेवन से तड़प रहे श्यामलाल को परिजनो द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है जहॉ उसकी हालत गम्भीर बताई जा रही है।

### गृहकलह से पीड़ित महिला ने खाया जहर

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** गृहकलह से पीड़ित 45 वर्षीय ऊषादेवी पत्नी शिवचरन निवासी मोहल्ला अमरगंज चरखारी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्मघाती कदम उठाया है। बताया जाता है कि श्रीमति ऊषादेवी तथा पति शिवचरन मे आये दिन घरेलू खर्चो को लेकर तीखी नोकझोंक होती रहती थी। मुफलिसी के चलते पति पत्नी मे आये दिन जंग छिड़ी रहने के कारण महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्मघाती कदम उठा डाला। जहरीले पदार्थ के सेवन से जीवन और मौत से संघर्ष कर रही श्रीमति ऊषादेवी को परिजनो द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक ऊषा की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

### अवैध असलहाधारी दो युवक बंदी

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** थाना चरखारी पुलिस ने दो युवकों को अवैध असलहा रखने के आरोप मे बंदी बनाकर जेल भेजा है। थाना चरखारी पुलिस ने बताया कि उदयभान पुत्र स्व0 बाबूपाल निवासी मोहल्ला धनुषधारी चरखारी को शुक्रवार के रोज मुखबिर की सूचना पर 315 बोर के अवैध असलहे सहित बंदी बनाया है। इसी श्रृखंला मे कमलेश पुत्र रामस्वरूप उम्र 35 निवासी ग्राम अठकौंहा थाना चरखारी को 12 बोर के अवैध असलहे तथा एक जिंदा कारतूस सहित पुलिस ने बंदी बनाने के दावा किया है। दोनो अवैध असलहाधारियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा है।

# तुलसी उद्यान में गूंजा सोहर

**लोकगीतों, नृत्यों से मुखरित हुई आस्था, श्रीराम जन्मोत्सव के उल्लास में डूबे भक्त**

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



रामोत्सव के अंतर्गत तुलसी मंच पर लोक, लोकगीतों और लोकनृत्यों से राम जन्मोत्सव का रंग छलकने लगा है। बीती शाम संतकबीर नगर से आयी प्रख्यात लोक गायिका स्वीटी सिंह ने अपने दल के साथ **शबरी ने देखा सपनवा, राम आईहें अनगंवा** गाकर भक्ति का माहौल बना दिया इसके बाद क्षमा चाहते है राघव देर तो लगी गाकर भगवान के प्रति सभी के मनोभावों को व्यक्त किया। होली के रंगो को होली खेले रघुवीरा और प्रभु की करुणा को तेरी मंद मंद मुस्कनियां गाकर दर्शको को अपने साथ से मिलाने पर विवश के दिया। फिरोज, हरी ओम मिश्र, हरिकेश और धीरज गोस्वामी की संगत में अयोध्या के महाराजा के सम्मान में **लहर लहर लहराए रे, झंडा बजरंग बली का** गाया तो पांडाल में उपस्थित जनसमूह विभोर हो गया। भजनों पर लोकनृत्य सृष्टि और तनु ने किया।

इसके बाद गोंडा से आयी शिवानी शुक्ला के दल ने राम जन्मोत्सव की प्रतीक्षा कर रही अयोध्या को सोहर दशरथ की अंग्नाइया बाजे बधाइयां गाकर साकार किया। राजा जी के घरवा,आज जन्मे ललनवा गाया तो सभी आनंद से नृत्य करने लगे।आज आए अयोध्या राम,घर घर दिया जले के बाद पारंपरिक होली आज बिरज में होली है रसिया गाकर दर्शको को होली के खुमार में डुबो दिया।

तालियों की गूंज में लखनऊ से आयी संध्या प्रजापति और उनके दल ने लोकगीतों के साथ लोकनृत्यों की प्रस्तुति से सभी को मोह लिया। इन कलाकारो ने सोहर जन्मे अवध में राम गाकर जन्मोत्सव के उल्लास को दिखाया इसके बाद मेरे घर राम आए है पर नृत्य से राम आगमन के उल्लास को व्यक्त किया। इस दल की टीना शर्मा,अंजलि सिंह ने पवन कुमार के साथ राम सिया की अमर कहानी प्रस्तुत करके सभी को भावुक कर दिया। वातावरण में राम सीता के मिलन को राम को देखकर जनक नंदनी प्रस्तुत किया तो दर्शक स्वरूपों की छवि में खो से गए। **अवध में लौटें है राम** के बाद इन कलाकारो ने **होलिया में उड़े रे गुलाल** गाया तो दर्शक मंच के सामने आकर नृत्य करने लगे। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया।

उत्तर प्रदेश लोक जनजाति एवम संस्कृति संस्थान लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी के निर्देशन में कलाकारो का सम्मान स्मृति चिह्न देकर समन्वयक अतुल सिंह ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में संतजन और दर्शक उपस्थित थे।

## भाजपा वृहद स्तर पर होली मिलन समारोह का करेगी आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** भाजपा वृहद स्तर पर होली मिलन समारोह का आयोजन करेगी। होली मिलन समारोह में फूल की होली खेली जाएगी। इस दौरान नृत्य, गायन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

लोक सभा मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि महिला मोर्चा पूरा मंडल का होली मिलन समारोह 30 मार्च 11 बजे एचआर पैलेस, रामपुर हलवारा तथा नगर क्षेत्र का 31 मार्च को 11 बजे कौशलपुरी स्थित सुरेन्द्र लॉन में आयोजित किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों की उपस्थिति रहेगी। 31 मार्च को शाम 5 बजे से आरबीएस लॉन परिक्रमा मार्ग जनौरा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है।

उन्होंने बताया कि दौरान फूलों से होली खेली जाएगी।

नृत्य, गीत संगीत के कार्यक्रमों व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी दी गई है।

# अयोध्या बाईपास स्थित परिक्रमा मार्ग हनुमान किला उडुपी किचन का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम

अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या बाईपास स्थित परिक्रमा मार्ग हनुमान किला के समीप राम भक्तों को शुद्ध नाश्ता व भोजन हेतु श्री अयोध्या उडुपी किचन का शुभारंभ हुआ।

स्थानीय सांसद लल्लू सिंह द्वारा किया गया सिद्ध पीठ हनुमान किला के महंत परशुराम दास की अध्यक्षता में श्री अयोध्या उडुपी किचन शुभारंभ कराकर देश-विदेश से आने वाले भक्तों को दक्षिण भारत समेत तमाम प्रदेशों के लज्जतदार व्यंजनों एवं नास्ते का लुफ्त उठा सके इसी के मध्य नजर रखते हुए राम भक्तों की सेवा हेतु श्री अयोध्या उडुपी किचन को खोला गया है।

कार्यक्रम के आयोजक डॉक्टर शशिकांत शर्मा ने बताया कि सिद्ध पीठ हनुमान किला के महंत परशुराम दास के आशीर्वाद व क्षेत्रीय सांसद लल्लू सिंह के नेतृत्व में राम भक्तों की सुविधा हेतु शुद्ध व स्वच्छ दक्षिण भारत व अन्य प्रदेशों के लिज्जतदार व्यंजन उपलब्ध कराया जाएगा।




अयोध्या उडुपी किचन में कार्यरत कर्मचारी अपने भक्तों से मधुर स्वर के साथ विनिम्रता का परिचय देते हुए समय से नाश्ता व भोजन उपलब्ध कराएंगे। उक्त कार्यक्रम में हनुमानगढ़ी की वरिष्ठ संत महंत रामकुमार दास महंत एम बी दास महंत परशुराम दास दिवाकर दास महंत रामदास सांसद लल्लू सिंह आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## हाईवे पर ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह के तीन अभियुक्त गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

जनपद में पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरूआ पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही के क्रम में अथक प्रयास के द्वारा थाना स्थानीय हाईवे पर ट्रकों से डीजल चोरी करने के अभियोग पंजीकृत होने के 48 घण्टे के अन्दर डीजल चोरी गिरोह का पर्दाफास करते हुए तीन अभियुक्त गिरफ्तार किए गए अभियुक्तगण सूरज यादव पुत्र हौसिला प्रसाद यादव निवासी ग्राम बैजपुर थाना अहिरौली

ज्ञानू यादव पुत्र रामअचल यादव निवासी ग्राम बैजपुर थाना अहिरौली जनपद सुनील कुमार पुत्र रामसजीवन निवासी ग्राम अन्नावा थाना अहिरौली को समय 03.30 बजे प्रातः महरुआ पुलिस द्वारा अन्नावा बाजार से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# भीषण गर्मी में राम भक्तों के लिए जल प्याऊ, मैट आदि की तत्काल व्यस्था करे प्रशासन : संजय दास

जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम

योध्या धाम द्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से लगातार रामनगरी में बढ़ रही राम भक्तों की भीड़ एवं स्थानीय जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा भक्तों को बेहतर सुविधा नहीं दे पा रही है। पानी एवं चिलचिलाती धूप गर्मी में घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी पारी का इंतजार में राम भक्त बीमार हो रहे हैं। साथ ही चक्कर खाकर सड़कों पर गिरने को विवस है। देश विदेश से आने वाले राम भक्तों की हो रही उपेक्षा के चलते जल प्याऊं छाया जमीन पर मैट, शौचालय एवं विश्रामालय जैसी



मूलभूत एवं महत्वपूर्ण सुविधा न दे पाने के विरोध में अयोध्या के हनुमानगढ़ी के जागरूक संतो महंतों ने प्रेस वार्ता कर सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के सागरीया पट्टी के महंत ज्ञान दास के उत्तराधिकारी एवं संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास हेमंत दास डॉक्टर महेश दास महंत बलराम दास पहलवान मनीराम दास ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर मीडिया के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि 22 जनवरी के बाद भक्तों की संख्या बढ़ रही है। हनुमानगढ़ी पंचायती व्यवस्था के तहत अपनी सीमा में गेट, छाया, जल प्याऊं सीढ़ी निकास इत्यादि की व्यवस्था तेजी से कर रहे है। परंतु हनुमानगढ़ी के तिराहा से सीढी तक लंबी लाइन बिरला धर्मशाला के सामने काफी भीड़ हो रही नगर निगम द्वारा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था छाया विश्राम इत्यादि व्यवस्था नहीं होने से यात्री काफी परेशानऔर व बीमार हो रहे हैं। घंटों लाइन में खड़े रहने से बेहोश होकर के गिर रहे हैं। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तराधिकारी संजय दास ने आगे बताया कि मंदिर परिसर व बाहर मेडिकल व्यवस्था भी नहीं है। भीड़ के चलते इमरजेंसी में एंबुलेंस पहुंचने में घंटों लग जाता है। जिला प्रशासन व नगर निगम को चाहिए कि भक्तों की भीड़ देखते हुए बेहतर सुविधा व व्यवस्था प्रदान करें ताकि रामनगरी की छवि पर बट्टा न लग सके। भक्तों की आस्था श्रद्धा प्रभावित न हो प्रत्येक राम भक्त, हनुमान भक्त यहां से अच्छा संदेश लेकर जाए जो पूरी दुनिया में रामलला रामनगरी व यहां के अधिकारियों का नाम रोशन करें।

## पदाधिकारी दायित्व क्षेत्र को लोक सभा मानते हुए पूर्ण उर्जा के साथ चुनाव में जुटें : संजीव सिंह

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

शक्ति केन्द्र प्रभारी व संयोजक की बैठक आयोजित की जा रही है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने अमानीगंज के डीली सरैया, गद्दौपुर, कदई कला व कुमारगंज मंडल के बवां, पिठला, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने मिल्कीपुर, अंजरौली, सिडसिड, उदहुई व बीकापुर में इं रणवीर सिंह ने सिडहिर, गोपालपुर, रानीबाजार, कादीपुर शक्ति केन्द्रों पर प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक की। बैठक में शक्ति केन्द्र प्रभारियों के बूथ प्रबंधन, बूथ कमेटी व पन्ना प्रमुखों से समन्वय स्थापित करने को लेकर चर्चा की। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि शक्ति केन्द्र प्रभारी अपने दायित्व क्षेत्र को लोक सभा व स्वयं को प्रत्याशी मानते हुए पूर्ण उर्जा के साथ चुनाव में जुट जाएं। व्यापक स्तर पर लाभार्थियों से सम्पर्क व संवाद अभियान चलाएं। पिछले चुनाव में जिन बूथों पर पार्टी का प्रदर्शन अच्छा नही था उनकी सूची बना लें।

पन्ना प्रमुखों से समन्वय बना कर हर घर हर व्यक्ति तक सम्पर्क करें। मिल्कीपुर विधानसभा की बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि सभी शक्ति केन्द्र प्रभारी अपने क्षेत्रों के बूथ प्रभारियों के साथ बैठक कर लें। चुनाव में हर घर - हर मतदाता तक सम्पर्क व संवाद स्थापित करना है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में चर्चा करना है। इसके लिए बूथों की समितियों को एक्टिव मोड में लाएं। पन्ना प्रमुख को सम्मेलन व कार्यशाला भी आयोजित किया जाएगा।

# गुडफ्राईडे के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी मध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में शुक्रवार को गुड फ्राइडे मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 29 मार्च को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''गुड फ्राइडे'' मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी ने बताया कि गुड फ्राइडे का ईसाई धर्म में काफी महत्व होता है। इस दिन को ईसाई धर्म के अनुयायी शोक दिवस के रूप में मनाते है। गिरजाघर मे जाकर प्रभु यीशु को याद करते है और उनके दिखाएं गए मार्गपथ पर चलने का संकल्प लेते है। ऐसा माना जाता है कि येरूशलम प्रांत में ईसा मसीह लोगों के मानव जीवन के कल्याण के लिए उपदेश दे रहे थे। जिसे सुनने के बाद लोग उन्हें ईश्वर मानने लगे थे। लेकिन कुछ धर्मगुरू उनसे चिढ़ते थे और जलते थे। लेकिन ईसा मसीह ने लोगों के दिलों में अलग की जगह




बना ली थी। अन्य धर्मगुरूओं द्वारा रोम के शाम पिलातुस से शिकायत कर दी। कहा कि यह अपने आपको ईश्वर पुत्र बता रहे है।

शिकायत के बाद उन पर राजद्रोह का आरोप लगा दिया गया। उन्हें क्रूज पर मृत्युदंड देने का फरमान जारी किया। कीलों की मदद से उन्हें सूली पर चढ़ा दिया गया। इतिहास के मुताबिक उन्हें गोलागोथा नामक सूली पर चढ़ाया गया था और उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी थी।

यह दिन इसलिए मनाया जाता है क्योंकि जिस दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया उस दिन गुड फ्राइडे था। ऐसी हृदयद्रावक घटना जब ईसा मसीह ने आत्मबलिदान किया था। यह घटना शुक्रवार को घटित हुई थी। इस घटना से उनकी स्मृति में पुण्य शुक्रवार यानी गुड फ्राइडे का पर्व मनाया जाने लगा। इस घटना की पुनीत स्मृति में संसार भर में ईसाई बड़े ही प्रेम और श्रद्धा के साथ इस पर्व को मनाते है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ईसा मसीह के आत्मबलिदान पर पोस्टर तथा भाषण एवं एक लघु नाटक का आयोजन किया गया। पोस्टर तथा भाषण के अन्तर्गत सिदरा प्रवीन, शाहवी महमूद, अनन्या पाण्डेय, आदित्य श्रीवास्तव, मिनाक्षी मिश्रा, श्लोक मिश्रा, अवन्तिका चौधरी, पूर्वी गुप्ता, अनन्या वर्मा, मान्या श्रीवास्तव, रिदा फातिमा ने बहुत मार्मिक भाषण की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात् लघु नाटक गीत- जिदां है जिदां यशु मेरा यशु नामक गीत पर आरोही (यशु) के रूप में तथा रत्नप्रिया, सौम्या, मानवी, स्तुति, वेदांशी, मेधावी आदि ने बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति दी।

प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी, उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने ''गुड फ्राइडे' मनाया।

## बदमाशों के हौसले बुलंद, ई रिक्शा चालक से नगदी और रिक्शा छीन कर फरार

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज तराई बलरामपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जहानडीह के नरायनपुर निवासी संतोष कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि वह बृहस्पतिवार शाम 7.00 बजे महाराजगंज तराई पेट्रोल पंप के सामने अपना ई रिक्शा लेकर सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी तीन सवारी आकर ई रिक्शा में बैठे। कहा कि मोतीपुर तक जाना है। लेकिन ई रिक्शा चालक ने ग्राम गंजडी थाना ललिया तक छोड़ने की बात कही। तीनों सवारी को नारायणपुर रास्ता तक लेकर पहुंचा तभी ई रिक्शा चालक संतोष कुमार को रिक्से पर बैठे व्यक्ति ने नारायणपुर रास्ता के पास रुककर पेशाब करने के बहाने चालक को घसीट कर गेहूं के खेत में ले गए। तभी एक व्यक्ति ने फोन करके चौथे व्यक्ति को बुलाया रात होते ही मनबढ़ों ने ई-रिक्शा चालक से रू.1500 नगद मोबाइल फोन व रिक्शा लेकर फरार हो गए। इस घटना को लेकर क्षेत्राधिकारी ललिया ज्योति श्री ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली थाना प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश कुमार तिवारी ने बताया है की तहरीर मिली है छानबीन की जा रही है।

# राम नवमी 2024 : सरयू नदी में सुरक्षा के लिए किए जाएंगे पुख्ता बंदोबस्त

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

**अयोध्या में सरयू नदी में तैनात की जाएंगी और छह फाइबर मोटर बोट्स, राम नवमी पर सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किये जा रहे मुकम्मल इंतेजाम**

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनके जन्मभूमि मंदिर में अब राम नवमी को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जमीन से लेकर नभ और जल में भी सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खुद मुख्य सचिव और डीजीपी अयोध्या में आगामी 17 अप्रैल को होने वाले आयोजन की तैयारियों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के अयोध्या आने और पवित्र सरयू नदी में स्नान किये जाने को ध्यान में रखते हुए सरकार तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। स्नान के दौरान सरयू नदी मे डूबने विभिन्न घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने राम नवमी के मौके पर व्यापक प्रबन्ध किए हैं। इसके लिए सरयू नदी में अब और छह फाइबर मोटर बोट्स चलाने का निर्णय लिया गया है।

**प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद यह पहली राम नवमी है**

चैत्र शुक्ल नवमी (राम नवमी) पर मोक्ष की कामना को लेकर अयोध्या में दर्शन पूजन व सरयू स्नान के लिए देश के कोने कोने से लाखों श्रद्धालु आने वाले हैं। इस बार श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद यह पहली राम नवमी है। ऐसे मे अयोध्या मे अपार भीड़ जुटने की संभावना है। साथ ही सरयू में भी बड़ी संख्या में लोग स्नान करके पुण्य के भागीदार बनेंगे। वहीं इस दौरान होने वाली किसी भी अप्रिय घटना को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के मुकम्मल बंदोबस्त किये गये हैं। इसके लिए नदी में फाइबर मोटर बोट्स की संख्या बढ़ाई गई है। पहले 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दौरान नदी में चार मोटर बोट को तैनात किया गया था, इनकी संख्या में वृद्धि करते हुए अब छह नई फाइबर मोटर बोट को मंगा लिया गया है। जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्या ने बताया कि भीड़ जैसे-जैसे बढ़ेगी वैसे वैसे बोट्स की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

नदी मे सुरक्षा के किए जा रहे व्यापक इंतजाम जल पुलिस प्रभारी ने बताया कि फाइबर की बोट मे 40 हॉर्स पावर का मोटर लगाया गया है। इसे स्टीयरिंग के सहारे घुमाया जा सकता है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। लोगों को यह सुझाव भी दिया जाता है कि नदी मे स्नान के दौरान सतर्क रहें, साथ ही हिदायतों का पालन करें। प्रशासन ने नदी में बैरिकेडिंग भी करवाई है, जिसे कोई भी पार नहीं कर सकेगा। मोटर बोट चलाने वाले कांस्टेबल नित्यानंद ने भी बताया कि इसकी स्पीड काफी अच्छी है, जिससे हमें किसी भी अप्रिय घटना के घटित होने पर तत्काल रिस्पॉन्स देने में मदद मिलती है। यह बोट 6 सीटर है।

# मामूली बात पर मनबढ़ों ने अधेड़ को डंडो से पीटकर हाथ तोड़ा, दर्ज किया गया मामला

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

मामूली बात पर मनबढ़ों ने अधेड को लाठी डण्डे से मारपीट पीटकर दाहिना हाथ तोड़ दिया है, घायल का प्राथमिक इलाज सीएचसी शिवपुरा में हुआ, हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद लोगों विरूद्ध केस दर्ज किया है।

थाना हरैय्या अन्तर्गत सुल्ताना कलां गांव निवासी आस मोहम्मद का आरोप है कि गुरुवार दिन में लकड़ी उखाड़ने की बात को लेकर गांव के कलीम, बाबू, अतीक पुत्रगण मोहम्मद अली ने उन्हें लाठी डण्डे से मारपीट कर दाहिना हाथ तोड़ दिया



तथा गंदी-गंदी गाली व जानमाल की धमकी देते हुए भाग निकले। उन्होंने बताया कि घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा में भर्ती कराया गया। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डाक्टर प्रणव कुमार पाण्डेय ने बताया कि घायल आस मोहम्मद के सर व दाहिने हाथ में अधिक चोटें थी इसलिए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया था।

इस संबंध में हरैय्या थाना निरीक्षक गोविंद राम ने बताया कि आस मोहम्मद के प्रार्थना पत्र पर कलीम, बाबू, अतीक के विरुद्ध केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा में बढ़ोत्तरी की जायेगी। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# महंत देवीपाटन व विधायक ने किया शोरूम का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सबसे पुरानी कपड़े की दुकान गुलाटी क्लॉथ स्टोर ने काली स्थान पर बदलते परिवेश के अनुसार सीसीएस क्लॉथ स्टोर नाम से दो फ्लोर का बेहतरीन शोरूम स्थापना का किया है। शोरूम का शभारंभ शुक्रवार को देवीपाटन मंदिर महंत मिथलेश नाथ योगी के साथ विधायक सदर पलटू राम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, एमएलके पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे, वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी व मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैंस ने फीता कटकर तथा दीप प्रज्वलन करने के उपरांत माता लक्ष्मी, गणेश व भगवान विष्णु को माल्यार्पण करके किया।

शोरूम के संचालक संजीव कुमार गुलाटी ने 29 मार्च को बताया कि उनके पिता दर्शन लाल गुलाटी ने 1950 में गुलाटी क्लॉथ स्टोर की



स्थापना किया था। क्षेत्र की जनता के सहयोग से एक के बाद एक प्रतिष्ठान में वद्धि हुई । गोंडा रोड पर नवभारत प्लाजा की स्थापना, इसके बाद दिल्ली के कमला नगर में उसी का ब्रांच 3 फ्लोर में स्थापित किया गया। आज एक बार फिर काली स्थान पर दो फ्लोर का सीसीएस शोरूम स्थापित हो चुका है, जिसका शुभारंभ पूजन अर्चन के बाद किया गया। महंत मिथलेश नाथयोगी ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि बलरामपुर नगर में जीसीएस अपने आप में एक विशेष शोरूम साबित होगा। विधायक सदर पलटू राम ने कहा की बलरामपुर के लोगों को अब एक ही स्थान पर अपने आवश्यकता की सभी तरह के कपड़े उनके बजट के हिसाब से उपलब्ध हो जाएगी।

विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने जीसीएस शोरूम पर सभी प्रकार के कपड़े सभी रेंज में उपलब्ध कराने के लिए संचालक को बधाई दी और कहा कि जनपद वासियों को उनके आर्थिक स्थिति के हिसाब से यहां पर कपड़ा उपलब्ध हो पाएगा। डॉ राजीव रंजन ने शोरूम की स्थापना पर शुभकामनाएं देते हुए सभी तरह के रेंज में कपड़े रखने के लिए प्रशंसा किया। कार्यक्रम मे गुलाटी परिवार के मुखिया दर्शन लाल गुलाटी हर्ष गुलाटी, राजीव गुलाटी, हर्षित गुलाटी, हार्दिक गुलाटी, अर्चना गुलाटी, रेनू गुलाटी, श्रेया गुलाटी, दिल्ली से आए हुए प्रवेश मेहता, पवन चावला, संदीप मलिक, बसंत भटनागर, योगेश, भूषण मुत्रेजा के अलावा स्वप्निका श्रीवास्तव डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ रवि प्रकाश मिश्रा, पूर्व एमएलसी सविता सिंह व डॉ अखंड प्रताप सिंह सहित तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# सुईथाकला ब्लाक प्रमुख की कुर्सी पर शिक्षक बेटे का कब्जा, अधिकारी मौन

* योगी सरकार के शासनादेश की भी परवाह नहीं करते जौनपुर के अधिकारी

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित



उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के अधिकारी सरकार के शासनादेश की स्वयं धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं ताजा मामला जौनपुर जिले के विकास खंड सुईथाकला से जुड़ा है। बताया जाता है कि विकास खंड सुईथाकला के क्षेत्र पंचायत प्रमुख श्रीमती विद्या देवी तिवारी के ब्लॉक स्थित सरकारी कार्यालय में उनकी गैरमौजूदगी में उनकी जगह उनका बेटा जो पेशे से शिक्षक है कार्यालय में कब्जा कर अधिकारी कर्मचारियों को आदेश निर्देश देने के साथ-साथ पार्टियां मनाया करता है और अधिकारी सब कुछ जान कर भी आंख मूंदे है। बताया जाता है कि उचगांव निवासी श्रीमती विद्या देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद तिवारी जो सुईथाकला ब्लाक की प्रमुख है और उनके शिक्षक बेटे उमेश चन्द्र तिवारी गांव में स्थित एक परिषदीय विद्यालय में शिक्षक है आरोप है कि स्कूल में शिक्षा देने के बजाय ब्लाक प्रांगण स्थित प्रमुख के सरकारी कार्यालय का ताला खुलवाकर स्वयं अधिकारी कर्मचारी को निर्देश देते रहते हैं और तमाम अपने शिक्षक साथियों राजनीतिक दलों की मित्रों के साथ पार्टी मनाने की फोटो सोशल मीडिया में वायरल होती रहती है।

यही नहीं ब्लॉक की होने वाली बैठकों में भी अधिकारियों कर्मचारियों को बतौर प्रमुख आदेश निर्देशन देने का भी आरोप है सरकार के शासनादेश के मुताबिक प्रमुख का कोई प्रतिनिधि नहीं हो सकता और न ही ब्लॉक प्रमुख की गैर मौजूदगी में उनके ऑफिस में अन्यत्र कोई चाहे वह परिवार का सदस्य ही क्यूं न हो प्रतिनिधि बताकर नहीं बैठ सकता फिर भी अधिकारी शिक्षक बेटे के

> मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी
>
> -शीलम सांई तेजा, मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर

रौब सुनने को क्यों तैयार है।यही नहीं उक्त शिक्षक स्वयं अपने सोशल मीडिया से लेकर तमाम बैनरों पोस्टरो में अपने को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लिखकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। और लोक सभा चुनाव की अधिसूचना भी लग चुकी है फिर भी राजनेताओं के साथ मंच साझा करना चुनाव आयोग के निर्देश का उलंघन करना है तथाकथित ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सरकार के शासनादेश के विरुद्ध प्रतिनिधि बनकर ब्लाक प्रमुख की कुर्सी पर कब्जा जमाए हुए हैं वहीं एक परिषदीय विद्यालय के शिक्षक होने के नाते किसी राजनीतिक दल का प्रचार प्रसार भी नहीं कर सकते जो परिषदीय विद्यालय के नियमावली व शासनादेश की धज्जियां भी उड़ा रहे हैं। वहीं नाम न छापने के शर्त पर ब्लाक के एक अधिकारी ने बताया की प्रमुख के शिक्षक पुत्र सत्तारूढ़ दल से जुड़े होने के नाते विद्यालय भी कभी नहीं जाते और ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर अधिकारी कर्मचारी का शोषण करते हैं।

रामप्रकाश दूबे अध्यक्ष प्रधान संघ सुईथाकला का कहना है कि यदि प्रमुख के शिक्षक पुत्र को नेतागिरी का इतना शौक ही है तो शिक्षक पद से इस्तीफा दे और राजनीति करें जिससे भारत के भविष्य छोटे छोटे छात्रों के साथ जो अन्याय हो रहा है वह भी बंद हो जाएगा और उनके स्थान पर एक युवा बेरोजगार को सरकारी नौकरी भी मिल जाएगी और नेतागीरी में भी और निखार का मौका भी नेता जी को मिल जाएगा। लेकिन पैसे की भूख लोगो को क्या न करा दे सांकेत पांडेय बताते हैं कि तथाकथित प्रमुख प्रतिनिधि को पैसे की इतनी जरूरत है कि उन्हीं के एक भाई जो गांव स्थित एक परिषदीय विद्यालय में वर्षों से शिक्षामित्र है और सरकार द्वारा जारी मानदेय भी उठा रहे हैं जबकि वह लखनऊ में रहकर कारोबार कर रहे हैं कभी विद्यालय आते तक नहीं लोग तो यहां तक कह रहे हैं कि यदि शिक्षामित्र महोदय विद्यालय में आ जाए तो छात्र ही अपने गुरु जी को पहचान नहीं पाएंगे लेकिन फिर भी योगी की सरकार के अधिकारी मौन धारण कर बैठे हैं जबकि वहीं अधिकारी चेकिंग के दौरान यदि कोई अन्य अध्यापक किसी कारण बस आधा घंटा लेट हो जाय तो आसमान टूट पड़ता और स्पष्टीकरण मांग कर वेतन रोकने की धमकी तक दी जाने लगती है तो फिर क्या है उक्त बेचारा अध्यापक अपने एक महीने के वेतन में आधे महीने का वेतन तो सुविधा शुल्क के नाम पर देना ही पड़ जाता जाता है जिससे अधिकारियों के द्वारा शिक्षको के प्रति दोहरे मापदंड से आक्रोश है।

## मै भारत हूँ व माई वोट माई ड्यूटी लघु फिल्म के माध्यम से मतदान करने की अपील

* मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सिनेमा घरों में लघु फिल्म प्रदर्शित किया जा रहा है




जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में जनपद में चल रहे स्वीप कार्यक्रम की कड़ी में शुक्रवार को केवल पैलेस सिनेमा हाल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनवाई गई मतदान के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए लघु फिल्म मै भारत हूँ और माई वोट माई ड्यूटी को सिनेमा घर में स्क्रीनिंग से पहले और प्रत्येक फिल्म के अन्तराल के दौरान प्रदर्शित किया जा रहा है। इस लघु फिल्म में कई सिलेब्रिटी अभिनेता व भारतीय खिलाड़ियों के विडियो संदेशों को संकलित किया गया है। मशहूर हस्तियों ने लोगों से अपील किया है कि मतदान करने के अपने कर्तव्य को अवश्य निभाएं क्योकि लोकतंत्र में मतदान को गौरव का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर राज्य कर अधिकारी रंजन विजय रत्न ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद जौनपुर के सिनेमा घरों में मतदाता जागरूकता संबंधी इस लघु फिल्म को लगातार प्रसारित किया जा रहा है। इस लघु फिल्म में एक वोट का मूल्य विषय पर कई मशहूर हस्तियों के संदेशों को शामिल किया गया है। फिल्म का उद्देश्य नागरिकों को अपने वोटो के महत्व को पहचानने के लिए प्रेरित करना है। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने फिल्म देखने आये लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई और कहा कि सबसे महत्वपूर्ण कार्य मतदान है, आइये देश के लिए मतदान करें। चुनाव का दिन कोई छुट्टी का दिन नहीं है यह कर्तव्य का दिन है। इसलिए सभी मतदाताओं से अपील है कि लोकसभा चुनाव 2024 में 25 मई को अपना वोट ज़रुर करें। इस अवसर पर प्रबंधक कुलदीप तिवारी, अभिषेक मौर्य, संतोष उपाध्याय, विधा मौर्या, सत्यम, सहित दर्शक उपस्थित रहे।

## सिर पर बोझ उठाते समय छू गया मेन लाइन का तार, किसान झुलसा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**खुटहन।** पिलकिछा ग्रामसभा के दौलतपुर गांव में देवी जी के मंदिर के पास मेन लाइन का खंभा एक वर्ष पूर्व से टूटा पड़ा है।जिसकी वजह से तार गेहूं की फसल के दो-तीन फुट ऊपर से गुजर रहा है। शुक्रवार को सिर पर सरसों की फसल का बोझ उठाते समय एक किसान करेंट की चपेट में आ गया। गनीमत थी कि करेंट का झटका लगते ही सिर का बोझ छिटककर दूर जा गिरा। जिससे किसान की जान तो बच गयी। लेकिन वह झुलस गया। जिसका उपचार एक निजी चिकित्सालय पर चल रहा है।

उक्त देवी मंदिर के बगल नारायण दुबे का आवास है।वही उनका खेत खलिहान भी है। यहां लगाया गया खंभा एक वर्ष पूर्व आयी आंधी में टूट गया था।

जिसके चलते ग्यारह हजार वोल्ट का तार इतना नीचे लटक गया है कि कहीं कहीं गेहूं के फसल की बालियों से सटा सा दिखाई देता है। खेत में फसल काटकर उसे सिर पर उठा रहे इसी गांव निवासी किसान गोकर्ण दूबे लटक रहे तार की चपेट में आकर झुलस गये।ग्रामीणों का आरोप है कि पिछली साल आयी आंधी में खंभा टूट गया था।

जिसे आज तक बदला नहीं जा सका। इसकी शिकायत भी कई बार की गई। लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस संबंध में जेई को कई बार फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव ही नहीं किया।

## युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अयोध्या मार्ग स्थित भटियारी सराय मोहल्ले में पारिवारिक कलह से अजीज आकार एक युवक ने घर में रखा विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ते देख परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के अयोध्या मार्ग स्थित भटियारी सराय मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र भगौती गुरुवार की रात मामूली कहासुनी के दौरान परिजनों की डांट से छुब्ध होकर घर में रखा विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होने जब तबीयत बिगड़ने लगी तो आनन फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## गैलेक्सी क्लब मेंबर बने अनिल कुमार



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मछलीशहर। भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय पर वाराणसी मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक विनोद कुमार और प्रोडक्ट मैनेजर श्री अमित श्रीवास्तव और विकास अधिकारी पी वी कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यालय में स्वागत किया और बधाई दिया। अनिल कुमार पांडेय भारतीय जीवन बीमा निगम मुंगरा बादशाहपुर के प्रथम गैलेक्सी क्लब मेंबर हैं इसके पूर्व में लगातार पांच बार से एम डी आर टी रहे। मुंगराबादशाहपुर के इतिहास में प्रथम गैलेक्सी क्लब मेंबर चुने जाने पर मछली शहर के कस्बे के लोगों ने बधाई दिया। कमला हॉस्पिटल के डा.आर.बी. चौहान, डॉ.अमित कुमार सिंह डा.सुभाष चंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष, मनोज कुमार जायसवाल पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष संतोष जायसवाल, डॉ.दिवाकर यादव प्रसिद्ध व्यापारी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. तेज बहादुर यादव, संजय कुमार गिरी तेज प्रकाश त्रिपाठी, आदि लोगों ने बधाई दी है।

## समय रहते पूरा करें कार्य नहीं तो होगी कार्रवाई: डीआरएम लखनऊ सचिन्द्र मोहन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




**मीरगंज।** जंघई रेलवे स्टेशन का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ सचिन्द्र मोहन शर्मा ने अपने निजी सैलून से शुक्रवार को दिन में 12 बजे से डेढ़ बजे तक रेलवे स्टेशन पर कराए गए कार्यों का निरीक्षण किया तथा अपने मातहतों को निरीक्षण के दौरान दिशानिर्देश दिया। उन्होंने नव निर्मित ओवर ब्रिज, आरक्षण केंद्र, नए बने नाले व कर्मचारियों के लिए बनाए गए भवनों का जांच पड़ताल किया तथा कराए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन पर प्रवेश करने के लिए बनाए गए नाले पर जाली युक्त लोहे का बना दिया जाएगा जिससे जल जमाव नहीं होगा और यात्रियों को सहुलियत मिलेंगी। प्लेटफार्म नंबर एक के दक्षिणी हिस्से पर जल्द ही सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा जिससे सदैव के लिए यात्रियों को इस समस्या से निजात मिल जाएगी । लोगों की मांग पर आरक्षण केंद्र को दो काउंटर आठ से दो बजे तक तथा एक काउंटर को दो से छः बजे तक चलाने की संस्तुति की। उन्होंने बताया कि 600 मीटर तक की रेलवे लाइन का निर्माण कार्य 21 दिन के अंदर पूरा करा दिया और हम दो दिन के बाद बैठक करके जंघई रेलवे स्टेशन पर अन्य कार्यों के लिए दिशानिर्देश कर देंगे। श्री शर्मा के साथ अधिकारियों व कर्मचारियों की पूरी टीम साथ साथ चलती रही जिसे समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे।

## मतदान कार्मियों का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आज जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्मिकों का प्रशिक्षण स्थानीय बेनहर स्कूल पीलीभीत में सम्पन्न हुआ। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कक्षों के निरीक्षण के दौरान कार्मिको को निर्देशित करते हुये कहा कि मास्टर टेऊनर द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैड के सम्बन्ध में दी जा रही जानकारी को अच्छी तरह सीख लें, जिससे मतदान के दिन कार्य करने में कोई समस्या न उत्पन्न हो। उन्होंने मास्टर टेऊनर को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी कार्मिकों को मशीनों का प्रशिक्षण मौके पर कराकर दिखाया जाये, जिससे मशीन के सभी पार्ट के बारे में अच्छी जानकारी प्राप्त हो सके, सभी प्रकार की सीलो के बारे में अच्छी जानकारी दी जाये। इस दौरान कार्मिक प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मशीनों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण कराया जाये। कार्मिको का प्रशिक्षण दो पालियों में सम्पन्न हुआ। कुल 1560 पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित कार्मिकों को कल प्रशिक्षण होने के निर्देश दिये गये है।

## ईओ के अनदेखी के चलते मानक विहीन कराया जा रहा है इंटरलॉकिंग का कार्य





जन एक्सप्रेस । बरखेडा

जनपद के नगर पंचायत बरखेड़ा के वार्डो में निर्माण कार्यो मे पुराना रोडा डालकर किया जा रहा हैं निर्माण जिसमें लोगों में भारी रोष पनपता दिखाई दे रहा हैं। जहा सरकार नगर मे विकास कार्य के लिए लाखो रुपए खर्च का भारी-भरकम बजट दे रही तो वही ठेकेदार और ईओ सरकार की पारदर्शीता के मंसूबो पर पानी फैरते हुए नजर आ रहे है। सरकार के द्वारा विकास कार्ये के लिए मिलने वाला भारी भरकम धनराशि ईओ लाल चन्द भारती के अनदेखी के चलते पानी की तरह बहाया जा रहा है। नगर पंचायत के द्वारा वार्डो मे निर्माण कार्य मे धंधली की ताजी तस्वीर देखकर खूद अपना हाल ब्याह कर देगी की नगर पंचायत मे भ्रष्टाचार चरम सीमा पर फैला हुआ चल रहा हैं। वही शोसल मीडिया पर भी आए दिन घटिया निर्माण सामग्री के विडिओ वायरल भी हो रहे है। जिसकी बरखेड़ा कस्बा के रहने वाले एक युवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। शिकायत मे बताया गया है नगर पंचायत बरखेडा के वार्ड नंबर एक मे नाली मरम्मत और इंटर लांकिक का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमे नए रोडा की जगह पर पुराना रोडा डालकर गोल माल किया जा रहा है और सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है।तो वही इस्टीमेट पूरा नया का बना हुआ है लेकिन ईओ की अनदेखी के कारण ज्यादा कमीशन बाजी के चक्कर मे पुराना रोडा डालकर कार्य कराया जा रहा है। गौरतलब हो की नाली निर्माण के दौरान नाली के ऊपर केवल एक ईट लगाकर अपनी कार गुजारी छुपाने के चक्कर मे प्लास्टर कर दिया गया है। नगर पंचायत के लोगो ने वार्ड मे हो रहे घटिया निर्माण का कार्य को शीघ्र ही रुकबाने की मांग उठाई है।और आरोप लगाते हुए बताया है नगर पंचायत के जितने भी वार्डो मे निर्माण कार्य हुए हैं। सब मे भ्रष्टाचार की बू आ रही है।नगर पंचायत के चहेते ठेकेदारो के द्वारा निर्माण कार्य कराए जा रहे है जो मानक विहीन है और निर्माण कार्यो मे धंधली बरती गई है।

इस अवसर पर जब जन एक्सप्रेस के बरखेड़ा संवाददाता हरिओम वर्मा ने इसकी जानकारी ईओ लाल चन्द भारती से की तो उन्होंने बताया कि मैं नगर पंचायत में जानकारी करके बताता हूँ। फिलहाल अगर ऐसा मामला सामने आता है तो कार्रवाई की जाएगी।

## किराना व्यापारी के घर डकैती की वारदात में शामिल बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

* पकड़े गए बदमाश से बाइक, एक लाख की नगदी, तमंचा बरामद
* अंधेरे का फायदा उठाकर एक बदमाश मौके से फरार

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



किराना व्यापारी के घर डकैती की वारदात में शामिल बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। अंधेरे का फायदा उठाकर बाइक सवार एक साथी फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश से पुलिस ने बाइक,एक लाख की नगदी, तमंचा, कारतूस बरामद किया। बता दे की पुलिस दो बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

नगर से दो किलोमीटर दूर पूरनपुर वायां मैगलगंज नेशनल हाईवे पर स्थित गांव रम्पुरा निवासी किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के परिवार को 30 जनवरी की रात कार सवार पांच सशस्त्र बदमाशों ने गन पॉइंट पर लेकर बंधक बनाने के बाद 6 लाख की नगदी समेत लाखों रुपए के जेवरात लूट लिए थे। 22 मार्च को पुलिस ने माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास घेराबंदी कर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने 3.50 लाख की नगदी, मोबाइल, डीवीआर,बरामद कर घटना का खुलासा किया था। गुरुवार रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि किराना व्यापारी के घर डकैती की वारदात में शामिल बदमाश बंडा की तरफ से बाइक से पूरनपुर आ रहे हैं। बदमाशों की जानकारी लगते ही पुलिस सक्रिय हो गई।पुलिस ने बंडा चौराहा के पास बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। बदमाशों ने पुलिस को देख बाइक मोड़ने के बाद भागने लगे। बदमाशों ने बाइक सुआबोझ गांव की ओर भगा दी। रफ्तार तेज होने के कारण बदमाशों की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। घेराबंदी करने पर बदमाशों ने पुलिस को जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में बदमाश घायल हो गई। अंधेरे का फायदा उठाकर एक बदमाश मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश से पूछताछ की।

पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम रामाशंकर कुशवाहा उर्फ पप्पू पुत्र सुकई भगत निवासी बेलवा आलमदास थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर हाल निवासी गरिमा गार्डन बिलाल मस्जिद के पास पसोंडा थाना टीला मोड़ जिला गाजियाबाद बताया। मौके से फरार साथी बदमाश का नाम शहजाद उर्फ गब्बर पुत्र रहीसुद्दीन निवासी नूरी मस्जिद के सामने मुहल्ला किदवईनगर खाला पार थाना कोतवाली जिला मुजफ्फरनगर बताया। पकड़े गए आरोपी ने किराना व्यापारी के घर कोई डकैती की वारदात स्वीकार की। बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बाग में लकड़ी बीनने गई किशोरी से युवक ने की छेड़छाड़

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

बाग में लकड़ी बीनने गई किशोरी को अकेला देखकर दबोच लिया। झाड़ियां में खींच कर ले गया और दुराचार का प्रयास किया और शोर शराबा करने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्राथमिक की लिखकर जांच शुरू कर दी है।घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला की पुत्री गुरुवार को गांव के ही पास एक बाग में लकड़ी बनाने के लिए गई थी। लकड़ी बीनने के दौरान गांव का ही एक युवक पहुंच गया और युवती को अकेला देखकर युवक ने पकडकर झाड़ियो में खींच ले गया और दुराचार का प्रयास करने लगा। युवती ने जब विरोध किया तो युवक ने बेरहमी से पिटाई लगा दी। युवती के द्वारा शोर शराबा करने पर आसपास के लोग मौके पर एकत्र होने लगे।आरोपी अपने आप को घिरता देख मौके से फरार हो गया।

## गुड फ्राइडे पर ग़म का इज़हार, क्रूस रास्ते का आयोजन

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



नगर के एक मात्र चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को ईसा मसीह के शहादत के दिन गुड फ्राइडे को गमी के रूप में मनाया। आसपास से बड़ी संख्या में लोग विशेष प्रार्थना में हिस्सा लेने आये। ईसा मसीह की कुर्बानी को याद करते हुए पुरोहित ने क्रूस रास्ते का आयोजन कराया।

नगर में गुड़ फ्राइडे का पर्व ईसा मसीह की कुर्बानी को याद करते हुए मनाया गया। चर्च में पुरोहित फादर राजेश ने विशेष प्रार्थना कराते हुए क्रूस रास्ते का आयोजन किया। गुड फ्राइडे को ईसा मसीह के शहादत के दिन के रूप में मनाया जाता है। इस दिन बेक़सूर जीसस को सूली पर चढ़ाया गया था। नगर के एक मात्र सेंट जोसेफ चर्च में पर्व को मनाने के लिए बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से ईसाई समुदाय के लोग विशेष प्रार्थना में शामिल होने के लिए आये। प्रार्थना में पुरोहित फादर राजेश ने विशेष प्रार्थना कराई। सूली से पहले ईसा मसीह को बहुत सारी तकलीफों का सामना करना पड़ा था। फादर ने प्रार्थना कराते समय इसका जिक्र किया। ईसाई मान्यता के अनुसार उन्हें सलीब पर लटकाया गया था। फिर रूह कंपा देने वाली यातनाओं की पराकाष्ठा हुई। बेरहम ज़ालिमों ने उनको हर तरीके से उन्हें यातना दी। स्कूल परिसर में चौदह स्थानों को प्रतीक के रूप में चिंहित किया गया जहां पर ईसा मसीह को विभिन्न यातनाओं को दिया गया था उन्हें कोड़ों से मारना, सिर पर कांटों का मुकुट रखना, यहां तक कि उन्हें निवस्त्र भी किया गया उनके ऊपर थूका गया, ऐसी स्थिति में उन्हें अपनी माता से मिलवाया गया। अपशब्द कहकर उन्हें जलील किया गया। फादर ने बताया कि ये सभी तकलीफें दुनिया व मानव जाति की भलाई के लिए उन्हें झेलना पड़ीं। इस से पूर्व पुरोहित फादर राजेश ने पुण्य गुरुवार को 12 शिष्यों के पैर भी धोये थे। अब दुख का इजहार करने के लिए शनिवार रात तक हर चर्च में घंटियां खामोश रहेंगी। इसके बाद फादर ने चर्च में क्रूस की आराधना करायी। फादर राजेश ने देश व दुनिया में शांति और भलाई व राजनेताओं की सलामती के लिए दुआएं कीं। यहां स्कूल उपप्रधानाचार्य सिस्टर दीपा, सिस्टर सुदीप्ति, ब्रदर लॉरेंस क्रास्टा, सुशील, जॉयस परेरा, जॉर्ज कुट्टी, लिली प्रकाश, सुमित सिंह, रायडन परेरा, रोनाल्ड परेरा, आनन्द प्रकाश, संजय सिंह, जॉर्ज कुट्टी, प्रीति, सन्ध्या, पैट्रिक आनन्द, संजय सिंह, स्टेला मसीह, साधना, पतरस मसीह, जगदीप मसीह, इमानुअल, जगदीप मसीह आदि मौजूद रहे।

## एके-47 राइफल लूट में शामिल 25 हजार रूपये के इनामी को हजारा पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



**हजारा।** सरकारी एके-47 राइफल लूट कांड में शामिल पच्चीस हजार रुपए का इनामी आरोपित को हजारा पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा है। माधोटांडा थाना क्षेत्र से सरकारी एके-47 राइफल लूट कांड को अंजाम देने वाले इनामियां आरोपित को हजारा पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर आरोपित के पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आवश्यक लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने जेल भेजा है। हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार के नेतृत्व में नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र की कंबोज नगर पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कुमार आरक्षी आशू कुमार व नितिन कुमार की टीम ने थाना माधोटांडा क्षेत्र से सरकारी एके-47 रायफल लूट कांड में शामिल नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव राघवपुरी निवासी करमजीत सिंह उर्फ किन्नू पुत्र जसवंत सिंह को मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपित को धर दबोचा आरोपित के पास से एक 315 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।उधर हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार ने बताया है कि पकड़े गए आरोपित के खिलाफ पहले से कई मुकदमे पीलीभीत व जनपद लखीमपुर खीरी में पंजीकृत हैं पकड़े गए आरोपित के पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है उसके खिलाफ आवश्यक लिखा पढी करने के बाद गुरुवार को जेल भेजा गया है साथ ही यह भी बताया है कि आरोपित के ऊपर पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित था जिसे हजारा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# 80 साल की बुजुर्ग महिला को 22 वर्ष के युवक ने बनाया अपनी हवस का शिकार

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर थाना क्षेत्र का मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। मामला एक गांव का है जहां पर देर रात्रि गांव के ही 22 वर्षीय युवक ने शराब के नशे की हालत में घर में अकेली सो रही 80 वर्षीय महिला को जबरन मार पीट कर दांत तोड़ा और फिर अपनी हवस का शिकार बना डाला, वयोवृद्ध महिला चीखती रही लेकिन काफी रात्रि हो गई थी इस लिए कोई पड़ोसी आवाज नहीं सुन पाया किसी तरह युवक के चुंगल से छूटी और शोरगुल मचाया तब जाकर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल पर तुरंत पहुंचे बिल्हौर थाना इंचार्ज केशव कुमार तिवारी एवं उत्तरी पूरा चौकी इंचार्ज सतीश कुमार ने भारी पुलिस फोर्स के साथ घेराबंदी करते हुए आरोपी युवक अमित उर्फ मिंटू पुत्र देवकी को खंडहर नुमा मकान से दबोच लिया कड़ाई से पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया पुलिस ने धारा 376, 325, 452 आदि धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की है।


आरोपी अमित ऊर्फ मिंटू



पुलिस ने पीड़िता के अनुसार बताया उनका पड़ोसी, उम्र करीब 22 वर्ष ,शराब के नशे में, उनके घर के अंदर घुस आया तथा उनके साथ बलपूर्वक दुष्कर्म किया और उनके साथ मारपीट की जिसमें पीड़िता का दाँत भी टूट गया। पीड़िता के शोर मचाने पर अभियुक्त दीवार कूदकर भाग गया था। पुलिस ने यह भी बताया कि विवेचना से जानकारी मिली है कि पीड़िता और अभियुक्त एक ही मोहल्ले के रहने वाले स्वजातीय पड़ोसी हैं और पीड़िता पारिवारिक नाते से अभियुक्त की दादी लगती हैं। अभियुक्त भूसे की गाड़ी पर भूसा भरने एवं मज़दूरी करता है और शराब पीने का आदी है। एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी ने बताया कि सूचना पर थानाध्यक्ष व चौकी इंचार्ज ने मेहनत कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है पीड़िता का मेडिकल कराया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मौसेरे भाई के साथ गंगा नहाने गया युवक डूबा

- 24 घंटे से तलाश जारी, नहीं चल सका पता
- अचलगंज थाना क्षेत्र के बलाई घाट की घटना

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



अचलगंज थाना क्षेत्र में बीती शाम मौसेरे भाई के साथ गंगा नहाने गया युवक डूब गया। दो थानों की पुलिस गोताखोरों के साथ उसकी तलाश में जुटी है। 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी गंगा की लहरों में लापता हुए युवक का कोई पता नहीं चल सका है।

अचलगंज थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी पुतान रैदास का पुत्र जीतू (19) गुरुवार दोपहर बलाई गांव अपने चचेरे मौसा बुद्धी लाल के यहां गया था। शाम चार बजे मौसेरे भाई अंकुश के साथ बलाई घाट पर गंगा स्नान को गया था। नहाने के दौरान जीतू गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा, यह देख कर साथ रहा अंकुश मदद को चिल्लाने लगा। दुर्भाग्य से उस समय घाट पर कोई नहीं था जिस पर अंकुश भाग कर अपने गांव बलाई आया और इसकी सूचना दी। सैदपुर निवासी जीतू के परिजन व अचलगंज एसओ मौके पर पहुंचे। काफी खोज बीन के बावजूद भी डूबे युवक का पता नहीं लग सका। शुक्रवार सुबह से ही एसओ संजीव कुशवाहा के साथ बीघापुर पुलिस भी मौजूद रही। गंगा घाट से अनुभवी गोताखोर बुला कर गंगा में



जाल डाल कर खोजबीन की कोशिश चल रही है। खबर लिखे जाने तक युवक का कोई पता नहीं चल सका है। उधर युवक के परिजन रो रोकर बेहाल हैं।

# युवक पर धारदार हथियार से हमला, गंभीर हालत में भर्ती

**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव**

दुकान का सामान लेने जा रहे युवक का गांव के बाहर अन्य युवक से विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें घायल युवक को 108 एम्बुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया है। परिजन निजी इलाज कराने के लिये युवक को लेकर चले गये।

जानकारी अनुसार अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मकदूमपुर चूरमा निवासी सरवन पुत्र प्रसादी की गांव में ही परचून की दुकान है। बताते हैं कि सरवन की छोटी बेटी कुछ माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हो गई थी। शुक्रवार शाम सरवन दुकान का सामान लेने जा रहा था। बताते है कि इस दौरान गांव के ही निवासी विशाल के रास्ते मे मिलने पर उसने अपने बेटी के बारे में पूछा तो दोनों में विवाद शुरू हो गया।

विवाद इस कदर बढ़ा की विशाल समेत उसके अन्य भाइयों ने मारपीट कर दी। इस दौरान सरवन को किसी ने धारदार हथियार से वारकर घायल कर दिया। जिससे घायल युवक को 108 एम्बुलेंस ने नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां परिजन निजी इलाज के लिए उसको लेकर चले गये। घायल के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे गांव निवासी भांजे रामकुमार पुत्र सुरखू ने बताया कि सरवन की छोटी बेटी कुछ माह पूर्व घर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई थी। जिसका आरोप गांव के ही युवक विशाल पुत्र मछई पर था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला था। आज समान लेने जा रहे मामा ने जब विशाल को देखा तो बेटी के बारे में पूछने के दौरान उन लोगों ने हमला कर दिया। अजगैन कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नही है। तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।



# मुतवल्ली वक़्फ सम्पत्तियों को वाक़िफ की मंशानुसार ही प्रयोग सुनिश्चित करें : मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी



**कुल हिन्द इस्लामिक इल्मी अकादमी कानपुर की अल-शरिया हेल्पलाइन से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर**

- प्रश्न : इद्दत की अवस्था में महिला ऐतिकाफ कर सकती है ?
- उत्तर : महिला के ऐतिकाफ के लिये चूंकि मस्जिद शर्त नहीं है कि उसे घर से निकलने की ज़रूरत पड़ इस लिये इद्दत में भी महिला अपने घर में स्थान विशेष करके ऐतिकाफ कर सकती है।
- प्रश्न : किस चीज़ के द्वारा सद्क़ा ए फित्र अदा करना ज़्यादा बेहतर है ?
- उत्तर : सद्क़ा ए फित्र अनाज गेहूं, जौ, खजूर आदि के द्वारा अदा करना भी जायज़ है और क़ीमत देना भी दुरुस्त है, लेकिन क़ीमत देना ज़्यादा बेहतर है क्योंक इसमें लेने वाले की हाजत व ज़रूरत ज्यादा अच्छे तरीक़े से पूरी हो सकती है कि वह अपनी मर्ज़ी और सुविधानुसार ज़रूरत का सामान खरीद सकता है।
- प्रश्न : एक व्यक्ति साहेबे निसाब है लेकिन वह कब साहेबे निसाब हुआ था यह तारीख या महीना याद नहीं अब साल पूरा होने का अंदाज़ा कैसे लगाया जाये?
- उत्तर : अच्छी तरह सोच-विचार करके जो सटीकता के करीब राय बने उस पर अमल करे और फिर भविष्य में उसी के अनुसार हर साल ज़कात देता रहे।
- प्रश्न : ग़रीब आदमी सद्क़ा ए फित्र अदा कर सकता है या नहीं ?
- उत्तर : जो आदमी साहेबे निसाब नहीं बल्कि ग़रीब है तो उस पर यद्यपि सद्का फित्र की अदायगी शरअन लाज़िमी नहीं है लेकिन अगर व सद्क़ा ए फित्र अदा करता है तो यह उसके लिये बेहतर और बरकत का ज़रिया है।

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जमीयत उलेमा हिन्द की हिदायत पर अवाम में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जुमा के दिन को ''तहफ्फुज़ यौमें औक़ाफ'' के रूप में मनाया गया। जमीयत उलेमा के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी की अपील पर पूरे प्रदेश के तमाम ज़िलों में मस्जिदों के इमाम व ज़िम्मेदारों द्वारा अवाम को वक्फ का अर्थ, वक्फ का इस्लाम में महत्व, उद्देश्य, भारत में वक़्फ का इतिहास, वक़्फ सम्पत्तियों में भ्रष्टाचार करने वालों के गुनाहों की खतरनाकी से रूबरू कराने के बाद वक़्फ सम्पत्तियों की हिफाज़त के हर सम्भव संघर्ष के लिये जागरूक किया गया। मस्जिदों के इमाम हज़रात ने जमीयत उलेमा की जानिब से जारी खुत्बा की रोशनी में औक़ाफ के हवाले से बात करते हुए कहा कि अपनी जायदाद को अपनी मिल्कियत से निकाल कर उसे अपने लिये सद्क़ा ए जारिया बनाना और अल्लाह की मिल्कियत क़रार देना ही ''वक़्फ अल-अल्लाह'' है। वक़्फ का सबसे बड़ा इनाम यह है कि वक़्फ करने वाले को मरने के बाद भी उसका सवाब मिलता रहता है। इमाम हज़रात ने कुरआन की आयतों की रोशनी में बात करते हुए कहा कि वक़्फ एक ऐसी इबादत है जो मुसलमानों को सामाजिक और आर्थिक जीवन में बल प्रदान करती है, अगर मुसलमान इसको अपनी सही रूह के साथ जारी रख सकें तो कोई वजह नहीं कि सामाजिक व आर्थिक समस्यायें हल ना हो जायें। उन्होंने ने वक़्फ के उद्देश्यों पर बयान करते हुए कहा कि वक़्फ सम्पत्ति इंसानियत की भलाई, ज़रूरतमंदों, दिव्यांगों, यतीमों, बेवाओं की परवरिश के लिये होती है। वक़्फ के तरीक़ों पर बात करते हुए कहा कि वक़्फ बराये कुरआन व हदीस, मस्जिद, शिक्षा, मदरसा, पुस्तकालय, भोजन-पानी की उपलब्धता, मुसाफिरों, सरहदों की हिफाज़ता, पवित्र स्थानों, पर्यावरण, पशु-पक्षियों, ग़रीब बच्चों के विवाह, बच्चों के खेलकूद के मैदान समेत अन्य उद्देश्य हैं जिनके लिये अपनी जायदाद वक़्फ की जा सकती है। उन्होंने बताया कि भारत में मुसलमानों के आने के बाद से ही वक़्फ की स्थापना का सिलसिला शुरू हुआ और जहां-जहां मुसलमान आबाद हुए, वहां विभिन्न धार्मिक व सामाजिक उद्देश्यों के लिये अपनी जायदादें वक़्फ कीं। इन वक़्फ सम्पत्तियों से क़ौम के ज़रूरतमंदों की मदद होती थी। इमाम हज़रात ने इस अवसर पर वक़्फ से सम्बन्धित बने कानून, वक़्फ बोर्डों की स्थाना और उनके द्वारा किये जाने वाले भ्रष्टाचार और अन्याय के बारे में बताते हुए कहा कि वक़्फ सम्पत्ति का इंतेज़ाम और बंदोबस्त मुतवल्ली के ज़िम्मे है, वक़्फ से सम्बन्धित किसी भी जायदाद के सिलसिले में मुतवल्ली का मालिकाना हक़ नहीं होता है, उसकी हैसियत सिर्फ निगरां(देखरेख करने वाला) की है जो कि सामान्य मुसलमानों और वक़्फ बोर्ड के आगे जवाबदेह होता है। अगर मुतवल्ली की तरफ से वक़्फ बोर्ड की सम्पत्ति में भ्रष्टाचार किया जाये या उसे बेच दिया जाये तो ना सिर्फ यह कानूनी जुर्म है बल्कि अल्लाह के अज़ाब के लिये तैयार रहना चाहिए। अंत में अवाम, विशेषरूप से औक़ाफ के मुतवल्लियों से अपील की कि वह वक़्फ सम्पत्तियों को वाक़िफ की मंशा के अनुरूप ही इस्तेमाल सुनिश्चित करें और जो लोग मालदार हैं वह अल्लाह की रज़ा की ख़ातिर अपनी जायदाद का एक हिस्सा वक़्फ करें और अपनी औलादों को भी इसकी नसीहत करें।

जमीयत उलेमा यूपी के उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी ने अशरफाबाद जाजमऊ में बताया कि बड़ी संख्या में अवाम ने जमीयत उलेमा के इस अभियान को सराहते हुए इस में हर तरह से सहयोग देने की पेशकश की है, विभिन्न ज़िलों से इस सम्बन्ध से रिपोर्टें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि वह वक़्फ सम्पत्ति पर किसी भी तरह के अतिक्रमण, अवैध कब्ज़े या अनाधिकृत स्थानांतरण के खिलाफ़ हैं, अवाम को विश्वास दिलाया कि जमीयत उलेमा के तहत आने वाले दिनों में वक़्फ सम्पत्तियों के हवाले से अवाम में जागरूकता पैदा करने के लिये ''तहफ्फुज़ औक़ाफ'' के अभियान को और अधिक तेज़ करके इसकी हिफाज़त के लिये हर सम्भव कानूनी और ज़मीनी संघर्ष किया जायेगा।

# साढ़ पुलिस का गौरी ककरा गाँव में छापा, जुआरी हुए फरार

- मौके से साढ़ पुलिस ने आठ मोटरसाइकिलें की बरामद

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

इन दिनों साढ़ क्षेत्र में जुआ के फड़ लगातार सजने का सिलसिला जारी बना हुआ है जिसकी खबर शोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लगातार वायरल हो रही थी। जिसकी वजह से साढ़ पुलिस हरकत में आई और मुखबिर की सूचना पर साढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्र के गौरी ककरा गाँव मे मय फोर्स समेत छापा मारा। छापा की सूचना जुआरियों को मिल गई और वह वहाँ से फरार हो गए। लेकिन जल्दबाजी में उनकी की आठ मोटरसाइकिले छूट गई जिसे साढ़ पुलिस ने कब्जे में ले लिया और ट्रैक्टर में लदवा कर थाने ले आई। हालांकि साढ़ पुलिस के हाथ एक भी जुआरी नही लगा ।मामले पर साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि जुआरियों की तलाश जारी है।



# बिधनू सभागार में विद्यालय प्रबंध समितियों की कार्यशाला का किया गया आयोजन





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

साढ़ कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी बिधनू के सभागार में विद्यालय प्रबंध समितियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ खंड शिक्षा अधिकारी भारत कुमार वर्मा ने दीप प्रज्ववलित करके किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सबसे पहले ऐसे निपुण विद्यालय जिन्होंने शतप्रतिशत परीक्षाफल दिया उनके समस्त शिक्षको को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जिनमे से प्राथमिक विधालय सपई, पलरा, सुल्तानपुर, बांग्लाभारू, धोबिनपुरवा, कम्पोजिट ओरछी आदि।

सभी विद्यालयो को निपुण करने के उद्देश्य से श्रीमती कविता अवस्थी ने समस्त प्रधानध्यापको एवं यस यम सी अध्यक्ष को विद्यालय विकास योजना निर्माण करने पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में ऐ आर पी कविता अवस्थी, क्षमा तिवारी, प्रीति पालीवाल, भानु विश्कर्मा, मनोज शुक्ल ने विस्तृत चर्चा की इसी क्रम में विकास बिधनू के अनेक विद्यालय सहित प्राथमिक विधालय बाजपुर, जहानपुर, भारु में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया।

प्रा0 विद्यालय बाजपुर में कदम प्लस एन जी ओ की ड़ी ओ श्रीमती पूनम पांडेय ने कक्षा 5 के अंकित, निशा, अंश, पुरष्कृत करते हुए परीक्षाफल वितरीत किया।

आपको बताते चलें कि राष्ट्रीय अविष्कार के अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण के लिए लखनऊ के लिए छात्रों की बस को भी खंड शिक्षा अधिकारी बिधनू भारत कुमार वर्मा द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# अवैध तमंचा कारतूस संग शातिर अपराधियों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव**

अजगैन कोतवाली पुलिस ने बीती रात गस्त के दौरान राजमार्ग के पास खड़े चार लोगों से पूछताछ करने के साथ संदिग्धता के आधार पर उनकी जमा तलासी ली तो पुलिस को उनके पास से चार तमंचा, जिंदा कारतूस, मोबाइल व नगदी बरामद हुये। सभी को न्यायालय भेजा गया है। अजगैन पुलिस ने बीती रात गस्त के दौरान राजमार्ग स्थित चमरौली आश्रम के निकट मंदिर के पास पेड़ के नीचे खड़े चार संदिग्धों को देखा। तो गाड़ी रोक कर पूंछताछ करने लगे।

संदिग्धता के आधार पर जमा तलासी लेने के दौरान चारो के पास से चार तमंचा, जिंदा कारतूस समेत 520 रुपये व मोबाइल बरामद किये है। कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया पकड़े गये अभियुक्त में शिव सरोज सिंह पुत्र शिवधार सिंह निवासी शाह नगर थाना फतेपुर चौरासी, अभिमन्यू यादव पुत्र राम करन यादव निवासी लक्षीखेड़ा आसीवन, मुकेश पुत्र रामेश्वर रामपुर सफीपुर, दिनेश पुत्र श्रीपाल रामपुर सफीपुर है। चारो के विरुद्ध अजगैन समेत अन्य कोतवाली में करीब एक दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज है। मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है।

# मसीह समाज के लोगों ने शोक दिवस के रुप में मनाया गुड फ्राइडे

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में शुक्रवार को प्रभु यीशु के बलिदान दिवस (गुड फ्राइडे) को मसीह समाज के लोगों ने शोक दिवस के रुप में मनाया। इस दौरान लोगों ने चर्चों में जाकर क्रास को चूमकर प्रभु यीशु के बलिदान दिवस का याद किया साथ ही चर्चों में घंटा की जगह लकड़ी के खटखटे बजाये गये।

द गुड शेफर्ड चर्च इन इंडिया गूबा गार्डेन कल्याणपुर में शुक्रवार को मसीह समाज के लोग उपस्थित हुए और प्रभु यीशु मसीह के द्वारा दिये गये बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम का आरंभ ए खुदाबन्दे खुदा हाकिम नामक गीत से किया गया। बिशप पंकज राज मलिक ने उपस्थित लोगों को बताया कि किस प्रकार समस्त मानव जाति के पापों के कारण ही प्रभु यीशु मसीह को क्रूसपर अपने प्राणों का बलिदान देना पड़ा। इसके उपरांत सात पादरियों ने क्रूस पर से प्रभु यीशु मसीह के द्वारा कही गई सात वाणियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान पैराडाइस एंजेल बैंड के मधुर गीत संगीत जैसे मैं आजाद हूं, तू मेरी चट्टान गीतों को सुनकर सब आत्मविभोर हो गये। इसी तरह अन्य चर्चों व गिरिजाघरों में शोक दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुपमा मलिक, पादरी सत्येन्द्र श्रीवास्तव, सागर मैसी, अनुराज, अभिमन्यु, श्रेयराज, सौरभ, राज, रिक्की, अमन एल्विन, मनीष लौरेंस आदि मौजूद रहें।



**आज ही के दिन प्रभु यीशु को सूली पर लटकाया गया था**

गुड फ्राइडे का दिन ईसाई धर्म के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन को शोक दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। ईसाई धर्म से जुड़ी मान्यताओं के मुताबिक आज ही के दिन प्रभु यीशु को सूली पर लटकाया गया था। इसलिए इसे ब्लैक फ्राइडे भी कहा जाता है। हालांकि मौत के दो दिन बाद यानी रविवार को प्रभु यीशू फिर से जीवित हो गए थे। जिसे ईस्टर के रुप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु के बलिदान को याद कर शोक जताते हैं। इसके अलावा इस दिन चर्च में विशेष प्रार्थना भी की जाती है और लोग प्रभु से अपने गुनाहों की क्षमा मांगते हैं।

**सत्येंद्र श्रीवास्तव ने बताई प्रभु यीशु की सात वाणियां**

पादरी सत्येन्द्र श्रीवास्वत ने बताया कि प्रभु यीशु की सात वाणियां इस प्रकार हैं। हे पिता इन्हे क्षमा कर क्योंकि ये नहीं जानते कि क्या करते हैं। तू आज ही मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा। हे नारी देख यह तेरा पुत्र है। एलीएली लमा शबक्तनी है। हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर तूने मुझे क्यों छोड़ दिया। मैं प्यासा हूं। पूरा हुआ और हे पिता मैं अपनी आत्मा तेरे हांथों में सौंपता हूं।

# मृत पड़े गौवंश का किया अंतिम संस्कार

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर ब्लॉक अंतर्गत भटपुरा गांव के समीप हाईवे के किनारे गोवंश मृत पड़ा था आवारा मवेशी के मृत पड़े होने की सूचना पर पहुंचे राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने पुलिस की सहायता से दफनवा दिया है। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता सोनू दीक्षित ने बताया की भटपुरा गांव समीप हाइवे किनारे एक आवारा मवेशी गाय के मृत पड़े होने की सूचना मिली थी पुलिस की सहयता से गड्ढा खोदकर दफानवा दिया है उपनिरीक्षक अजीत यादव एसआई रणवीर सिंह ग्राम प्रधान अजीत पाल कृष्ण अवस्थी पप्पू सर्वेश कुशवाहा सुनील जगदीश सरमन आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- एनएच 27 के अवैध कट से बाइक निकालते समय हुई घटना

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अचलगंज थाना क्षेत्र के गहरा के पास बने अवैध कट से बाइक निकालने के दौरान किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक को एनएचएआई की एंबुलेंस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। इटावा जिले के थाना एकदिल के गांव मनियामउ निवासी गोपाल सिंह का पुत्र वीरेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ पप्पू (56) काफी समय से लखनऊ-कानपुर हाइवे पर गहरा के पास निर्माणाधीन सीएनजी पंप पर काम कर रहा था। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे वह बाइक से उन्नाव जाने के लिए निकला था। सीएनजी पंप के सामने बने अवैध कट से बाइक निकालने के दौरान कानपुर की ओर से आ रहे वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गया। घटना में पप्पू गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर बदरका चौकी इंचार्ज रवी मिश्र मौके पर पहुंचे और एनएचएआई की एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। छोटे भाई रिंकू भदौरिया ने बताया कि मृतक पप्पू तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। पति की मौत से पत्नी बसंती और पांच बच्चों में दो बेटे और तीन बेटी बेहाल हैं। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। एनएचएआई के अधिकारियों को कट बंद कराने के लिए कहा गया है।



# वोटर कार्ड बनवाने के लिए राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी का शिविर कल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी दिव्यांगजन का वोटर कार्ड बनवाने के लिए 31 मार्च को शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में शिविर का आयोजन करेगी। कानपुर नगर में 75 फीसदी दिव्यांगजन के वोटर कार्ड नहीं बने है। जिससे वो मतदान में भाग लेने से वंचित हो जायेगे।

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने सभी दिव्यांगजन का वोटर कार्ड बनाने की मांग की थी। लेकिन जिला निर्वाचन कार्यालय ने अभी तक शेष बचे दिव्यांगजन को मतदाता बनाने में रूची नही लि है। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने अब सभी दिव्यांगजन को मतदाता बनाने के लिए शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए आधार कार्ड, परिवार के किसी सदस्य का वोटर कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र व फोटो के साथ शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में दिव्यांगजन को बुलाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि 2011 की जनगणना में 116 292 दिव्यांगजन पंजीकृत हैं। प्रशासन द्वारा 26468 दिव्यांग मतदाताओं की संख्या बतायी जा रही है। उस हिसाब से 75 फीसदी दिव्यांगजन मतदाता नही बन सके है। निर्वाचन कार्यालय 26468 दिव्यांगजन को मतदान करवाने में फोकस कर रहा है। मतदाता सूची में शामिल होने के लिए शेष बचे दिव्यांगजन का नाम शामिल करवाने के मामले में निर्वाचन कार्यालय गम्भीर नहीं है।



# कांग्रेस को आईटी का 1700 करोड़ का नोटिस

## राहुल बोले, सरकार बदली तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई होगी, ये मेरी गारंटी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस को मिले इनकम टैक्स विभाग के नोटिस पर राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि जब सरकार बदलेगी तो 'लोकतंत्र का चीरहरण' करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। कार्रवाई ऐसी होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर हैशटैग #BJP Tax Terrorism लिखते हुए यह बात कही। दरअसल, इनकम टैक्स विभाग ने सुबह कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपए का नया डिमांड नोटिस जारी किया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं। नए नोटिस को लोकसभा चुनाव से पहले नकदी संकट से जूझ रही कांग्रेस के लिए झटका माना जा रहा है। एक दिन पहले 28 मार्च को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने टैक्स असेसमेंट को लेकर दायर कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी थी।



**1,297 लोगों ने बिना पते के दिया चंदा:** अजय माकन ने बताया, कांग्रेस पार्टी के सिर्फ 14 लाख रुपये के उल्लंघन के ऊपर आयकर विभाग ने 135 करोड़ रुपये छीन लिए। 2017-18 में भाजपा ने 1,297 लोगों से चंदा लिया। सूची में उन लोगों का कोई पता नहीं लिखा है। सिर्फ नाम लिखा गया है। नियम है कि चंदा देने वाले का नाम और पता, दोनों होने जरूरी हैं। इस तरह की राशि 42 करोड़ रुपये है। यह राशि देने वाले आदमी कहां रहते हैं, क्या वे पाकिस्तान में रहते हैं या हमारे देश में कहीं पर रहते हैं, उनका पता क्या है। ये किसी को मालूम नहीं है। यह तो नियमों का सरासर उल्लंघन है। आयकर विभाग ने 42 करोड़ रुपये के उल्लंघन के मामले में आंख पर पट्टी लगा ली है। दूसरी ओर, कांग्रेस पार्टी को मात्र 14 लाख रुपये के चंदे के मामले में इतनी बड़ी कार्रवाई कर दी। वह चंदा कांग्रेस के ही 23 लोगों ने, जो हमारे मेंबर ऑफ पार्लियामेंट थे, हमारे एमएलए थे, जमा कराया था। बाद में हमने उनके नाम, पेन नंबर और दूसरी डिटेल भी बताई थी। आयकर विभाग ने कुछ नहीं सुना और हमारे 135 करोड़ रुपये छीनकर ले गए। भाजपा को चंदा देने वाले 1,297 लोगों का तो पता ही नहीं है। 92 लोगों के तो नाम भी नहीं हैं।

### 2017-18 में भाजपा ने 42 करोड़ रुपए की जानकारी नहीं दी

- नोटिस मिलने के बाद शुक्रवार दोपहर में कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अजय माकन ने दावा किया, कल हमें आयकर विभाग से 1823 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए नोटिस आए हैं। ये पांच सालों के टैक्स का नोटिस है। वह तीन और सालों का बना रहे हैं। इस नोटिस में सीताराम केसरी के समय की 35 करोड़ की डिमांड भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जिस मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हीं के आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपए की वसूली करनी चाहिए।
- 2017-18 में हमारे 14 लाख रुपए के वॉयलेशन के ऊपर भाजपा के इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 135 करोड़ रुपए कांग्रेस के बैंक खाते से छीनकर ले गए। 2017-18 में ही भाजपा को 1 हजार 297 लोगों ने करीब 42 करोड़ रुपए का चंदा दिया।
- भाजपा ने इन लोगों का सिर्फ नाम लिखा और छोड़ दिया। इसके अंदर नाम और पता दोनों जानकारी देनी होती है। इनकम टैक्स ने इस वॉयलेशन पर अपने आंख पर पट्टी लगा ली। लेकिन हमारे 23 सांसदों और विधायकों ने जो 14 लाख रुपए कैश दिए उसके बेस पर हमारे 135 करोड़ रुपए छीनकर ले गए। जबकि हमने इसमें नाम पता सबकुछ बताया।

### पिछले दो साल में 253 डोनर्स के भाजपा ने नाम नहीं बताए

अजय ने कहा, 1 हजार 297 लोगों में से 92 लोगों के तो नाम भी नहीं हैं। ये 2017-18 का आंकड़ा है। इसके बाद हमने पिछले दो साल का एनालिसिस किया। पिछले दो सालों में 253 डोनर्स के नाम नहीं हैं। ढाई करोड़ रुपए की राशि ऐसे लोगों से ली गई है, जिनका नाम ही नहीं है। पिछले दो साल में 126 लोगों से 1.05 करोड़ रुपए लिया गया है जिनका नाम नहीं है। इलेक्शन कमिशन और इनकम टैक्स विभाग भाजपा की इन कमियों पर आंख मूंदकर बैठी हुई है और सिर्फ कांग्रेस नजर आती है।

### 4600 करोड़ रुपए की पेनल्टी बीजेपी के ऊपर लगनी चाहिए

बीजेपी की जितनी भी वॉयलेशंस हैं, उन्हें हम लोगों ने सारी की सारी वॉयलेशंस को उसी पैरामीटर से एनालाइज किया जिस तरह इन्होंने हमें किया। उसके ऊपर कितना इनकम टैक्स लगना चाहिए और कितना इंटरेस्ट (ब्याज) लगना चाहिए। पिछले 7 सालों का जो हम लोगों ने हिसाब लगाया है। उसके मुताबिक 4600 करोड़ रुपए की पेनल्टी बीजेपी के ऊपर लगनी चाहिए।

### कांग्रेस से 1823 करोड़ रुपए की डिमांड की गई

माकन ने कहा कि जब कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी जी थे। यानी 1993-94 के नोटिस हमें भेजे जा रहे हैं। हमें 53.9 करोड़ का डिमांड भेजा गया है। इस तरह से पिछले 5 साल और 3 साल का डिमांड और बनाया जा रहा है। कुल मिलाकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कांग्रेस से 1823 करोड़ रुपए की डिमांड की है। ये कहां का लेबल प्लेइंग फील्ड है। अगर नियम सबके लिए बराबर हैं तो भाजपा से 4600 करोड़ रुपए की डिमांड जारी करनी चाहिए।

# तमिलनाडु भाजपा कार्यकर्ताओं से पीएम मोदी ने की बात, लोकसभा चुनाव के लिए दिया जीत का मंत्र

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम मोदी नमो ऐप के माध्यम से तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता की है। उन्होंने इस दौरान कहा कि भाजपा तमिलनाडु के सभी कार्यकर्ता बहुत लंबे समय से वास्तव में अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने एनाथु बूथ, वलिमैयाना बूथ अभियान का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि इसका मतलब है कि मेरा बूथ सबसे मजबूत है। यह कार्यक्रम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ेगा और हमें एक-दूसरे से सीखने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि वैसे तो मैं जब भी तमिलनाडु आता हूं तो अपनी बात वणक्कम से शुरू करता हूं, लेकिन आज का वणक्कम मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि जब एक कार्यकर्ता दूसरे कार्यकर्ता का स्वागत वणक्कम से करता है तो कार्यकर्ताओं में अपनेपन का एहसास होता है। कोई भी व्यक्ति हो जब भी वह अपने



स्कूल के दोस्तों से मिलता है, तो 25 या 30 साल बाद भी कोई छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी एक-दूसरे से खुशी-खुशी मिलते हैं। इसी तरह जब कार्यकर्ताओं से जुड़ा कोई कार्यक्रम होता है तो मैं भी खुशी से भर जाता हूं। मैंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा आप सभी की तरह एक कार्यकर्ता के रूप में काम किया है और यही कारण है कि आज मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।

### मैं कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत देख रहा हूं

पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा के लिए जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है, उम्मीदवार तय हो गए हैं और मुद्दे स्पष्ट हैं। जब मैं पिछली बार सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए तमिलनाडु गया था, तो मुझे लोगों का आशीर्वाद मिला और इससे मुझे बहुत खुशी हुई। मैं कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत देख रहा हूं और मुझे ऐसे कार्यकर्ताओं पर गर्व है।

### विकास के मॉडल पर काम कर रही भाजपा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि जैसा कि आप जानते हैं कि भाजपा महिला नेतृत्व वाले विकास के मॉडल पर काम कर रही है। हमारी प्रतिबद्धता भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की है। महिलाएं इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुझे खुशी है कि भाजपा की महिला कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर रही हैं।

### ड्रग्स हमारे बच्चों के जीवन को बर्बाद कर देगा

इस दौरान उन्होंने ड्रग्स को लेकर भी बात की। उन्होंने इसके दुष्परिणाम के बारे में भी बात की। ड्रग्स हमारे बच्चों और हमारे परिवारों के जीवन को बर्बाद कर देगा। पिछले दिनों में जितनी भी नशीली दवाओं का जखीरा जब्त किया गया है, वह कहीं न कहीं इसके गॉडफादर से जुड़ा हुआ है। तमिलनाडु के लिए, यह बहुत चिंता का विषय है और इसलिए आप सभी को लोगों को यह भी बताना चाहिए कि हमें अपने परिवारों, अपने बच्चों और अपनी आने वाली पीढ़ियों को बचाना है। तमिलनाडु में जो नशीले पदार्थ प्रवेश कर रहे हैं, उनके खिलाफ लड़ने के लिए भाजपा ही काफी है।

# जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी, श्रीनगर-लेह हाईवे बंद

## एमपी-महाराष्ट्र-आंध्र के 5 शहरों में तापमान 40ए पार, 19 राज्यों में बूंदाबांदी की संभावना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में 29 मार्च से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हो रही है। शुक्रवार को राज्य के सोनमर्ग के हंग इलाके में एवलांच हुआ। इससे दो कारें बर्फ में फंस गईं। कार में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया गया। हालांकि, एवलांच से श्रीनगर-लेह हाईवे बंद हो गया है। भारतीय मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में 30 मार्च को भी भारी बारिश और बर्फबारी की आशंका जताई है। 19 राज्यों में बूंदाबांदी की संभावना है। उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट है। यहां आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, ओडिशा और सिक्किम में बादल छाए रहेंगे। इन राज्यों में गरज के साथ छिटपुट बारिश हो सकती है।




### अप्रैल-मई में भीषण गर्मी की आशंका

आईएमडी के वैज्ञानिक नरेश कुमार ने शुक्रवार कि अप्रैल-मई में तापमान सामान्य से ऊपर रहेगा। इस दौरान हीटवेव चलने की आशंका है। अप्रैल में देश के मध्य भाग में हीटवेव की स्थिति रहेगी। मई सीजन का सबसे गर्म महीना होगा। इस दौरान देश के उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में भीषण गर्मी पड़ सकती है।

### सबसे ज्यादा 5 गर्म शहरों में एमपी-महाराष्ट्र के 4 शहर

कुछ राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। सबसे ज्यादा गर्मी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के 5 शहरों में हैं। महाराष्ट्र के अकोला में 29 मार्च को 42.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। यह पूरे देश में सबसे ज्यादा है। इसके बाद मध्य प्रदेश का दमोह और गुना दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे। तापमान के मामले में आंध्र प्रदेश का नांद्याल चौथे और महाराष्ट्र का परभणी पांचवें नंबर पर रहा। इन सभी शहरों में पारा 40 डिग्री के ऊपर दर्ज किया गया। आईएमडी ने 30 मार्च को मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में 1 अप्रैल से गर्मी और उमस से राहत मिलने की संभावना है।

# राबड़ी की राह पर चल रहीं सुनीता केजरीवाल सीएम पद के लिए कर रहीं तैयारी: हरदीप पुरी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से सीएम पद को लेकर सियासत तेज है। इस बीच, केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल खासी सक्रिय हो गई हैं। शुक्रवार को सुनीता ने केजरीवाल को आशीर्वाद अभियान शुरू किया। उन्होंने एक व्हाट्सएप नंबर जारी कर आमजन से अरविंद केजरीवाल का समर्थन करने की अपील की है। उनकी सक्रियता को देखते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने सुनीता केजरीवाल पर तंज कसा है। हरदीप पुरी ने कहा कि सुनीता केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

### हरदीप पुरी ने लगाए गंभीर आरोप

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि सुनीता केजरीवाल ने अब अपने पति का पद संभालने की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने अपने साथियों को पीछे छोड़ दिया है। पुरी ने बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी से केजरीवाल की तुलना करते हुए कहा कि आप बिहार में ये पहले भी देख चुके हैं। वहां राबड़ी देवी ने लालू यादव के जेल जाने के बाद सीएम की कुर्सी संभाली थी। राजधानी दिल्ली में भाजपा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, आप जिस मैडम का नाम ले रहे हैं, वह शायद बिहार में राबड़ी देवी की तरह पद संभालने की तैयारी कर रही हैं। इस दौरान हरदीप पुरी ने दिल्ली में आप-कांग्रेस गठबंधन को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वे भ्रष्टाचार से लड़ने का वादा करके राजनीति में आए थे। अब उन्होंने सबसे भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। वे भाजपा को चुनौती नहीं दे सकते। कांग्रेस ने तो अभी यहां उम्मीदवार के नाम जारी नहीं किए हैं।

### दिल्ली में बढ़े प्रदूषण को लेकर आप पर लगाए आरोप

आगे हरदीप पुरी ने प्रदूषण को लेकर आप सरकार को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप के शासन में लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं और पार्टी आरोप-प्रत्यारोप में लगी हुई है। पुरी ने आगे कहा कि दिल्ली में प्रदूषण को लेकर पहले ये लोग पंजाब की सरकार को दोषी ठहराते थे। अब तो वहां भी इन्हीं की पार्टी की सरकार है।

## कम्युनिस्ट पार्टी को आयकर विभाग का नोटिस, 11 करोड़ भुगतान करने को कहा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को आयकर विभाग से एक नोटिस मिला है। नोटिस के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों के दौरान आयकर रिटर्न दाखिल करते समय पुराने पैन कार्ड का उपयोग करने के लिए पार्टी को 11 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने को कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग को भुगतान किए जाने वाले बकाए में जुर्माना और ब्याज शामिल है। कार्रवाई पार्टी की ओर से पुराने पैन कार्ड के उपयोग में विसंगतियों की वजह से की गई है। आयकर विभाग के नोटिस को चुनौती देने के लिए लेफ्ट पार्टी अपने वकीलों से बातचीत कर रही है। पार्टी ने कहा, हम इस मामले में कानूनी सहायता मांग रहे हैं।

## सत्येंद्र जैन की बढ़ीं मुश्किलें, महाठग सुकेश चंद्रशेखर से धन उगाही के मामले में होगी सीबीआई जांच

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सत्येंद्र जैन के खिलाफ महाठग सुकेश चंद्रशेखर से 10 करोड़ रुपये की उगाही के मामले में गृह मंत्रालय ने सीबीआई जांच को मंजूरी दे दी है। आप मंत्री सत्येंद्र जैन वर्तमान समय मे जेल में बंद हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस साल फरवरी में पीओसी अधिनियम की धारा 17ए के तहत जैन पर मुकदमा चलाने और जांच करने की मंजूरी देने के लिए सीबीआई का प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा था। आरोप है कि तिहाड़ जेल में बंद रहने के दौरान शांति और आराम से रहने के नाम पर पैसे मांगे गए थे। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने जैन को गिरफ्तार किया था। वह भी सुकेश के साथ जेल में बंद थे।

# एक अप्रैल को आरबीआई 2000 रूपये के नोट नहीं करेगा स्वीकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की है कि वह खातों के वार्षिक समापन के कारण 1 अप्रैल को 2,000 रुपये नोटों को एक्सचेंज और स्वीकार नहीं करेगा। आरबीआई ने कहा है कि यह सेवा 2 अप्रैल को फिर से शुरू होगी। आरबीआई ने एक बयान में कहा, खातों की वार्षिक क्लोजिंग के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में सोमवार, 1 अप्रैल, 2024 को 2,000 रुपये के बैंकनोटों को एक्सचेंज और जमा करने की सुविधा उपलब्ध नहीं मिलेगी। यह सुविधा मंगलवार, 2 अप्रैल, 2024 को फिर से शुरू होगी। आरबीआई की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 29 फरवरी 2024 तक, 2,000 रुपये



के नोटों का लगभग 97.62 प्रतिशत बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गया है। 19 मई 2023 को, आरबीआई ने 2,000 के बैंक नोटों को प्रचलन से बाहर करने का निर्णय लिया था और जनता से उन्हें बैंकों में जमा करने या अन्य मूल्यवर्ग के बैंकनोटों में एक्सचेंज करने का आग्रह किया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी क्लीन नोट पॉलिसी के तहत यह कदम उठाया था। हालांकि, आरबीआई ने अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना, तिरुवनंतपुरम, रांची और रायपुर जैसे प्रमुख स्थानों पर देश भर में अपने 19 कार्यालयों में 2000 रुपये के नोट जमा करने या बदलने की सुविधा देती है।

# दो ड्रेस की खराब सिलाई से महिला को मानसिक आघात, उपभोक्ता फोरम ने 5000 जुर्माना लगाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गुजरात के वडोदरा में शादी समारोह से पहले गलत तरीके से कपड़ों की सिलाई करने की दोषी महिला के बुटीक पर 5000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उपभोक्ता फोरम के मुताबिक बुटीक ने एक महिला के कपड़ों को गलत तरीके से सिलकर उसे **मानसिक आघात** पहुंचाया। इस कारण शादी समारोह के दौरान उसे दूसरे कपड़े पहनने पड़े। महिला के मुताबिक उसने 2017 में बुटीक से संपर्क किया, सेवाओं से असंतुष्ट होने के बाद उपभोक्ता फोरम में 2018 में मुकदमा किया। महिला के मुताबिक बुटीक के मालिक से उसके लिए नए ब्लाउज के टुकड़े खरीदने और उन्हें बिना किसी अतिरिक्त लागत के दोबारा कपड़े सिल कर देने से इनकार कर दिया। दलीलों को सुनने के बाद उपभोक्ता फोरम ने अपने आदेश में कहा, नोटिस मिलने के बावजूद विपक्षी पार्टी- बुटीक न तो सुनवाई के दौरान हाजिर हुआ और न ही शपथ पत्र दायर कर शिकायतकर्ता के दावों को चुनौती दी। वडोदरा जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (अतिरिक्त) ने 7 मार्च को पारित अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता महिला ने अपने भतीजे की शादी के दौरान ये कपड़े पहनने की योजना बनाई थी।

### सात साल पुराने मामले में आया आदेश

शिकायत करने वाली महिला की शिकायत पर उपभोक्ता फोरम ने कहा कि बुटीक महिला को सिलाई शुल्क के तीन हजार रुपये और कानूनी लागत के लिए 2000 रुपये का भुगतान करेगा। अहमदाबाद की दीपिका दवे ने अक्तूबर, 2017 में तीन मैचिंग ब्लाउज पीस के लिए बुटीक गई थीं। महिला का आरोप है कि उन्हें उनके कपड़े दूसरी दुकान से खरीदी गई तीन साड़ियों के साथ सिलकर मिलीं। महिला के मुताबिक उन्होंने अपनी बेटी का एक और ब्लाउज पीस के अलावा दो ड्रेस भी सिलाई के लिए दीं।

# मुंचिंगपुट साजिश मामले के आठवें आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**एनआईए ने कहा था कि जांच में चंद्रा के पास प्रतिबंधित संगठन द्वारा उपलब्ध कराई गई एक पिस्तौल और गोला-बारूद भी पाया गया था**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। विशाखापट्टनम

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आंध्र प्रदेश के मुंचिंगपुट साजिश मामले के आठवें आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। विशाखापट्टनम में विशेष एनआईए कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में एनआईए ने रामक्कागिरी चंद्रा पर भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं। ये मामला माओवादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करके युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश से जुड़ा है। गौरतलब है कि




राष्ट्रीय जांच एजेंसी इस मामले में मई 2021 में मूल चार्जशीट दायर की थी। तब से अब तक सात अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किए जा चुके हैं। अब आठवें आरोपी रामक्कागिरी चंद्रा के खिलाफ एनआईए ने चार्जशीट दाखिल की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि रामक्कागिरी चंद्रा ने आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर युवाओं को माओवादी विचारधारा के प्रति कट्टरपंथी बनाने और प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) को समर्थन देने की साजिश रची थी। जांच एजेंसी ने अपने बयान में यह भी बताया है कि चंद्रा प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के शीर्ष संगठन प्रगतिशील कार्मिक समाख्या (पीकेएस) की राज्य समिति का सदस्य भी था। इसके अलावा, वह प्रतिबंधित संगठन की गतिविधि को आगे बढ़ाने में भी लगा था। जांच एजेंसी ने यह भी बताया है कि उन्होंने आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले के कुटीगल्ला गांव में मारे गए माओवादी नेता एस ए रऊफ की एक प्रतिमा भी बनवाई थी। एनआईए ने कहा था कि जांच में चंद्रा के पास प्रतिबंधित संगठन द्वारा उपलब्ध कराई गई एक पिस्तौल और गोला-बारूद भी पाया गया था।

# जयशंकर से मिले यूक्रेनी विदेश मंत्री हैदराबाद हाउस में हुई दोनों के बीच बैठक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा गुरुवार को भारत पहुंचे। यह उनकी भारत की पहली यात्रा है। शुक्रवार को उन्होंने केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। हैदराबाद हाउस में जयशंकर ने यूक्रेनी विदेश मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, हैदराबाद हाउस में यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा का स्वागत है। आज हमारे बीच चर्चाएं होंगी। डिमित्रो कुलेबा के साथ बैठक में जयशंकर ने कहा, हाल के महीनों में हमने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि हमारे बीच चुछ विचार मिले और हमने अपने रिश्तों को थोड़ा गहरा किया। आज इस चर्चा के बाद



हम अंतरसरकारी आयोग की चर्चा का इंतजार कर रहे हैं। आपकी यात्रा से हमें आपके क्षेत्र में की स्थिति के बारे में जानने का मौका मिला। हमारी टीम ने इसपर चर्चा के लिए एजेंडा तैयार किया है। यूक्रेनी विदेश मंत्री कुलेबा ने कहा, भारत और यूक्रेन पारंपरिक मित्र रहे हैं। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि हम इससे भी बढ़कर कुछ कर सकते हैं और हमें करना चाहिए। न केवल अपने राष्ट्र के हितों के लिए बल्कि वैश्विक विकास के लिए भी करना चाहिए। हम नए क्षेत्रों को लेकर चर्चा के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की कई बार आपस में फोन पर बात कर चुके हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)